RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

9644811407, 8102020599O
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया
खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 153 | ग्वालियर सोमवार 13 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

# महाकुंभ का शुभारंभ : संगम पर सनातन का सबसे बड़ा समागम शुरू

## संगम पर बढ़ी भीड़; विदेशी श्रद्धालुओं ने भी किया पावन स्नान


**प्रयागराज।** विचारों, मतों, संस्कृतियों, परंपराओं स्वरूपों का गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी के तट पर महामिलन 45 दिन तक चलेगा। समुद्र मंथन के दौरान निकले कलश से छलकीं अमृत की चंद बूंदों से युगों पहले शुरू शुरू हुई कुंभ स्नान की परंपरा का सोमवार को आगाज हो गया है। दुनिया भर के धार्मिक आयोजनों में सबसे बड़ा यह मेला 26 फरवरी तक चलेगा।

दरिया पर तैरती पुलिस चौकी

उत्तर प्रदेश पुलिस ने श्रद्धालुओं की मदद के लिए एक विशेष अस्थायी पुलिस चौकी का निर्माण किया है। दरिया पर तैरती पुलिस चौकी सुरक्षा-व्यवस्था का हिस्सा है।

**घाट पर बढ़ती भीड़ और...**

मेला क्षेत्र में आने वाली भीड़ के बीच श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरएएफ, पुलिस और सीआरपीएफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं। महाकुंभ में पहले स्नान को लेकर रात-भर से जमे श्रद्धालु संगम की ओर बढ़ रहे हैं। अब भीड़ बढ़ने लगी है।





महाकुंभ में पहले स्नान को लेकर उम्रदराज लोगों में भी गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। कड़ाके की ठंड के बाद भी बुजुर्ग पुरुष और महिलाएं गहरे आस्था भाव से स्नान के लिए संगम की ओर बढ़ रहे हैं।

पौष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आज %शाही स्नान% के साथ महाकुंभ 2025 शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एनडीआरएफ टीमें और उत्तर प्रदेश पुलिस की जल पुलिस जगह-जगह तैनात की गई है। विदेशी श्रद्धालुओं के एक समूह ने भी पवित्र स्नान किया। दुनिया में मनुष्यों का सबसे बड़ा जमाव आज पौष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शाही स्नान के साथ शुरू हो गया है। महाकुंभ के पहले स्नान को लेकर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखा जा रहा है। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं आस्था की डुबकी लगाने के लिए गंगा-मैया के गीत गाते हुए संगम की ओर बढ़े जा रहे हैं।

**ब्राजील के श्रद्धालु ने लगाई डुबकी :** महाकुंभ 2025 के पहले दिन संगम पर डुबकी गलाने के बाद ब्राजील के एक भक्त फ्रांसिस्को ने कहा- मैं योग का अभ्यास करता हूं और मैं मोक्ष की तलाश में हूं। यह आश्चर्यजनक है, भारत दुनिया का आध्यात्मिक दिल है। पानी ठंडा है लेकिन दिल गर्मी से भरा है।

# युवा दिवस के अवसर पर निःशुल्क लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया

## क्षत्रिय समाज शिक्षा के नये आयाम गढ़ेगा ।

## नशामुक्त राष्ट्र , नशामुक्त युवा की सपथ दिलाई



दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

ग्वालियर, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी आबोध सिंह तोमर ने बताया कि दिनांक 12 जनवरी 2024 को युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महा सभा द्वारा निशुल्क लायब्रेरी का सनवीम् स्कूल के पास काल्पी ब्रिज कॉलोनी मे उद्धघाटन किया , एवं नशामुक्त राष्ट ,नशामुक्त युवा का संकल्प दिलाया गया , इस कार्यक्रम मे मुख्य अथिति के रूप मे माननीय महापौर शोभा सतीश सिकरवार अध्यक्षता श्री राजेश सिंह तोमर विशिष्ट अथिति रूप में मनीष काले जी ( राष्ट्रीय महामंत्री जनहित पार्टी) , मंजुलता जितेंद्र कुशवाह ( पार्षद) , सुरेंद्र सिंह तोमर (राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा), डॉ. शत्रुघ्न सिंह तोमर, डॉ. सीताराम सिंह तोमर , डॉ. अतुल सिंह भदौरिया मुख्य रूप से उपस्थित थे । महापौर द्वारा निशुल्क लाइब्रेरी का उद्धघाटन आज दिनांक 12 जनवरी 2025 को काल्पी ब्रिज कॉलोनी सनवीम स्कूल के पास किया गया, उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हमे बड़ो का आदर सम्मान पैर छूकर करना चाहिए एवं संस्कारो को नही भूलना चाहिए , इस अवसर पर , सर्व श्री छोटे सिंह तोमर, सुखवीर सिंह तोमर, कृष्णपाल सिंह जादौन, लोकेन्द्र सिंह तोमर, सतेंद्र सिंह भदौरिया , राघवेंद्र सिंह जादौन , योगेंद्र सिंह परिहार राष्ट्रीय महामंत्री, गुड्डु तोमर, योगेंद्र सिंह सेंगर,चंद्रेश पवैया, बबलू सेंगर, संदीप परमार, गोपाल परमार, आदि

## मुख्यमंत्री आतिशी आज करेंगी नामांकन



**दिल्ली** । दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना कालकाजी विधानसभा सीट के लिए आज नामंकन दाखिल करेंगी। वे पहले मंदिर जाएंगी और फिर गुरुद्वारे में कामना के बाद नामांकन के लिए डीएम कार्यलय पहुंचेंगी। कालकाजी विधानसभा सीट से प्रत्याशी व मुख्यमंत्री आतिशी ने चुनाव लड़ने के लिए क्राउड फंडिंग कैंपेन की शुरुआत की है। उन्होंने 40 लाख रुपये जुटाने की बात कही है। आतिशी ने दिल्ली व देशभर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि गलत तरीके से रुपये इकट्ठा करना एक मुख्यमंत्री के लिए बहुत आसान है, लेकिन हम ऐसा नहीं करते।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा दें हर संभव योगदान : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का किया शुभारंभ

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवा, हमेशा से ही देश और समाज को समर्पित रहे हैं। अंग्रेजों के विरूद्ध स्वतंत्रता संग्राम हो या अन्य आक्रांताओं के विरोध के समय, युवाओं ने आवश्यकता होने पर देश और समाज के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर धर्म, संस्कृति और जीवन मूल्यों को सुरक्षित रखा है। वर्तमान समय भारत को विश्व में विकसित देश के रूप में स्थापित करने का समय है। यह हमारा सौभाग्य है कि देश को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व और मार्गदर्शन प्राप्त है। उन्होंने आह्वान किया कि युवा अपनी क्षमता, योग्यता और परिश्रम से वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के प्रति समर्पित भाव से अपनी-अपनी विधाओं के क्षेत्र में हरसंभव योगदान दें। प्रधानमंत्री श्री मोदी के ध्येय वाक्य **ज्ञान पर ध्यान** के अंतर्गत गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को आत्मनिर्भर और



सशक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। देश की प्रगति के लिए युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा देने के उद्देश्य से ही प्रदेश में स्वामी विवेकानंद जयंती-राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर **स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन** आरंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रवीन्द्र भवन भोपाल में युवा शक्ति मिशन के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरू और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं युवा उपस्थित थे।

**युवा पोर्टल किया लांच और युवाओं को दिलाई शपथ :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आत्म दीपो भव - संवाद, सामर्थ्य, समृद्धि के मिशन के वाक्य पर आधारित युवा शक्ति मिशन के लोगो का अनावरण किया। उन्होंने युवाओं को कौशलयुक्त व आत्मनिर्भर बनने तथा अपने जीवन रूपी दीपक को प्रज्ज्वलित कर समाज का पथ प्रदर्शन करने की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मिशन के थीम साँग तथा युवाओं को विभिन्न विभागों की जानकारियां प्रदान के उद्देश्य से विकसित युवा पोर्टल भी लोकार्पित किया। साथ ही युवा वर्ग के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य केलिए लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विकसित उमंग वेलनेस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उमंग पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

# शहीद के सम्मान में मशाल यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ

## अंबाह ग्राम रूअर में शहीद के सम्मान में आयोजित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

9009601101.



मुरैना-/- श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस पर शहीद के सम्मान में मशाल यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में कृष्णभक्त शामिल हुए यात्रा का राधे राधे के जयकारों, मंत्रोच्चारण और भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ीं कथा का बाचन पं.रामबरन शास्त्री जी महाराज ने किया मशाल यात्रा एवं कलश यात्रा के दौरान भक्तगण पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे दिखाई दिए, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति का माहौल व्याप्त हो गया। कलश यात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों की ध्वनि, शंखनाद और धार्मिक भजनों से पूरा वातावरण गूंज उठा, जिससे यात्रा को देखने वालों के मन में भक्ति का भाव जागृत हो गया। भव्य, दिव्य, विराट, अद्भुत, अतुल्य, अविस्मरणीय भक्तों का धर्म के प्रति प्रेम देखकर महाराज श्री भावविभोर हो गए ।।

## छत्तीसगढ़ - मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच नक्सली मारे गए। पुलिस के मुताबिक बांदेपाड़ा-कोरंजेड गांव के जंगल में सुबह उस समय मुठभेड़ शुरू हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। घटनास्थल से वर्दी पहने दो महिलाओं समेत पांच नक्सलियों के शव बरामद किए गए। उधर, एक अन्य मामले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में रविवार को दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना में शामिल उग्रवादियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान जारी है।

# आज का भारत दुनिया के लिए बना उदाहरण : धनखड़

**गुरुग्राम।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि युवा इच्छा शक्ति के आधार पर सपनों को साकार करने में अवश्य सफल हो सकते हैं। आर्थिक विकास और लोगों की बढ़ती अपेक्षाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों ने पिछले 10 वर्षों में विकास का स्वाद चखा है। अब उनकी उन्नति की उम्मीदें और बढ़ गई है। हमारा भारत बदल रहा है। यह इतना बदल चुका है कि हम जैसे लोग कभी कल्पना भी नहीं कर सकते थे। आज हमारा देश दुनिया के लिए एक उदाहरण बन चुका है।

वे रविवार को प्रबंधन शिक्षण संस्थान मास्टर्स यूनियन के चौथे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार रख रहे थे।





लोकतंत्र को प्रभावी बनाने में युवाओं की भूमिका और संसद के प्रतिनिधियों और जन प्रतिनिधियों के कर्तव्यों को दोहराते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि आप मुझे संविधान सभा की याद दिलाते हैं। जिन्होंने कठिन मुद्दों पर चर्चा की। सहमति प्राप्त करना आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने बहस, संवाद, विचार-विमर्श और चर्चा में विश्वास किया।

इस पर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को मैनेजमेंट पाठ्यक्रम पूरा करने की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारा देश करीब पांच हजार साल पुरानी सभ्यता की विरासत को साथ लेकर चल रहा है। उपराष्ट्रपति ने राज्य के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और जिला उपायुक्त अजय कुमार से कहा कि गुरुग्राम में सभी मूलभूत नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इसे ग्रीन ग्राम बनाना है। इस दौरान 200 से अधिक छात्रों ने पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) इन बिजनेस एंड टेक्नोलॉजी से ग्रेजुएट की डिग्री हासिल की।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति के साथ मंच पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल, राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल, मास्टर्स यूनियन के संस्थापक प्रथम मित्तल, जिला परिषद की चेयरपर्सन दीपाली चौधरी, डीसीपी नाजनीन भसीन, एसडीएम रविंद्र कुमार मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर व्याख्यान माला सम्पन्न

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन





**अंबाह** /मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की सहयोगी नवांकुर मदर संस्था सक्षम फाउंडेशन अंबाह द्वारा सी एम राइज स्कूल अंबाह में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया व्याख्यान माला का विषय रखा गया वर्तमान संदर्भ में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों की उपयोगिता रखा गया सर्व प्रथम स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित अतिथियों के स्वागत पश्चात , परामर्श दाता नेहा तोमर द्वारा अपना वक्तव्य रखते हुए कहा गया कि स्वामी जी द्वारा कहा गया कि युवा राष्ट्र का भविष्य होता हैं और युवा होने के लिए कोई उम्र निश्चित नहीं होती यदि कोई अस्सी साल का उम्र दराज आदमी भी यदि युवा जैसे विचार रखता हैं तो उसे युवा कहा जाएगा और यदि आदमी 25 वर्ष का युवा हो और उसके विचार नकारात्मक है तो उसको युवा नहीं कहा जा सकता , अगली कड़ी में द्वह्य2 के छात्र कुलदीप शर्मा द्वारा स्वामी जी के शिकागो सम्मेलन की घटना बताते हुए कहा कि एक महिला ने अमेरिका में कैसे शादी के लिए कहा तो स्वामी जी ने बड़ी सहजत से उसको मना कर दिया और वो स्वामी जी की शिष्या बन गई व्याख्यान माला के अगली कड़ी में रिंकी तोमर द्वारा अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वामी जी की स्मरण शक्ति इतनी तीव्र थी कि पूरी पुस्तक को एक बार पड़ कर द्वारा हु व हूं लिख सकते थे,द्वह्य2 के छात्र आनंद तोमर द्वारा कविता पाठ कर समा बाद दिया व्याख्यान माला की कड़ी में डॉ लाल सिंह किरार द्वारा अपनी बात रखते हुए उनके बचपन की एक घटना को बताते हुए कैसे उनका गुरु का सानिध्य प्राप्त हुआ तथा किस प्रकार उन्होंने शिकागो धर्म सम्मेलन में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की तथा अपने वक्तव्य कला से सब को प्रभावित किया तथा नरेंद्र देव से स्वामी विवेकानंद बनने की यात्रा को सहज रूप से पूरा कर के 4 जुलाई 1902 को दुनियां को अलविदा कह हम सब को छोड़ कर परलोक गमन को रवाना हुए कार्यक्रम का संचालन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक रामकेश सिंह सिकरवार द्वारा किया गया व्याख्यान माला में राधा चरण सिंह तोमर, गिरजा शंकर शर्मा, प्रेम दीप कुलश्रेष्ठ, सुशील कुमार छारी, भीमसेन तोमर, आनंद सिंह तोमर, पोतीराम, अजय कुमार, अरविंद छारी, राघवेंद्र तोमर, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, शिल्पी , पल्लवी शर्मा, रिंकी तोमर आदि लोग उपस्थित रहे।

# यूथ हॉस्टल्स ग्वालियर ने मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

9009601101





ग्वालियर यूथ हॉस्टल्स ग्वालियर ने द्वारा आज थाटीपुर स्थित युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर अपने सदस्यों, पदाधिकारियों और संरक्षक रमेश अग्रवाल जी पूर्व विधायक ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । रमेश अग्रवाल जी ने विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने के लिए सभी से आग्रह किया। विवेकानंद जी द्वारा शिकागो सम्मेलन में देश की गरिमा को सर्वोच्च स्थान पर पहुंचने के पुनीत कार्य को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संस्था सचिव रामनारायण मिश्रा एवं चेयरमैन शैलेंद्र माहौर ने याद किया। कार्यक्रम में सुनील राय , सतीश अग्रवाल, बादल मजूमदार , जयदेव गुप्ता , संतोष दास , धर्मेन्द्र शर्मा, मुकेश अग्रवाल , अर्जुन जाटव, अजय गुप्ता, रविंद्र राजपूत , प्रदीप सगरिया ने भी माल्यापर्ण किया।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर सोमवार, 13 जनवरी 2025 खबरें बेबाक, बेख़ौफ़, बेझिझक



# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक शिव मंदिर ब्लॉक कॉलोनी में संपन्न हुई

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001






**श्योपुर** जिले के नगर की विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक शिव मंदिर ब्लाक कालोनी में संपन्न हुई जिसमें वार्षिक कार्यक्रम धर्म रक्षा निधि 1 जनवरी से 20 जनवरी तक होना तय हे आज बैठक में नगर की योजना नगर के कार्यकर्ताओं के साथ तय की गई और हर हिंदू परिवार से धर्म रक्षा निधि लेने का संकल्प लिया, ओर बैठक में संगठन विस्तार हेतु नगर की नवीन घोषणा की गई जिसमें मुख्य रूप से प्रांत की मातृ शक्ति संयोजिका दीदी अनीता सिकरवार जी, विभाग संगठन मंत्री आदरणीय राजेंद्र सिसोदिया जी, बजरंग दल जिला सह संयोजक कुलदीप सिंह सिसोदिया जी और बजरंग दल नगर संयोजक विशंभर राजपूत जी उपस्थित रहे ,इन सभी की उपस्थिति में,नगर की नवीन कार्यकारिणी घोषित हुई जिसमें,नगर सह संयोजक भूपेंद्र सिंह कराड़िया,नगर सह मंत्री सत्येंद्र त्यागी, नगर सह संयोजक सुरेंद्र सेन,नगर सह गौ सेवा प्रमुख सुरेंद्र खटीक, नगर गोरक्षा प्रमुख निखिल धूलिया,नगर सह गौ रक्षा प्रमुख गिर्राज प्रजापति, नगर प्रचार प्रसार प्रमुख रोहित सुमन, नगर सह प्रचार प्रसार प्रमुख पियूष सोनी, नगर सुरक्षा प्रमुख नंदकिशोर मीणा, नगर सह सुरक्षा प्रमुख दिलीप प्रजापति, नगर सह सुरक्षा प्रमुख रवि शर्मा, नगर सेवा प्रमुख विवेक शुक्ला, नगर सह सेवा प्रमुख सुनील मीणा, नगर सह विद्यालय प्रमुख रोहित मीणा, नागदा ग्राम ग्राम अध्यक्ष राम लखन गोस्वामी जी का दायित्व दिया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने अपने अपने स्वयं का दर्पण ओर अपना लक्ष्य लिया।

## नशा मुक्त अभियान के तहत हुई सफल मैराथन

# हम सभी की जिम्मेवारी, ग्वालियर शहर नशा मुक्त हो: अरविन्द सक्सेना

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**ग्वालियर** आज स्वामी विवेकानंद जी की 162वीं जयंती के अवसर पर विभिन्न संगठनों ने नशा मुक्त ग्वालियर अभियान के तहत मैराथन दौड़ आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्वालियर को नशा मुक्त करना है। यह बात रविवार को जेसी मिल स्कूल मैदान हजीरा पर आयोजित कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर ग्वालियर के पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविन्द्र सक्सेना ने कही। उन्होने कहा कि देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है और युवाओं में नशे का प्रचलन बढ़ा है। हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि ग्वालियर शहर नशा मुक्त हो।

उन्होने कहा कि आप सब लोग ग्वालियर के प्रमुख मार्गों से जब निलकेंगे तब ग्वालियर के जन-जन तक नशा मुक्त ग्वालियर का संदेश पहुंचेगा। नशा एक काफी बड़ी समस्या बन गयी है। युवा नशा छोडक़र रचनात्मक कार्यों में लगे। नशा मुक्त ग्वालियर अभियान के आयोजकों एवं मैराथन में भाग ले रहे धावकों, आमजनों एवं खासतौर पर मातृशक्ति को शुभकामानाएं देता हूँ कि इतनी कड़ाके की ठण्ड के बाबजूद आप सब लोग इस समस्या के निदान के लिये इतनी सुबह मैदान पर आये।

**नशा एक अभिशाप है, ग्वालियर को नशा मुक्त बनाना है ङ्क श्रीमती रूचिका चौहान :** इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने नशा मुक्त ग्वालियर अभियान के आयोजकों को इस कार्यक्रम के लिये बधाई दी। उन्होने कहा कि कुछ युवा अपने परिचित मित्रों पर रौब जमाने के लिये नशा शुरू कर देते है। नशे से कई परिवार उजड़ जाते हैं, नशा एक अभिशाप है। समाज ऐसे कार्यक्रमों से जागरूक होगा और हमें इस अभियान में विजय मिलेगी। हम ऐसे अभियानों के माध्यम से उन लोगो को जो नशा करते है उन्हें नशे के बुरे चक्र से बाहर निकलेंगे। उन्होंने कहा कि इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त ग्वालियर है। हमें अपने समाज से इस बुराई को दूर करना है एवं स्वस्थ रहना है।

**जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में युवक व युवतियों ने लिया मैराथन में भाग :** रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर नशा मुक्ति के लिये आयोजित मैराथन दौड़ में जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में युवक व युवतियों ने भाग लिया। जेसी मिल स्कूल मैदान से प्रारंभ हुई मैराथन लक्ष्मीबाई समाधि स्थल पर समाप्त हुई। मैराथन में हजारों की संख्या में भाग लेकर नशा मुक्त ग्वालियर का संदेश दिया।

यह लिया संकल्प: आमजन से नशा मुक्त होने का संकल्प अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री दीपेन्द्र सिंह कुशवाह ने हाथ उठाकर कराया । मैं...... नाम.........संकल्प लेता हूँ कि परमात्मा को साक्षी मानकर मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि इस नशा मुक्ति अभियान के निमित्त, मैं स्वयं, अपने परिवार, अपने मित्रों को, नशा मुक्त बनाऊंगा एवं ग्वालियर को नशा मुक्त बनाने के लिये हर संभव प्रयास करूंगा। वंदे मातरम्।

पुलिस महानिरीक्षक एवं कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर मैराथन को रवाना किया: पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविन्द्र सक्सेना एवं कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर सुबह 9ः30 बजे मैराथन को जेसी मिल स्कूल मैदान से रवाना किया। प्रारंभ में चिकित्सक सहित एम्बूलेंस उसके बाद स्वामी विवेकानंद का चित्र लगा वाहन दिव्यांग धावक, मातृशक्ति धावक एवं बाद में आमजन दौड़े। यह मैराथन प्रतिस्पर्धात्मक न होकर नशा मुक्त ग्वालियर के संदेश देने के लिये थी। मार्ग में मैराथन में भाग ले रहे धावकों एवं आमजनों का जगह जगह मंच लगाकर विभिन्न संगठनों एवं क्षेत्रीय जनता ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

मैराथन दौड़ के अवसर पर शहर के जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन भी रहे मौजूद : मैराथन दौड़ के अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया, पूर्व सांसद श्री विवेक शेजवलकर, जिला अध्यक्ष श्री अभय चौधरी, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर एवं सर्वश्री केशव सिंह भदौरिया, मुन्नालाल गोयल, देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर, सुमन शर्मा, कमल माखीजानी, बृजराज सिंह एवं राष्टीयस्तर पर ग्वालियर नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी सर्वश्री दीपक शर्मा, संजीव कोटिया, अरविन्द रजक, निरंजन सिंह, प्रमोद धनेले, विषाखा पाराशर, धर्मेन्द्र अहिरवार, राजेश शर्मा, रजनी प्रजापति, प्रिंस यादव, अखिलेश तोमर, यश यादव, हिमांशी कुमारी, शशि चौहान, पिंकी तोमर व शाम्भवी त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

# युवाओ के लिए अहम क्या है?

**समाजसेवी अरुणेश सिंह भदौरिया राष्ट्रीय अध्यक्ष जनशक्ति वेलफेयर सोसायटी**




आज का युवा जिस दिशा में जा रहा है, वह कई चिंताओं को जन्म देता है। पढ़ाई के बाद या उसके दौरान, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे इंस्टाग्राम, यूट्यूब, और ट्विटर पर फॉलोअर्स बढ़ाने की होड़ ने कई युवाओं का ध्यान अपने कैरियर से हटा दिया है। यह देखकर हैरानी होती है कि इन प्लेटफॉर्म्स पर बहुत कम ही लोग सफल होते हैं, फिर भी करोड़ों युवा इस दिशा में अपना समय और ऊर्जा खर्च कर रहे हैं। इसके अलावा, डिजिटल उपकरणों का अधिक उपयोग और ङ्क किरणों के संपर्क में रहने से स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। रील्स बनाने और सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध होने की चाहत में कई युवा अपनी वास्तविक क्षमता और लक्ष्य से भटक रहे हैं।

यदि युवा उतना ही समय अपने कैरियर को बनाने में लगाएं, तो एक उज्जवल भविष्य की संभावना बढ़ सकती है। प्रेरणा लेना और सही दिशा में प्रयास करना आवश्यक है, लेकिन केवल फॉलोअर्स बढ़ाने की होड़ में जीवन के असली लक्ष्यों को नहीं भूलना चाहिए। युवा वर्ग को अपनी संगत और सोच पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि एक सकारात्मक दृष्टिकोण ही उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

# युवा दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय मुरार में हुआ जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार व प्राणायाम कार्यक्रम

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9009601101






**ग्वालियर** -/- स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 12 जनवरी को हर साल की तरह इस साल भी युवा दिवस के रूप में मनाया गया। युवा दिवस पर जिले की शैक्षणिक संस्थाओं, पंचायतों तथा आश्रम शालाओं आदि में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर उत्कृष्ट विद्यालय मुरार के प्रांगण में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव, संभाग आयुक्त मनोज खत्री, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, एसएसपी धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार एवं पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सिंह, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण दीपक पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने बच्चों के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

आरंभ में अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पाहार अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिले के अन्य स्कूलों के बच्चों और युवाओं ने नई उर्जा और उत्साह के साथ विभिन्न विद्यालयों के प्रांगण में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया।

आकाशवाणी के जरिए सुना मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उदबोधन

युवा दिवस पर आकाशवाणी से प्रसारित हो रहे संदेश पर उत्कृष्ट विद्यालय मुरार में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार व प्राणायाम का आयोजन हुआ। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम व उसके बाद स्वामी विवेकानंद की वाणी का प्रसारण एवं मध्यप्रदेश गान के सामूहिक गायन से हुआ। इसी कड़ी में आकाशवाणी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का प्रसारण भी हुआ। इसके बाद सूर्य नमस्कार के तीन चक्र हुए। सूर्य नमस्कार के पश्चात सामूहिक रूप से प्राणायाम भी कराये गए।

# ग्वालियर महापौर ने किया मेले में भारत की सबसे बड़ी बच्चे बचाओ आन्दोलन प्रदर्शनी का उद्घाटन




**ग्वालियर** -/- ऐतिहासिक व्यापार मेले में भारत की सबसे बड़ी बच्चे बचाओ आन्दोलन प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्वालियर महापौर शोभा सतीश सिकरवार द्वारा किया गया, जिसमे गांधीवादी डॉ देवेंद्र शर्मा ,कांग्रेस नेता सुनील शर्मा ,डॉ राम पांडे,सुरेन्द्र यादव एवं वरिष्ठजन समाजसेवी भी शामिल हुए विष्णु कान्त शर्मा (गांधीवादी) संयोजक ,बच्चे बचाओ आन्दोलन ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि शोर मचाओ बच्चे बचाओ आन्दोलन प्रदर्शनी 1000 वर्ग फुट में मेले में लगाई गई हैं जिसमें 45 दिनों में लाखों लोग विजिट करेंगें ङ्घ ग्वालियर सहित प्रदेश में बच्चे ,महिलाऐं ,बेटियों पर हो रहे अन्याय की स्थिति आंकड़ो के साथ दर्शाई गई जिसमे मान्यनीय की आँखे खुले मामले को गंभीरता लेकर सरकार ठोस कदम उठाएं और बच्चों की चोरी,बेटियों से दुष्कर्म , महिलाओं गायब होने की घटना रुकें साथ ङ्कसाथ सरकार बच्चों की शिक्षा को सुधार करें क्यों कि पिछले 14 साल में 46 लाख से ज्यादा बच्चो ने स्कूल छोड़ा यह म.प्र. के लिए बहुत ही भयाभव स्थिति हैं सरकारी स्कूलों में मूलभूत सुविधाएँ जैसे शिक्षक,लाइट , पानी ,टेबल कुर्शी , टॉयलेट इत्यादि नहीं होने की वजह से ऐसी स्थिति बनी क्यों कि हाल की केंद्र सरकार की रिपोर्ट कंहा गया कि म.प्र. के 13 हज़ार 198 स्कूलों में केवल एक ही शिक्षक हैं दूसरा म.प्र. में 2621स्कूलों में शिक्षक ही नहीं तो ऐसे सरकारी स्कूलों में कौन माता ङ्कपिता अपने बच्चो को पढाना पसंद करेगा ?

प्रदर्शनी में गौमाता बचाओ आन्दोलन की शुरुआत में कुछ तथ्य रखे हैं ग्वालियर में 15,000 हेक्टयर गौचर भूमि दबंगों ने साथ गांठ से कब्ज़ा करलिया हैं यह कितनी शर्मनाक बात हैं गौचर और मंदिरों की भूमि पर कोई कैसे कब्ज़ा कर सकता हैं।

# स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के द्वारा किया गया संतों का सम्मान ?.

अशोक सोनी-/ देनिक केसरिया हिंदुस्तान 9009601101





**ग्वालियर**-. स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर आज स्वामी विवेकानंद चौराहा ठाठीपुर पर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के अध्यक्ष नूतन श्रीवास्तव ने बताया सबसे पहले उनका दूध दही घी शहद शक्कर से अभिषेक किया गया उसके बाद उनकी परंपरागत वेशभूषा भगवा वस्त्र पहनाए गए उसके बाद माला अर्पण किया गया माल्या अर्पण करने के बाद संतो के प्रवचन हुए संतो के प्रवचन के बाद उनका सम्मान किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्वालियर के सांसद भरत सिंह कुशवाहा उपस्थित हुए स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के अध्यक्ष नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि आज जिन संतों का सम्मान किया किया गया उनमें संत कृपाल सिंह ,ढोली बुआ महाराज, जगद्गुरु आनंदेश्वर महाराज, ब्रह्मकुमारी प्रहलाद भाई, भागवत आचार्य सच्चिदानंद शास्त्री ,पंडित घनश्याम दास शास्त्री ,भजन गायक राकेश जैन, राम उपाध्याय ,पंडित विनोद शर्मा आदि का स्मृति चिन्ह शॉल श्रीफल एवं माला पहनकर सम्मान किया गया इस अवसर पर रामेश्वर भदोरिया दिनेश दीक्षित पवन भटनागर अशोक सक्सेना पंकज श्रीवास्तव पवन जाट घनश्याम पंत राजू गुर्जर श्रीमती निष्ठा सिंह श्रीमती सरोज पवैया श्रीमती सीमा मेहर श्रीमती रेखा शुक्ला प्रदीप भटनागर संदीप सागोरिया ज्ञान प्रकाश सक्सेना रवि श्रीवास्तव डॉ राजीव श्रीवास्तव केपी श्रीवास्तव रामसेवक श्रीवास्तव गुड्डू श्रीवास्तव को सागर श्रीवास्तव बृजेश सक्सेना श्याम मोहन श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव शुभम त्रिपाठी महेश सक्सेना ऋषभ कटारे शिशुपाल यादव दीपक श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे।।

# ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सिविल अस्पताल हजीरा तथा एलिवेटेड रोड का निरीक्षण किया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9009601101

**ग्वालियर** /-/ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार की सुबह सिविल अस्पताल हजीरा तथा एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सिविल अस्पताल हजीरा निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री के साथ अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर प्रशांत नायक, आईसीयू प्रभारी डॉक्टर वीरपाल यादव, डॉक्टर आलोक यादव मौजूद रहे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर सुबह सिविल अस्पताल हजीरा पहुंचे यहां उन्होंने गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू), शिशु वार्ड, महिला वार्ड में भर्ती मरीज बृजेन्द्र सिंह गुर्जर से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य, भोजन और नाश्ते की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि ठंड के मौसम में किसी मरीज को कोई असुविधा न हो।

इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अस्पताल के रसोई घर का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने



निरिक्षण के दौरान सिविल अस्पताल हजीरा के रसोई घर में भी मरीजों को दिए जाने बाले दलिया,चाय, नाश्ता का भी जायजा लिया और निर्देश दिए कि रसोई घर में किसी भी सामग्री की कमी न हो ! ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस अवसर पर कहा कि आपके सेवक का प्रयास है कि हर मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें और अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों। आपकी सेवा ही मेरा संकल्प है।



इस दौरान उन्होंने हर रविवार को हजीरा सिविल अस्पताल को अपनी निःशुल्क सेवाएं देने वाले मैक्स अस्पताल दिल्ली हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नवीन भामरी से मुलाकात कर कृतज्ञता व्यक्त करते हुए नमन किया। उल्लेखनीय है कि मैक्स अस्पताल दिल्ली से आकर डॉक्टर नवीन भामरी द्वारा हर रविवार को हजीरा सिविल अस्पताल में हृदय रोगियों के उपचार किया जाता है। रविवार को उन्होंने लगभग दो दर्जन हृदय रोगियों की ईको, ईसीजी सहित अन्य जांचें निःशुल्क की तथा आवश्यक उपचार सलाह दी।

एलिवेटेड रोड का निर्माण भी देखा: ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रमटापुरा पहुंचकर एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता को देखा। इस अवसर पर उन्होंने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि एलिवेटेड रोड का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। इस दौरान ऊर्जा मंत्री के साथ अनुविभागीय दंडाधिकारी श्री अतुल सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम श्री विजयराज , कार्यपालन यंत्री सेतु निर्माण, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग तथा कार्यपालन यंत्री मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी भी मौजूद रहे।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर सोमवार, 13 जनवरी 2025 खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक


युवा दिवस पर जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित

# सांसद, विधायक सहित सैकड़ो छात्र छात्राओं ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार






**सीधी।** युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2025 को सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन गॉव से लेकर शहर तक बड़े ही उत्साह के साथ आयोजित किया गया। जिलास्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उ'चतर मा.वि. क्रमांक 1 सीधी के मैदान में सम्पन्न हुआ। बैठक व्यवस्था के पश्चात अतिथिगणों द्वारा दीप प्र'वलन कर मॉ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर माल्यार्पण अतिथियों द्वारा किया गया। तद्पश्चात 9.25 से 9.×0 तक अतिथिगणों का उद्बोधन पश्चात 9.×0 मिनट से 10.15 मिनट के मध्य राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का गायन स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, मुख्यमंत्री जी का संदेश, सामूहिक सूर्य नमस्कार तथा 10.15 से 10.×0 बजे तक आभार एवं कार्यक्रम समापन किया गया। मंच पर योग गुरू श्रवण शुक्ला के द्वारा योग का महत्व, उसका व्यवहारिक जीवन में लाभ एवम सूर्य नमस्कार करने के पीछे के महत्व से आए हुए अतिथियों को अवगत किया गया। इसके साथ ही जारी दिशा निर्देश के अनुसार सामुहिक सूर्य नमस्कार कराया गया। श्रवण शुक्ला द्वारा कार्यक्रम में बड़े ही मनोहारी ढंग से सफल मंच संचालन किया गया। वहीं कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मंच पर आशीन स्थानीय विधायक श्रीमती रीती पाठक, सांसद डॉ.राजेश मिश्रा द्वारा अपने उद्बोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान कार्यक्रम में भारी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्रायें गुरूजन एवम गणमान्यजन मौ'ूद रहें। सांसद डॉ मिश्रा ने कहा कि जीवन में किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वस्थ शरीर का होना अत्यंत आवश्यक है। योग और प्राणायाम न केवल शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं बल्कि नई ऊर्जा का संचार भी करते हैं। सही दिनचर्या, योग और संतुलित आहार स्वस्थ जीवन का असली आधार है। श्रद्धेय स्वामी विवेकानंद जी ने अपने ज्ञान, अध्यात्म और कर्मयोग के माध्यम से न केवल भारत बल्कि समस्त विश्व को जागृत किया। उन्होंने भारत की धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को सदैव अग्रणी रखा। सांसद ने युवाओं से अपील की है कि वह स्वामी विवेकानंद जी के दिखाए रास्ते पर चलें और विश्व के कल्याण के लिए अपना योगदान दें। विधायक सीधी श्रीमती पाठक ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस के अवसर पर सभी सामूहिक सूर्य नमस्कार में एकत्रित हुए हैं। युवा शक्ति को राष्ट्र की मूलभूत चेतना और समाज निर्माण की ऊर्जा मानने वाले स्वामी विवेकानंद जी की जयंती ''राष्ट्रीय युवा दिवस'' पर उनके चरणों में शत-शत नमन।

# युग तुलसी श्रीराम किंकर अलंकरण से पं.भागवत पाठक हुए सम्मानित



**सीधी।** जिले के सुविख्यात मानस मर्मज्ञ युग तुलसी पद्मभूषण महाराज श्रीराम किंकर जी के कृपा पात्र शिष्य पं. भागवत प्रसाद पाठक को श्रीराम कथा वाचन एवम लेखन के लिए रामायणम संस्थान जबलपुर द्वारा × जनवरी 2025 को युग तुलसी महाराज श्रीराम किंकर के पट्ट शिष्य कथाऋषि पं. उमाशंकर शर्मा व्यास के पावन सानिध्य में पं. राम किंकर उपाध्याय अलंकरण से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जबलपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अखिलेश गुमास्ता सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में डॉ. जितेन्द्र जामदार, डॉ रोहित दुबे 'योतिष तीर्थ संयोजक, डॉ हरिशंकर दुबे, डॉ सौरभ दुबे, सीधी से कथा व्यास आचार्य राजेन्द्र मिश्र, पं बृजेश पाठक रामायणी रुचि, मोहन अग्रवाल संस्कार धानी जबलपुर के अनेकानेक गणमान्य शिक्षा विद तथा सुधी जनों से सभागार भरा रहा। यह आयोजन जबलपुर के दमोहनाका महेशभवन में गरिमा पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# अवैध खनिज उत्खनन के विरूद्ध थाना मझौली ने की बड़ी कार्यवाही

### तीन अलग.अलग प्रकरण पंजीबद्ध कर 11 लाख की बनाई जप्ती



**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में मझौली पुलिस द्वारा अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन कर रहे दो वाहनों को जप्त कर तीन मामला किया गया पंजीबद्ध। बताया गया कि 11 जनवरी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम उमरिया में जंगल के पास प्रतिबंधित क्षेत्र मुडारी नदी में कई वाहन चालको द्वारा रेत का उत्तखनन कर चोरी कर रहे है। सूचना पर थाना प्रभारी मझौली द्वारा एक टीम गठित कर रवाना किया गया जो मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे तो वहा तीन वाहनों में लेबर द्वारा रेत लोड़ की जा रही थी जो पुलिस की गाड़ी देखकर दो ट्रैक्टर एवं एक टाटा 407 के चालक ट्रैक्टर एवं 407 लेकर नदी से भाग दियें। जिसमे दो ट्रैक्टर को मय ट्रैक्टर ट्राली को हमराह स्टॉफ की मदत से पकड़ा गया एवं 407 का चालक वाहन को लेकर वहा से भाग गया, जो नहीं मिला। दो ट्रैक्टरों को मौके पर गवाहो के समक्ष मय ट्राली कीमत लगभग 11 लाख रुपये का होना पाये जाने पर जप्त किया जाकर अज्ञात वाहन चालको का उक्त कृत्य धारा के तहत दण्डनीय पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

**सराहनीय योगदान :-**

उपर्युक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मझौली दीपक बघेल, सउनि अरुण सिंह, संदीप वर्मा, प्रआर महेंद्र सिंह पाटले, बृजेश पनिका, अनूप सिंह, आरक्षक शंकर राज सिंह, दीप नारायण सिंह एवं अलताज मंसूरी का विशेष योगदान रहा।

# कोतवाली पुलिस ने 4 किलो गांजा के साथ आरोपियों को धर दबोचा, 1.0 लाख की बनाई जप्ती



**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करते हुये 4 किलोग्राम गांजा मय परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर प्रकरण किया पंजीबद्ध। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविन्द्र वर्मा द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विक्रय परिवहन एवं भण्डारण के ऊपर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में दिनांक 11 जनवरी 2025 को थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटर सायकल से पिठू बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर विक्री हेतु ग्राम राजड़िहा तरफ निकला है। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जाकर सूचना की तस्दीक एवं रेड़ कार्यवाही हेतु एक टीम गठित कर मुखविर के बताये स्थान पर रवाना किया गया। टीम जब मुखबिर के बताये स्थान ग्राम राजडिहा पहुंच कर संदेहियो की पता तलाश किये जो दस्तयाब हुये जिनसे उनके नाम पता पूछा गया तो अपना नाम सुरेंद्र यादव पिता राजनाथ यादव उम्र 24 वर्ष निवासी गजरही थाना बहरी एवं एक विधि विरुद्ध बालक होना होना बताएं। तत्पश्चात विधि संगत तरीके से संदेहियो के पास मिले पिठू बैग की तलासी ली गई तो पालीथीन में मादक पदार्थ गांजा पाया गया । उक्त बरामद मादक पदार्थ गांजा की तौल की गई तो 4 किलो ग्राम गॉजा कीमती 48 हजार रूपये होना पाया गया। आरोपियों से 4 किलोग्राम गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कुल कीमती 1 लाख ×0 हजार समक्ष गवाहों के जप्त किया गया। संदेहियो का उक्त कृत्य धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत दण्डनीय पाये जाने पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, उनि.विवेक द्विवेदी, आकाश राजपूत, आरक्षक अक्षय तिवारी, शिवकुमार चौधरी की अहम भूमिका रही।

### भव्य झॉकियों के साथ नगर में निकली भगवा यात्रा




**सीधी।** रविवार को स्वामी विवेकानंद के जन्म जयंती पर विगत वर्षो की भॉति नगर में आयोजित हुई भगवा यात्रा। स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव आयोजन समिति से जुड़े सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत पूर्ण समर्पण के साथ कार्यक्रम को भव्य बनाने में कोई कोर कसर नही छोड़े। नगर में सैकड़ो मातृ शक्तियॉ, बाल बालिकायें दिव्य एवम भव्य झॉकियो के साथ नगर में भ्रमण कियें। इस दौरान पूरे नगर को सजा कर महापुरुषों की झांकियों के साथ नगर भ्रमण किया गया।

### श्री सांई महाविद्यालय मे मनाया गया युवा दिवस

**सीधी।** श्री सांई महाविद्यालय में स्वामी विवेकान्द के जन्म दिवस पर युवा दिवस के उपलक्ष्य मे 12 जनवरी को प्रात: 9:00 बजे से 10:×0 तक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा उत्सव के उपलक्ष्य मे सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का मार्गदर्शन स्वयं महाविद्यालय की संचालिका श्रीमती रचना मिश्रा ने किया। तत्पश्चात पूर्वान्ह 11:×0 बजे से स्वामी विवेकानन्द युवाओं के लिए शाष्वत प्रेरणा विषय पर भाषण प्रतियोगिता, स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर चित्र प्रदर्षनी का आयोजन महाविद्यालय के प्रागंण में आयोजित किया गया।

# जननी जन्म भुमिश्च स्वर्गादपि गरिष्यती : साध्वी सरस्वती



स्थानीय छत्रशाल स्टेडियम में रविवार को आयोजित भगवा यात्रा में साध्वी सरस्वती शामिल हुई जहॉ स्थानीय विधायक श्रीमती रीती पाठक, सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार द्वारा साध्वी सरस्वती को पुष्प अर्पित कर अभिनंदन किया गया। भगवा यात्रा में साध्वी सरस्वती ने आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि मां मां होती है और वह सबकी होती है। जननी जन्म भुमिश्च स्वर्गादपि गरिष्यती। मां और जन्म भूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर है। सनातन हिंदू संस्कृति ही एक मात्र ऐसी संस्कृति है जो नारी के हर रूप को पूजनीय मानता है। उन्होनें देश में बढ़ रहे अपराधो के पीछे पश्चिमी सभ्यता को दोषी बताया। उन्होंने कहा कि भारत में महिला के हर रूप की पूजा होती है पर पश्चिमी सांस्कृति के प्रभाव एवं हिंदू संस्कृति से दूर होने पर ही समाज एवं राष्ट्र इसका दंश झेल रहा है। हिंदू संगठित एवं जागृत हुए तो अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का संकल्प पूरा हो गया। अभी हमें करोड़ों हिंदुओं को जागृत एवं संगठित करना है ताकि देश को विदेशी कुठार्घातों से बचाया जा सके। सभी ने हिंदूओं को संगठित करने का संकल्प लिया। साध्वी सरस्वती दीदी ने कहा. देश में लव जेहाद चरम पर है जहां हमारे धर्म की बॉंचियों को बहला फुसला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया जा रहा है। इसके लिए हमें अपनी बॉंचियों को शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा देनी होगी। युवतियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप हजारों रुपए के परिधान पर खर्च देती हो इसके बदले हजार रुपए की तलवार खरीदों।



# सनावद में हुए भू माफिया सक्रिय रातों रात किया पीडब्ल्यूडी के खंडर बन चुके बंगले को नेस्तनाबूद

## पीडब्ल्यूडी और नपा अधिकारियों को कानो कान खबर नहीं

## पूर्व विधायक ने अधिकारियों और भू माफिया की मिलीभगत के लगाये आरोप

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9977848634



सनावद-वार्ड क्रमांक 17 मे ओंकारेश्वर रोड पर स्थित पीडब्ल्यूडी का खंडर बन चुका डाक बंगला जो कई दशको से वहाँ पर स्थापित था इसे रात मे तोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही नगर मे यह घटना आग की तरह फैलने लगी बता दें कि राजस्व विभाग के द्वारा इस भूमि सीमांकन कल किया जाना बताया गया है जिस पर कई भू माफिया अपनी नजर लगाये बैठे हुए थे रात के समय अज्ञात लोगों के द्वारा जेसीबी मशीन से उक्त घटना को अंजाम दिया गया डाक बंगले के चौकीदार रईस अहमद ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व जीर्ण क्षीण हो चुके खंडहर के संबंध मे नपा द्वारा मुझे नोटिस प्राप्त हुआ था जिसे मेने खंडवा ऑफिस पर पहुंचा दिया और वहाँ से मुझे बंगले को खाली करने का आदेश दिया गया था बंगले को खाली कर मे समीप ही रहने लगा था किन्तु कल रात कुछ अज्ञात लोगों ने बंगले को तोड़कर गिरा दिया इस पर पार्षद प्रतिनिधि सुनील माली का कहना है कि इस जमीन कुछ दिन पूर्व एक व्यक्ति के द्वारा मालिकाना हक का बोर्ड स्थापित किया गया है और शासकीय जमीन पर कालोनी काटी जा रही है इस जमीन का शासकीय होने का सबूत मेरे पास है जो मीडिया को भी दिखाये गये अब सवाल यह बनता है कि उक्त जमीन पर अपना मालिकाना हक जता रहे व्यक्ति,नपा अधिकारी और पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने इसे तुड़वाने का कार्य नहीं किया तो यह घटना को अंजाम किसने दिया यह बात नगर मे चर्चा का विषय बनी हुई हैं घटना की जानकारी मिलते ही पहुचें पूर्व विधायक हितेंद्र सिंह सोलंकी का आरोप है कि यह सब अधिकारियों और भू माफियाओं की मिलीभगत का नतीजा है इसकी जांच होनी चाहिये है नपा और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पीडब्ल्यूडी मंत्री को पत्र लिखकर इस मामले से अवगत कराया जायेगा घटना को लेकर अनुविभागीय दण्डाधिकारी प्रताप सिंह अगास्या का कहना है कि उक्त घटना पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी

# सी एम राइज स्कूल में सूर्य नमस्कार का आयोजन

केसरी हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

12 जनवरी को सीएम राइस स्कूल घटिया एवं मॉडल स्कूल घटिया में संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिन को युवा दिवस के रूप में मनाते हुए सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रगान तथा मध्य प्रदेश गन का सामूहिक गायन किया गया, तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी मध्य प्रदेश शासन के संदेश का प्रसारण रेडियो के माध्यम से सुनाया गया इसके बाद सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य सुनील नामदेव मॉडल स्कूल की प्रभारी डॉक्टर जय श्री मैडम ,डॉ राम लखन पटेल ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को विवेकानंद जी के आदर्श को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर योग गुरु लक्ष्मण शर्मा एवं आशीष दवे विशेष रूप से उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में बच्चों के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने भी सूर्य नमस्कार किया ।कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमावत सर एवं आभार महेश मकवाना सर द्वारा किया गया।



# पूर्व विधायक ने किया सर्व हिन्दू समाज विवाह सम्मेलन आयोजन स्थल का निरीक्षण

## भव्य और व्यापक आयोजन को लेकर सभी तैयारियों अंतिम चरण में

बापुलाल डांगी/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



मंदसौर जिले में पहली बार ऐतिहासिक तौर पर भव्य तौर पर सर्व हिन्दू समाज का सबसे बड़ा 101 जोड़े का मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह सम्मेलन रोटीराम महाराज गौशाला बेहपुर में 19 जनवरी 25 रविवार को आयोजित होने जा रहा जिस में जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया का दौरा तय हो चुका । विवाह सम्मेलन में प्रदेश के मुख्य मंत्री के आगमन की चर्चाएं चल रही। आयोजन को लेकर पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने निरीक्षण कर मौका मुआयना किया ,वही प्रशासनिक अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए। इस दौरान आज की बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ साथ ही जनपद पंचायत मंदसौर अध्यक्ष बसंत शर्मा विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष पूनम चंद पाटीदार,चैनराम पटेल, मांगीलाल राठी, बाबूलाल टांक, मोतीसिंह सगवाली,गोविंद राठी, विरेंद्र सिंह मजेसरी, वीरेंद्र सिंह बेहपुर, शेर सिंह,रोहित राज सिंह,हरीश पाटीदार,अर्चना टांक, श्याम सोनी, दशरथ बैरागी,मांगीलाल कुमावत, सुरेश जी मीणा बसंती लाल मालवीय सहित समिति के सभी सदस्य व आसपास के महानुभाव उपस्थित थे । पत्रिकाओं का वितरण भी किया गया ।

# 5 एकड़ भूमि पर 30 करोड़ रुपए से बनेगा सीएम राइज स्कूल का भवन, कोरोना के कारण साइकिल पाने से वंचित 37 विद्यार्थी हुए लाभावित

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9977848634

**सनावद**-शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का चयन सीएम राइस स्कूल के लिए किया गया है। विद्यालय की 5 एकड़ भूमि पर 30 करोड़ की लागत से सर्वसुविधायुक्त विद्यालय भवन बनेगा।

विधायक सचिन बिरला ने शनिवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण समारोह में यह जानकारी दी। विधायक ने कहा कि सीएम राइस स्कूल में सभी विषयों के लिए सुसज्जित कक्षाएं और प्रयोगशाला होगी। विद्यार्थियों के लिए विस्तृत खेल मैदान का निर्माण होगा। स्कूल की सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवाल बनेगी।सुदूरवर्ती ग्रामों से विद्यार्थियों को लाने के लिए स्कूल बस की सुविधा होगी। ताकि कोई भी विद्यार्थी स्कूली शिक्षा से वंचित नहीं रहे। विधायक ने कहा कि सनावद का सीएम राइस स्कूल नगर और आसपास के ग्रामों के विद्यार्थियों के लिए वरदान सिद्ध होगा। विधायक ने बताया कि वर्तमान विद्यालय भवन की मरम्मत के लिए शासन द्वारा 5 लाख रु स्वीकृत किए गए हैं। विधायक ने विद्यार्थियों को अनुशासन और लगन के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी और कहा कि प्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार हेतु अनेक योजनाओं क्रियान्वयन कर रही है। का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिर्ला ने कहा कि नगरपालिका द्वारा 25 लाख रु की राशि से विद्यालय के वर्तमान भवन की मरम्मत, फर्नीचर, शेड निर्माण आदि कार्य करवाए जाएंगे। विद्यालय की समस्याओं के समाधान के लिए नपा परिषद संकल्पबद्ध है और विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों के सुझावों के अनुरूप विद्यालय में शिक्षण सुविधाएं जुटाई जाएंगी। पूर्व संगठन मंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि दूरस्थ ग्रामों से अध्ययन हेतु शहरों में आने वाले विद्यार्थियों के लिए शासन द्वारा साइकिल वितरण योजना क्रियान्वित की जा रही है। ताकि ग्रामों के विद्यार्थी बीच में पढ़ाई नहीं छोड़ना पड़े। समारोह के आरंभ में विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र पंडित ने विद्यालय भवन की मरम्मत और आवश्यकताओं की ओर जनप्रतिनिधियों का ध्यानाकर्षण किया। प्राचार्य ने बताया कि वर्ष 2022-23 के शैक्षणिक सत्र के 37 छात्रों को साइकिल वितरण की जा रही हैं। ये छात्र कोरोना के कारण साइकिल प्राप्त करने से वंचित रह गए थे। समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता बंसल, नपा नेता प्रतिपक्ष गजेंद्र उपाध्याय, अनिल अजमेरा, दुर्गेश जोया, शुभम पंचोलिया, मनीष परिहार, रशीद शर्मा, आदित्य शुक्ला, नीलेश मालाकार सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। समारोह का संचालन शिक्षक प्रवीण पटेल ने किया आभार भास्कर निंभोरकर ने माना।



# पुलिस की नाक के नीचे चल रहा सट्टा

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा



तेन्दूखेड़ा सहित आसपास के क्षेत्र में दबंगो द्वारा बिना किसी खौफ़ के निडर होकर सट्टे का अवैध कार्य जोरो पर किया जा रहा है ।आलम तो यहां तक है इन्हें ना ही तो पुलिस का डर है ना ही आम लोगो का इन्हें बस गरीबो की कमाई पर किसी तरह हाथ साफ करना है ।आम आदमी अपनी दिन भर की दिहाड़ी से मिलने वाला मेहनताना इन खायवलो को देकर बेरंग हो अपने घर खाली हात लौट आता है ।सबसे से ज्यादा घर की महिलाएं सट्टे से परेशान है ।सट्टे की वजह से घरों मे रोज कलेश होता है ।कई घरों में तो सट्टे की वजह से तलाक तक कि नोबत हो जाती है पुलिस इन दबंग सटोरियों पर आखिर क्यों कार्यवाही नहीं कर पाती यह सूचना विषय बना हुआ है।

**विधायक की हिदायत के बाद भी नहीं रुक सका सट्टे का कारोबार:** विगत दिनों तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल द्वारा हिदायत देते हुए कहा गया था कि मेरे क्षेत्र में अवैध गतिविधियां नहीं होने दूंगा लेकिन देखा जा रहा है कि सट्टा कारोबारी पर विधायक की हिदायत का कोई असर नहीं दिख रहा है

**शहर में इन जगहों पर चलता है सट्टे का कारोबार:** सट्टा पट्टी काटने वाले को इन जगहों पर देखे जा सकते है तेंदूखेडा पुराना बस स्टेन्ड मंगल भवन के आस पास ओबर ब्रज व रामघाट गणेश मंदिर के इर्द गर्द टाळ मुहल्ला एसे तेंदूखेडा के बहुत से तिगडो पर पट्टी काटते नजर आ सकते है

**क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चल रहा सट्टे का कारोबार:** जबकि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सट्टा संचालित हो रहा है ।जो कि पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा करता है ।आखिर कब तक ये लोग गरीबों को इस तरह लुटते रहेंगे ।और कब होगी इन लोगो पर कार्यवाही।

**शहर से लेकर गांव गांव एजेंट:** एजेंटों के माध्यम से दिया जाता है अंजाम ए जो शहर की विभिन्न गली मोहल्लों व गांव गांव में बैठकर सट्टा पर्ची काटने का काम करते हैं ।इस खेल पर पैसा लगाने वाले के पास पहुंच जाते हैं, जिनको इस खेल पर रोक लगानी है उनको इनकी भनक नहीं लग पाती है।

# 43 वे अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ, अमरपाटन और सतना ने दर्ज की जीत

सूरज सनाढ्य केसरिया हिंदुस्तान

**अमरपाटन** - 43 वे अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट का छह दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ आज रविवार को स्वर्गीय कप्तान लाल प्रताप सिंह स्टेडियम अमरपाटन में किया गया ।उद्घाटन में पहला मैच मदन महल क्लब भोपाल और सोल्जर सतना की टीम के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी सूट में सोल्जर सतना की टीम ने 3 गोल जीत दर्ज की वही दूसरा फुटबॉल मैच प्रताप क्लब अमरपाटन और छ्स्न्न रीवा के बीच हुआ जिसमें अमरपाटन की टीम ने 4 -1 गोल से जीत दर्ज की पराजित कर उद्घाटन मैच जीत लिया। आज के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रामखेलावन कोल एवं विशिष्ट अतिथि कुलपति एकेएस यूनिवर्सिटी श्री अनंत सोनी जी एवं टूर्नामेंट के संरक्षक व अमरपाटन विधायक माननीय डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह दादा भाई ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत की। जिप अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने मैच खेल रहे खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उत्साहित किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी खगेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, नरेंद्र सिंह,वीरेंद्र सिंह, निखिल सिंह , समर सिंह अध्यक्ष नगर परिषद अमरपाटन, दीपा मिश्रा अध्यक्ष नगर परिषद रामनगर ,अब्दुल सलीम भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आज के मैच में अमरपाटन टीम के शानदार प्रदर्शन पर जीत पैथालॉजी द्वारा 5 हज़ार एवं साहिल हार्डवेयर द्वारा 5 हज़ार तथा राजा बैटरी के तरफ से 1 हज़ार रुपये की पुरुष्कार राशि दी गयी यह राशि पूर्व मंत्री व विधायक अमरपाटन के हांथो से टीम कोच को सौंपी गई । टूर्नामेंट को सफल बनाने में टूर्नामेंट के संरक्षक विक्रमादित्य सिंह (गिनी भैया), सचिव रज्जन त्रिपाठी, अध्यक्ष शिवराज सिंह ,कोषाध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल सहित कमेटी के लोग उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में 14 टीम ने हिस्सा लिया है जिसका फाइनल मैच 18 जनवरी को खेला जाएगा।




# फतेहगढ़ में मनाई अयोध्या राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ

## सुंदरकांड, महाआरती, और महाप्रसादी कार्यक्रम कर किया प्रभू श्री राम को याद

दलौदा(बापुलाल डांगी)
दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



समीपस्थ ग्राम पुरानी फतेहगढ़ में अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ को धूमधाम से बनाया गया।

इस अवसर पर संगीतमय सुंदरकांड एवं भजन कीर्तन का आयोजन गांव की स्थानीय सुंदरकांड मंडली ने किया। जिसमें गांव के वरिष्ठ, युवा एवम् माताओं बहनों ने नृत्य भी किया, सुंदरकांड के पश्चात सभी ने मिलकर महाआरती की और उसके पश्चात संपूर्ण गांव की जनता ने महाप्रसादी ग्रहण की। सुंदरकांड में नई फतेहगढ़ में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के पूज्य गुरुदेव जगदीश शर्मा बाग्या वाले भी पधारे और उन्होंने इस वर्षगांठ महोत्सव को मनाने के लिए गांव की जनता को धन्यवाद दिया व कहा कि हमारे आराध्य श्री राम को याद करने का यह अवसर हमेशा मनाना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम वासियों द्वारा गुरुदेव का स्वागत सम्मान किया गया।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा क़ी प्रथम वर्षगांठ पर श्री धर्म हरि चित्रगुप्त मंदिर कटनी में भजन कीर्तन व महा आरती संपन्न

राजेंद्र खरे कटनी



बग्गा बाबा की तलैया स्थित परमपिता आराध्य सृष्टि के न्यायाधीश भगवान श्री धर्म हरि चित्रगुप्त जी मंदिर में शनिवार दिनांक 11.01.2025 को प्रभु सेवक मित्तल एंक्लेव निवासी अखिलेश सक्सेना महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें चित्रांशियों द्वारा भजन कीर्तन और सुंदर पाठ किया गया तत्पश्चात सभी स्वजातीय बंधुओं ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर महाआरती क़ी एवं अपनी मनोकामना हेतु भगवान से प्रार्थना क़ी इस अवसर पर समग्र कायस्थ समाज के अध्यक्षअशोक खरे, प्रदीप खरे, के. सी. खरे, मयंक सक्सेना, आनंद सक्सेना, विपिन बिहारी सक्सेना, राजेंद्र खरे, आलोक श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव श्रीमती आशा खरे, मंजू खरे, रश्मि खरे, नीलम खरे, आशा निगम, निशा श्रीवास्तव, मीरा सक्सेना, सरोज सक्सेना, हेमलता श्रीवास्तव, सीमा निगम अंकिता सक्सेना, शिल्पी सक्सेना, रिंकी, रितु खरे उपस्थित रहे

## संक्षिप्त समाचार

### गुम इंसान की पता तलाश बताने वाले को मिलेगा हजारों रुपए का इनाम

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



रीवा जिले के मनगवा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के गुम होने की घटना सामने आई है। श्रवण उर्फ सरिमन पटेल नामक व्यक्ति ने अपने बड़े भाई संतोष पटेल के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संतोष पटेल, जो 45 वर्ष के हैं, मानसिक रूप से ठीक नहीं रहते हैं और अक्सर इधर-उधर घूमने फिरने जाते थे। 6 जनवरी 2025 को भी वह ऐसे ही घूमने गए थे, लेकिन शाम 9 बजे तक वापस नहीं आए। परिवार के सदस्यों ने आसपास के इलाकों में उनकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिले। श्रवण पटेल ने 10 जनवरी 2025 को थाने में शिकायत दर्ज कराई और अपने भाई का हुलिया बताया। संतोष पटेल की लंबाई 5.50 फीट है, वजन 65 किलोग्राम है, और रंग सांवला है। वह नीले रंग की पैंट और सफेद रंग की टॉपी पहने हुए थे, और उनके पैर में सफेद रंग के जूते थे। उनका हाथ का अंगूठा कटा हुआ है और मानसिक हालत ठीक नहीं रहती है। श्रवण पटेल ने मीडिया के जरिए लोगों से अपील की है कि अगर कोई उनके भाई को देखता है, तो वह तुरंत संपर्क करें और जानकारी दें। संपर्क नंबर 7900516614 है, और लोग नजदीकी पुलिस थाने में भी संपर्क कर सकते हैं।

### मां हिंगलाज माता मंदिर में धूमधाम से आयोजित होगा मकर संक्रांति एंव दीपमाला कार्यक्रम

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान पत्रकार प्रेम सिंह कुशवाह। बैरसिया से

**बैरसिया।** विगत वर्षों की भांति मां हिंगलाज माता मंदिर मनुआभान टेकरी, सिंगार चोली भोपाल में इस वर्ष भी मकर संक्रांति दीपमाला महोत्सव का आयोजन 14 जनवरी, मकर संक्रांति के पावन पर्व पर किया जा रहा है। कार्यक्रम की आयोजक मां हिंगलाज साहित्यक सांस्कृतिक कल्याण समिति ने धर्म प्रेमियों से इस पुनीत कार्यक्रम में सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

**मां हिंगलाज माता मंदिर में मकर संक्रांति दीपमाला महोत्सव 14 को..**

मां हिंगलाज साहित्यक सांस्कृतिक कल्याण समिति के सचिव देवी सिंह ने बताया कि 14 जनवरी, मकर संक्रांति को दीपमाला महोत्सव का शुभारंभ शाम 7.30 बजे से होगा। हिंगलाज माता की महाआरती रात्री 8 बजे से प्रारंभ होगी। इसके उपरांत मंदिर के महंत भवानी शंकर दास त्यागी के मार्गदर्शन में भजन-कीर्तन एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा, जो देर रात्रि तक चलेगा।

### वैश्य महासभा का जिला स्तरीय सम्मेलन संपन्न हुआ

**तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर ।** खबर तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर से संवाददाता विपिन पटेल की रिपोर्ट* रविवार को वैश्य महासभा मप्र की जिला इकाई नरसिंहपुर के तत्वावधान में तेंदूखेड़ा के कलश गार्डन परिसर में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजित किया गया दोपहर दो बजे से आयोजित हुये इस सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी तथा मप्र शासन के पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह नर्मदा पुरम संसदीय क्षेत्र सांसद चौ दर्शन सिंह क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश पूर्व विधायक भैयाराम पटेल जिला भाजपा अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि गण एवं महासभा के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर विभिन्न सेवा भावी गतिविधियों में संलग्न सेवा भावियों को सम्मानित भी किया गया।

**म प्र शासन के मंत्रियों ने की शिरकत**

# फिजूल खर्च पर नियंत्रण की मुस्लिम समाज की पहल

**सामुहिक विवाह में परिणय सूत्र में बंधे 26 जोड़े**

**एक दूसरे का साथ निभाने की खाई कसमें**

हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान



**जोबट।** नगर के मुस्लिम समाज द्वारा फिजूल खर्च न कर सामूहिक विवाह को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी तारतम्य में रविवार को मुस्लिम समाज द्वारा नगर में अंजुमन इज्तेमाई कमेटी के बैनर तले शादी सम्मेलन का आयोजन किया। आयोजन में कुल 26 जोड़ो को परिणय सूत्र में बांधकर जीवन भर एक दूसरे का साथ निभाने की कसमें खिलाई। आयोजन में जोबट, आलीराजपुर, खट्टाली, भाभरा, बडौदा, बुरहानपुर, खण्डवा, इन्दौर, छकतला, बडवानी, सेन्धवा, डही, बाग, डेहरी, मनावर, राजगढ, धामनोद आदि स्थानों से कुल 26 जोडो ने भाग लिया एवं विवाह के पवित्र बन्धन में बन्ध कर हमेशा एक दूसरे के साथ रहने का संकल्प लिया। अंजुमन इज्तेमाई कमेटी प्रमुख सय्यद तनवीरूल हसन ने बताया कि यह नगर में दूसरा इस प्रकार का आयोजन है जिसका उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को लाभ पहुंचाना है। गरीब एवं आर्थिक रूप से पिछडे लोगो के लिए इस महंगाई के दौर में अपने बच्चों का विवाह करना एक बोझ एवं कठिन काम है। गरीब मां बाप खुशी के साथ अपनी बेटी को बिदा कर सकें और एक बाप सम्मानपूर्वक अपने बेटे का घर बसा सके इसलिए सामूहिक विवाह पर जोर दिया जा रहा है। सामूहिक विवाह का आयोजन स्थानीय कृषि उपज मण्डी में शहर काजी सय्यद मोहम्मद हसन मम्मा दादाजी के सानिध्य में संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद अनिता नागरसिंह चौहान, क्षेत्रीय विधायक सेना पटेल व नगर परिषद अध्यक्ष राहुल मोहनिया तथा विशेष अतिथि के रूप में कलेक्टर डा. अभय अरविन्द बेडेकर की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम की पूरी व्यवस्थाएं सय्यद तनवीरूल हसन दादाजी, मखमुददीन खत्री रेंजर साहब, जुनेद खत्री (किराना), रईस पठान आदि के नेतृत्व में की गई वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में शाहरूख शब्बीर मकरानी, सलमान शहजाद मकरानी, रमीज शेख राज, शाहरूख खत्री पत्रकार, आमीर मकरानी, अज्जू कुरेशी, जावेद कुरेशी, सलमान फाटा, आजाद मकरानी, फिरोज शेख, मोईनुददीन खत्री पेटाला, आसिफ जहूर मकरानी, अमजद खत्री कोहिनूर, आरिफभाई वालपुर, नासिर अजीजबाब, अनस मकरानी, शाहनवाज शानू, अयुब भाई मेकेनिक सहित समाज के युवाओं की अहम भूमिका रही साथ ही प्रशासनिक आमले का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजन में सभी धर्मो के गणमान्यजन एवं समाजसेवी उपस्थित रहे जिनके लिए अलग से भोजन की व्यवस्था भी की गई। आयोजन का संपूर्ण खर्च नगर के मुस्लिम समाज के लोगों ने उठाया। कार्यक्रम का संचालन फिरोज सागर ने किया। अंत में नगर के मुस्लिम समाज ने सभी का आभार व्यक्त किया।जानकारी मीडिया प्रभारी शाहरूख खत्री ने दी।

## नजीराबाद स्वयंसेवकों ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस लगाए सूर्य-नमस्कार



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान पत्रकार प्रेम सिंह कुशवाहा

**नजीराबाद।** राष्ट्रीय युवा दिवस (भारत)। महान स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दामखेड़ा (नजीराबाद) द्वारा सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजारामजी नेगी रिटायर्ड डिप्टी रेंजर वन परिक्षेत्र नजीराबाद रहें।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के जिला कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख डॉ रामकरण मीणा ने कहा ,भारत में स्वामी विवेकानन्द की जयंती, अर्थात 12 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णयानुसार सन् 1984 ई. को %अन्तरराष्ट्रीय युवा वर्ष% घोषित किया गया। इसके महत्त्व का विचार करते हुए भारत सरकार ने घोषणा की कि सन 1984 से 12 जनवरी यानी स्वामी विवेकानन्द जयंती (जयन्ती) का दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में देशभर में सर्वत्र मनाया जाए। इस संदर्भ (सन्दर्भ) में भारत सरकार के विचार थे कि -ऐसा अनुभव हुआ कि स्वामी जी का दर्शन एवं स्वामी जी के जीवन तथा कार्य के पश्चात निहित उनका आदर्श-यही भारतीय युवकों के लिए प्रेरणा का बहुत बड़ा स्रोत हो सकता है। इस दिन देश भर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में तरह-तरह के कार्यक्रम होते हैं; रैलियाँ निकाली जाती हैं; योगासन की स्पर्धा आयोजित की जाती है; पूजा-पाठ होता है; व्याख्यान होते हैं; विवेकानंद साहित्य की प्रदर्शनी लगती है।

# बकही में के. जी. एफ. की तर्ज पर हो रहा अवैध कोयले का उत्खनन

**बकही क्षेत्र में प्रशासन के दावों की पोल खुली**

अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट केसरिया हिंदुस्तान



अनूपपुर: बकही में अवैध कोयला खदानों का

**अनूपपुर** और शहडोल जिले की सीमा पर स्थित बकही क्षेत्र में अवैध कोयला खदानें प्रशासन की निष्क्रियता और माफिया की सक्रियता का जीता-जागता उदाहरण बन गई हैं। प्रशासन द्वारा क्षेत्र में अवैध खनन न होने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। यहां मजदूरों की जान जोखिम में डालकर माफिया अवैध खनन को अंजाम दे रहे हैं।

**गरीब मजदूरों का शोषण :** अवैध खदानों में काम करने वाले अधिकांश मजदूर गरीब आदिवासी समुदाय से आते हैं, जिन्हें रोज़गार की मजबूरी में खतरनाक परिस्थितियों में काम करने के लिए विवश किया जा रहा है। इन मजदूरों की जान पर खतरा मंडरा रहा है, जबकि कोल माफिया और उनके संरक्षक राजनीतिक संरक्षण के चलते खुलेआम अपने मंसूबों को अंजाम दे रहे हैं।

**माफिया का दबदबा और प्रशासन की निष्क्रियता :** चचाई थाना क्षेत्र में कोल माफिया का दबदबा स्पष्ट रूप से दिखता है। प्रशासन और पुलिस की अनदेखी से माफिया के हौसले बुलंद हैं। करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान झेल रही सरकार के बावजूद स्थानीय खनिज और राजस्व विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे। खदान संचालकों पर कार्रवाई के बजाय केवल खानापूर्ति की जाती है।

**अवैध खनन का सिंडिकेट :** क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन को एक संगठित सिंडिकेट का रूप दिया गया है। इस सिंडिकेट में मुख्य नाम राहुल और मंसूरी भाईजान के आ रहे हैं, जो जिले से बाहर रहकर इस अवैध कारोबार को संचालित कर रहे हैं। मजदूरों की जान जाने की घटनाओं के बावजूद, खदानें बंद होने के बजाय फिर से चालू कर दी जाती हैं।

**अवैध कोयला परिवहन पर भी सवाल :** हाईवे पर अवैध कोयला लदे ट्रक खुलेआम दौड़ रहे हैं। बावजूद इसके, स्थानीय प्रशासन और पुलिस इन्हें रोकने में असफल नजर आ रहे हैं। खनिज और राजस्व विभाग की निष्क्रियता ने माफिया को संरक्षण दिया है, जिससे यह कारोबार दिन-ब-दिन फल-फूल रहा है।

**प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग :** जनता और सामाजिक संगठनों ने इस गंभीर मुद्दे पर प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। अगर समय रहते अवैध खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो मजदूरों की सुरक्षा और क्षेत्र का आर्थिक नुकसान दोनों ही गंभीर समस्याएं बन जाएंगी।

# पीएम जनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट्स का हुआ शुभारंभ

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकरी ने हरि झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को किया रवाना**

**दो मोबाइल मेडिकल यूनिट्स हर दिन दो गांव जाकर करेगी 50 मरीजों का इलाज**

अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट केसरिया हिंदुस्तान





**अनूपपुर** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को ज्यादा बेहतर बनाने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के शुभारंभ के साथ जिले को दो एमएमयू वाहन मिले हैं।जिन्हें प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के अंतर्गत दोनों सर्व सुविधायुक्त एम्बुलेंस को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.वर्मा एवं सिविल सर्जन डॉ.एस.आर.परस्ते ने हरी झंडी दिखाकर जिला चिकित्सालय से पुष्पराजगढ़ और कोतमा के लिए रवाना कर दोनों यूनिट्स का शुभारंभ किया।

मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.वर्मा ने बताया कि अनूपपुर ब्लॉक एवं कोतमा ब्लॉक के लिए 01 तथा जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ के लिए 01 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स मिल चुके हैं।इस तरह जिले में कुल 02 एमएमयू हो जाएंगी।यह पहल विशेष रूप से दूर दराज क्षेत्र में निवास करने वाले बैग जनजाति और पिछड़े जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर को सुधारने और स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांति लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।मोबाइल मेडिकल यूनिट्स दुर्गम और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन को ओपीडी रोग निदान उपचार और दवाइयों जैसी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी।प्रत्येक यूनिट में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी और अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध रहेंगे।प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट एक माह में 24 दिन सेवाएं प्रदान करेगी और प्रतिदिन 2 गांवों में लगभग 50 मरीजों का इलाज करेगी।इन यूनिट्स में जीपीएस प्रणाली लगी होगी साथ ही 14 तरह की जांच तथा 65 प्रकार की आवश्यक दवाएं और 29 प्रकार की स्वास्थ्य सामग्री भी मिलेंगी।प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट में प्रशिक्षित मानव संसाधन जिसमें एक डॉक्टर,नर्स, एएनएम,एमपीडब्ल्यू लैब टेक्नीशियन,फिजियोथेरेपिस्ट और ड्राइवर शामिल हैं,जो सेवाएं प्रदान करेंगे,जिससे उनकी निगरानी और संचालन में पारदर्शिता बनी रहेगी।

शुभारंभ के दौरान डॉ. जनक सारीवान,डॉ.एन.पी.माझी,डॉ. के.बी. प्राजापति,लेखापाल एम.के. दीक्षित, उपयंत्री सतीष शुक्ला, जिला लेखा प्रबंधक रामसेवक अहिरवार, भाईलाल पटेल,प्राचार्या रेनू सिंह, विवेक समदडिया, शान्तेश्वर तिवारी एवं अन्य सभी स्टाप उपस्थित रहे।

# योग एक नशा है, इस नशा को अवश्य करें,स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक : मंत्री श्री राजपूत

**तीन हजार से अधिक स्कूली छात्र छात्राएं हुए शामिल**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू



**सागर ।** योग एक नशा है इस नशा को अवश्य करें , स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक है। उक्त विचार मध्य प्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने योग दिवस के अवसर पर सागर में स्थानीय पीटीसी ग्राउंड मैदान पर हजारों की संख्या में शामिल स्कूली छात्राओं एवं जनप्रतिनिधि अधिकारियों के द्वारा योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में व्यक्त कीजिए। इस अवसर पर विधायक श्री शैलेंद्र जैन, नगर निगम अध्यक्ष श्री वृंदावन अहिरवार, वरिष्ठ योगाचार्य श्री विष्णु आर्य, श्री भगत सिंह, कलेक्टर श्री संदीप जी आर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक के वी, नगर निगम कमिश्नर श्री राजकुमार खत्री, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं स्कूली छात्र छात्राएं मौजूद थे।

योग दिवस के अवसर पर मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि योग एक नशा है और इस नशे को हम सबको करना चाहिए क्योंकि इस नशा के माध्यम से हम हमेशा स्वस्थ रहेंगे और कभी दवा की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा परिवार योग करता है और इसी के कारण हम और हमारा परिवार पूरा स्वस्थ है आप सभी योग करें और स्वस्थ रहें उन्होंने कहा कि अपने जीवन के 25 से 30 मिनट प्रतिदिन योग के लिए एवं व्यायाम के लिए आवश्यक निकाले मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मैं योगाचार्य श्री रामदेव जी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने योग को घर-घर पहुंच कर स्वस्थ करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया हुआ है उन्होंने कहा कि योग आज पूरे भारत में गांव-गांव में हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें योग, जिम, व्यायाम के माध्यम से अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना होगा। इसी अवसर पर विधायक श्री शैलेंद्र जैन ने कहा कि आज हम सभी संकल्प लें कि सागर में योग की पहचान बने और सागर योग नगरी कहलाने लगे। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से व्यक्ति का शरीर के साथ-साथ मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है विधायक ने कहा कि आज हमारे बीच पतंजलि योगपीठ के मध्य प्रदेश के राज्य प्रभारी श्री भगत सिंह भी मौजूद हैं। विधायक श्री जैन ने कहा कि इतनी कड़ाके की ठंड में इतनी बड़ी संख्या में स्कूली छात्राएं मौजूद हुए हैं इसके लिए मैं शिक्षा विभाग का धन्यवाद ज्ञापन करता हूं।

# सी एम राइज बड़ावदा में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

दिनेश पौराणिक केसरिया हिंदुस्तान





**बड़ावदा।** सी एम राइज़ शा उ मा वि बड़ावदा में स्वामी विवेकानंद के जन्म उत्सव *योग दिवस* पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं स्वामी विवेकानंद जी की चित्र पर माल्यार्पण विद्यालय के प्राचार्य गोविंद सिंह मालीवाड़,विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र काकाणी,पार्षद प्रतिनिधि पुत्र मनोहर राठौड़ के द्वारा किया गया। प्राचार्य ने स्वागत भाषण दिया। अतिथि द्वेय ने सूर्य नमस्कार व योग के बारे में बताया। मुख्यमंत्री के संदेश को सुनाया गया। अजय कुमार रावल ने सूर्य नमस्कार व प्राणायाम को कराया। साथ में शिक्षक जाहिद शाह खान, घनश्याम पाटीदार,असीम श्रोत्रिय , व अतिथियों ने योग किया। कार्यक्रम समापन पर सभी को गर्म दूध व बिस्किट वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं के साथ संस्था के,प्रहलाद पाटीदार,श्रीमति अंतिम मौर्य, हँसा बघेल, सुरेश कुमार व्यास,मुकेश बैरागी,भरत परमार,जितेंद्र बग्गड़,महेश पाटीदार,श्रीमती विष्णु मेहता ,अंकित जायसवाल, यशवन्त यादव,विजय बोरिवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शान्तिलाल झाला ने किया। आभार जाहिद शाह खान ने माना।

# देवल में 4000 एकड़ में बनाया जाएगा अत्याधुनिक गौ अभ्यारण्य

**पशुपालन मंत्री श्री पटेल ने गौ अभ्यारण स्थल का किया निरीक्षण**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू



**सागर।** गोवंश के लिए 10000 गोवंश की क्षमता का प्रस्तावित को अभ्यारण देवल बीना स्थल का पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री श्री लखन पटेल निरीक्षण किया। मंत्री श्री पटेल ने सागर जिले के तहसील बीना के ग्राम देवल में 4000 एकड़ भूमि में गौ अभ्यारण्य बनाये जाने के संबंध में आज मंत्री श्री लखन पटेल द्वारा ग्राम देवल का निरीक्षण किया गया । इस अवसर पर बीना विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे, एसडीएम श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार श्री सुनील शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे। ग्राम देवल में लगभग 443 एकड़ राजस्व एवं 3615 एकड़ वन भूमि में गौवंशों के संरक्षण हेतु गौ अभ्यारण्य विकसित किए जाने हेतु मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा बीना भ्रमण के दौरान घोषणा की गई थी । उक्त के परिपालन में ग्राम देवल की कुल राजस्व भूमि 178.67 हेक्ट पशुपालन विभाग को आवंटित हो चुकी है एवं वन विभाग की भूमि में पेयजल हेतु पाइपलाइन विस्तार की अनुमति अंतिम चरण में है ।शीघ्र ही गौ अभ्यारण्य के विकास का कार्य प्रारंभ किया जाएगा जिससे कि बीना एवं नज़दीकी क्षेत्र के लगभग 15000 गौवंशों को सुरक्षित संरक्षण की व्यवस्था कि जा सकेगी ।

# जिले के सुप्रसिद्ध दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस, स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न

**देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**

**एमसीबी।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का प्रारंभ, स्वामी विवेकानन्द जी के छायाचित्र के समक्ष प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, तत्पश्चात् विशेष प्रात: सभा का आयोजन किया गया जिसमें प्री-प्राइमरी कक्षाओं सहित कक्षा बारहवीं तक के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया।

कक्षा नवमी के छात्र हरनीश सिंह चावला ने स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमूर्ति स्वरूप में अपना सन्देश प्रेषित किया तत्पश्चात् विद्यालय के वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ शिक्षक श्री शिशिर कुमार अग्रवाल ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष 12जनवरी को हम राष्ट्रीय युवा दिवस मनाते है, यह दिन स्वामी विवेकानंद जी के विचारों और कार्यों को याद दिलाता है,इस दिन का प्रमुख उद्देश्य है युवाओं को स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों से प्रेरित करना, स्वामी जी मानते थे कि युवाओं में देश को आगे बढ़ाने की बहुत ताकत है।

राष्ट्रीय युवा दिवस हमें बताता है कि युवा अपने जीवन में अच्छे बदलाव ला सकते हैं यह दिन उन्हें प्रेरित करता है कि वेद समाज और देश के लिए कम करें श्री अग्रवाल ने विद्यार्थियों को इस वर्ष के युवा दिवस के विषय से अवगत कराते हुए कहा कि इस वर्ष का विषय है % राष्ट्र निर्माण के लिए युवा सशक्तिकरण%। इसके इसके साथ ही इस वर्ष की थीम卐 युवा- एक स्थाई भविष्य के लिए लचीलेपन और जिम्मेदारी के साथ राष्ट्र को आकार देना卐 है। श्री अग्रवाल ने बताया कि शिक्षा का मतलब सिर्फ किताबें पढ़ना नहीं है शिक्षा का मतलब जीवन को बेहतर बनाना ,शिक्षा हमें सम्पूर्ण व्यक्ति बनाती है इसलिए जीवन में शिक्षा प्राप्त करना अति आवश्यक है। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा वैभवी वर्मा ने आज के दिन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम चुनौतियों का सामना करते हुए हर समय दृढ़ रहेंगे, असफलता को सफलता में बदलने के लिए एक सीढ़ी के रूप में अपनाएंगे और सपनों को कभी नहीं छोड़ेंगे चाहे रास्ता कितना भी कठिन क्यों ना हो इसके पश्चात कक्षा 11वीं के छात्र अमित अग्रवाल ने शानदार




काव्य वाचन किया। संस्था के प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी ने विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को विशेष शपथ दिलाते हुए कहा कि हम सभी युवा ज्ञान और विकास के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की खोज में खुद को समर्पित करेंगे और हम उपलब्ध अवसरों को पूर्ण रूप से उपयोग करेंगे, हम देश सेवा और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे ,स्वस्थ जीवन शैली अपनाएंगे और अपने से छोटी उम्र के लोगों के लिए अनुकरणीय आदर्श बनेंगे तथा कठोर परिश्रम, अनुशासन, करुणा और सम्मान के गुणों को अपने कार्यों में समाहित करेंगे, हम यह प्रतिज्ञा करते हैं कि उच्च मूल्यों को बनाए रखेंगे और सभी के लिए एक उज्जवल समावेशी भविष्य की ओर कार्य करेंगे, साथ मिलकर हम सभी आशावान, अवसरवान और शांतिपूर्ण विश्व बना सकते हैं।

प्राचार्य महोदय द्वारा दिलाए गए शपथ के पश्चात उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सोशल मीडिया पर होने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूकता फैलाने हेतु प्रस्तुति दी, इसी क्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा गीत % आरंभ है प्रचंड % पर सुमधुर प्रस्तुति दी गई।

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विद्यालय के नाम से संदेश पारित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी ने कहा कि आज का दिन आपको अपनी जिम्मेदारियां और अपने कर्तव्यों का एहसास दिलाने का दिन है, यह समय है जब आप अपनी ऊर्जा को सकारात्मकता और रचनात्मकता में बदलें, एक अच्छा नागरिक बनने के लिए शिक्षित होना, अनुशासित रहना और नैतिक मूल्यों को अपनाना बेहद आवश्यक है स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपने और देश के विकास में योगदान दें आप इस देश का भविष्य है और आपका हर प्रयास इस देश को मजबूत बनाएगा। संस्था की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने युवा वर्ग को दिए गए अपने संदेश में कहा कि आज हमारे देश के युवा न केवल अपनी शिक्षा, तकनीकी और संस्कृति में अग्रणी हैं अपितु समाज में बदलाव लाने की शक्ति भी रखते हैं, लेकिन हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस शक्ति को सही दिशा में प्रयोग करें स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि उठो जागो तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो यह संदेश हमारे जीवन में ऊर्जा और आत्मविश्वास भरने के लिए पर्याप्त है वे युवाओं को राष्ट्र निर्माण का प्रमुख आधार मानते थे उनका विश्वास था कि वह शक्ति वह स्रोत है जो देश को महान ऊंचाइयों तक ले जा सकती है हम सभी को अपनी शक्ति का आभास होना चाहिए एवं देशहित में इसका प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## एक लक्ष्य बनाए मुझे वहां तक पहुंचना है तब आपको कोई नहीं रोक सकता : विधायक राजेश सोनकर

सोनकच्छ विधायक राजेश जी सोनकर उत्कृष्ट उन्होंने आगे कहा कि भारत माता की जय इसलिए बोला जाता है कि यह माटी हमारी मां है इसे देखकर गर्व होता है भारत देश को मन बोलता है जो देश को मां बोलता है जिसने हमें जन्म दिया दूसरी भारत मां जिसने हमें संवारने का कार्य किया है विधायक सोनकर द्वारा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व अतिथि ने मां सरस्वती के प्रतिमा दीप जलाकर अतिथि परिचय आकाश जैन ने किया छात्र-छात्राओं संघ की ओर से स्वागत भाषण मेघा सेंधव ने किया स्कूल की ओर से प्राचार्य नैना पाठक ने कियाशाला प्रतिवेदन रेखा बेलवत ने किया देशभक्ति कविता छात्र दीपक व महाभारत के पात्र दानवीर कर्ण पर कविता का वचन सुमित ने किया विधायक ने दोनों को प्रशंसा करते हुए उन्हें पुष्प माला पहनाई विधायक



100मी जूनियर रेस में प्रथम रेणुका गायन में प्रथम दीपक जेक्लीन थ्रो मैं प्रथम अनुराग मेहंदी में प्रथम मेघा रंगोली में प्रथम अनन्या कबड्डी बालिका सीनियर में प्रथम 12वीं कबड्डी बालिका जूनियर सीनरी मर 12वीं बालक जूनियर में नवी क्रिकेट में प्रथम 12वीं की टीम को पुरस्कार किया कार्यक्रम का संयुक्त संचालन अमृता अकोतिया ने किया विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य ने दिया आभार प्रवीण पाठक ने माना इस अवसर पर बहादुर सिंह पिलवानी महेश पाटीदार बो आओ सी ए एल पेठारी तेज सिंह बघेल भूपेंद्र गुप्ता निरंजन सिंह सेंगर नवनीत गुप्ता सचिन बघेल पप्पी यादव बी आरसी संतोष शर्मा प्रवीण नामदेव राजेंद्र सिंह गौतम आशीष पंचाल पीयूष छाबड़ा सीताराम खेलवाल राधेश्याम रैकवार मेहरबान सिंह चौधरी सहित कई भाजपा नेता उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन अमृता अकोतिया ने किया एवं अभार प्रवीण नामदेव ने माना देवी सिंह राजपूत

## 30 और कंपनियां की लीज होगी रद्द

भोपाल। पिछले साल 6 अक्टूबर को भोपाल के बगरोदा में एक फैक्ट्री से 1814 करोड़ की एमडी ड्रग्स पकड़ी गई थी। इसके बाद पुलिस और एमपी औद्योगिक विकास निगम ने कंपनी को नोटिस भेजा। नियमानुसार, 60 दिन में जवाब देना जरूरी था। कंपनी ने 15 दिन पहले जवाब दिया। इसके बाद फैक्ट्री की लीज निरस्त कर दी गई। अब 30 और फैक्ट्रियों की लीज रद्द की जाएगी। इन कंपनियों को भी नोटिस दिया गया था। जांच में पाया गया कि प्लॉट दूसरे कामों के लिए इस्तेमाल हो रहे थे। 60 दिन का समय पूरा होने के बाद इन पर कार्रवाई होगी। गोविंदपुरा, मंडीदीप के बाद बगरोदा भोपाल का तीसरा सबसे बड़ा इंडस्ट्री एरिया है। गोविंदपुरा में 1100 फैक्ट्रियां हैं, मंडीदीप में 550 कंपनी है, बगरोदा में कुल 423 प्लॉट हैं, इनमें से 350 पर स्ट्रक्चर तैयार है। लेकिन 150 प्लॉट पर ही कंपनियां नियमित रूप से काम कर रही हैं। एमपीआईडीसी ने ड्रग मामले के बाद सभी कंपनियों की जांच करवाई। इसमें 30 कंपनियां तय मापदंड से अलग काम करती मिली थीं। नियमों के मुताबिक, लीज पर दी जगह को किराए पर नहीं दिया जा सकता है।

## श्री राजेश्वर पब्लिक स्कूल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित, श्री राजेश्वर फाउंडेशन की स्थापना की गई

**दिनेश शुक्ला**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**

**आलोट।** श्रीराजेश्वर पब्लिक स्कूल में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसने शिक्षा और संस्कृति को नए आयाम प्रदान किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयलाल आँजना (पूर्व कैबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार) ने इस अवसर पर विद्यालय समिति की एक नई पहल की शुरुआत के रूप में %श्री राजेश्वर फाउंडेशन% का अनावरण किया। फाउंडेशन का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक सहायता को बढ़ावा देना है। यह फाउंडेशन आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों को निशुल्क एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कार्य करेगा। उदयलाल आँजना ने सहयोग स्वरूप ?1 लाख की राशि प्रदान कर इस फाउंडेशन की शुरुआत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. चिंतामणि मालवीय (विधायक, आलोट क्षेत्र) ने की। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए शिक्षा के माध्यम से समाज निर्माण









पर बल दिया। उन्होंने विद्यालय परिवार की प्रतिबद्धता और मेहनत की प्रशंसा की।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि रणछोड़ लाल आँजना (पूर्व विधायक, नागदा-खचरोद) ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व और समाज में इसके सकारात्मक प्रभाव पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में कालूसिंह परिहार जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोट, विमल कुमार जैन नगर परिषद् अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोट, वीरेंद्र सिंह सोलंकी पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रतलाम,नरेंद्र सिंह परिहार जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि आलोट और दिलीप सिंह डोडिया, मण्डल अध्यक्ष आलोट भी उपस्थित रहें एवं कार्यक्रम को संबोधित किया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय परिवार ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ तथा अभिनंदन पत्र देकर किया। अतिथियों के स्वागत भाषण के लिए विक्रम सिंह आँजना ने मंच संभाला और अपने ओजस्वी शब्दों से सभी सम्माननीय अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यालय की प्रगति और इस भव्य आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान करेगा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, गायन, और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। यह कार्यक्रम बच्चों के हुनर और उनकी रचनात्मकता का प्रमाण था। कार्यक्रम की प्रमुख सांस्कृतिक गतिविधि 卐बेटी बचाओ, बेटी पड़ाओ卐 के संदेश पर आधारित थी। इस आयोजन ने न केवल विद्यालय की पहचान को और मजबूत किया, बल्कि शिक्षा और संस्कृति के प्रति समर्पण को भी प्रकट किया। विद्यालय प्राचार्य भरत आँजना ने सभी अतिथियों और उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य एल एन चौहान ने किया। जानकारी विद्यालय प्रबंधक इंदर सिंह आँजना ने दी।

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल का नगर वासियों के लिए एक और सफल प्रयास संपन्न, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मनेंद्रगढ़ में प्रारंभ

**देबाशीष गांगुली (संवाददाता? । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**

**मनेंद्रगढ़ ।** राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ में मोतियाबिंद ऑपरेशन प्रारंभ हो गया है। डॉ. अविनाश खरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आधिकारी मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक व डॉ. पुष्पेंद्र सोनी, डॉ. एस. एस. सिंह बीएमओ के मार्गदर्शन में सोमवार को 17 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन डॉ. आर.एस. सेंगर नेत्र विशेषज्ञ द्वारा किया गया ।



ज्ञात हो कि विगत जुलाई माह में बारिश के कारण ऑपरेशन थियेटर में नमी आ जाने के कारण ऑपरेशन को बंद किया गया था। ओटी की रिपेयरिंग कराने के बाद कल्चर नेगेटिव आने के बाद ओटी में ऑपरेशन शुरू हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा डॉ. मनोज सिंह आई सर्जन बिलासपुर और डॉ. श्रीमति उमा खापर्डे अपनी सेवाएं जिला चिकित्सालय में दे रहे हैं। अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ में ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा, इसके साथ ही आवश्यक दवाई संसाधन की व्यवस्था भी की जा रही हैं। नेत्र ऑपरेशन में डॉ. सेंगर के अलावा आर. डी. दीवान सहायक नोडल अधिकारी (अंधत्व), किरण वर्मा, अल्पना पटेल, प्रियंका साहू, दशरथ राम, रामकरण साहू, रजनीश कुमार एवं गिरधारी ने सफल नेत्र ऑपरेशन में सहयोग दिया।

## अमरावद भारकच्छ नवीन रोड़ को ग्रामीणों ने खोदना किया प्रारंभ

### प्रशासन द्वारा नही दिया जा रहा ध्यान

**शैलेन्द्र चौहान**
**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

बाड़ी, करोड़ों की लागत से बना अमरावद से भारकच्छ रोड जो लगभग चार माह पूर्व बनकर तैयार हुआ है, इस नवीन रोड पर लोगों द्वारा जगह जगह अतिक्रमण करना और रोड की खुदाई करना शुरू कर दिया है। कुछ ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे इस कृत्य पर प्रशासन कोई ध्यान नही दे रहा है। कुछ जागरूक और विकास पसंद लोगों द्वारा प्रशासन से इस बात की शिकायत की गई किंतु कोई कार्यवाही नहीं




की गई है। यह प्रशासन की लापरवाही है या ग्रामीणों का खौफ, यह बात समझ से बाहर है। ठेकेदार द्वारा सड़क के दोनों ओर पानी की नाली निर्माण न करने के कारण भी यह स्तिथि निर्मित हुई है। शासन की भूमि पर भी कई लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है जिससे सड़क की चौड़ाई कम होती जा रही है ,और यातायात में बाधा आ रही है। यह स्तिथि निर्मित होने से भविष्य में कोई दुर्घटना भी हो सकती है। सरकार द्वारा बनाई गई इस बेहतरीन सड़क पर यदि सही रखरखाव होता है तो ग्रामीणों और किसानों के हित में ही है। अतिक्रमण या सड़क किनारे खुदाई के कारण कोई बेगुनाह हादसे का शिकार होता है तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा यह प्रश्न बना हुआ है। प्रशासन पुन: सड़क के दोनों ओर नपती कर सड़क की हद सुनिश्चित करे।

## रेलवे लाईन की तरफ सुबह- सुबह घुमने गए लोगों को शव दिखा शोर मचाया तो पुलिस पहुंची

**दिनेश शुक्ला**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**

**आलोट।** ग्राम लूनी एवं आलोट रेलवे स्टेशन के बीच 45 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश कर रही है। पहचान नहीं होने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर शव को मोर्चरी में भेज दिया। आलोट थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने बताया कि कुछ लोग सुबह रेलवे लाइन की तरफ घूमने



गए थे। उन्होंने ग्राम लूनी एवं आलोट रेलवे स्टेशन के मध्य पोल न. चद्व 734/10 बीच रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति का खून में सना शव देखा। शव क्षत-विक्षत था। उन्होंने शोर मचाया। उनका शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। सूचनाकर्ता रोहीत मीणा निवासी प्रेमिलागंज आलोट ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। उधर ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो जाने की सूचना रेलवे प्रशासन ने मेमो के जरिए आलोट थाने की पुलिस को दी। आलोट थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस कर्मियों ने वहां मौजूद लोगों से शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन कोई भी उसे पहचान नहीं सका।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर आदर्श ग्राम भामा में सूर्य नमस्कार एवं संस्कार केंद्र की स्थापना

**केसरिया हिन्दुस्तान अखबार संवाददाता भानु प्रताप राय**

**गोटेगांव, नरसिंहपुर।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था %नई पहल फाउंडेशन% ने 12 जनवरी को आदर्श ग्राम भामा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया और संस्कार केंद्र की स्थापना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण से हुई। इसके बाद अतिथियों और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया। मध्यप्रदेश जन




अभियान परिषद्, विकासखंड गोटेगांव के समन्वयक प्रतीक दुबे ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक व्यक्तित्व और उनके जीवन के आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्कार केंद्र की स्थापना के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए बताया कि यह केंद्र बच्चों और युवाओं को नैतिक शिक्षा और जीवन मूल्यों से जोड़ने के लिए कार्य करेगा। संस्कार केंद्र के संपर्क सदस्य रोहित यादव, गनेशी यादव और %नई पहल फाउंडेशन% के अन्य सदस्यों ने जानकारी दी कि इस केंद्र में हर रविवार बच्चों को नैतिक शिक्षा, संस्कार और दैनिक जीवन से जुड़े ज्ञान का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में संसद प्रतिनिधि मेलाराम ठाकुर, एकीकृत विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक श्याम सुंदर यादव और सुशील डहरिया, सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य, नई पहल फाउंडेशन के सचिव गनेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र परिहार, संयुक्त सचिव अभिषेक साहू, मीडिया प्रभारी रोहित यादव, आशुतोष मेहरा, सदस्य अर्जुन रजक, सत्यम सोनी, आदित्य नेमा, कैलाश ठाकुर, गनेशी यादव, पुष्प ठाकुर और पिंकी ठाकुर शामिल हुए। इसके अलावा, स्कूल के छात्र-छात्राओं और उनके परिजनों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

नई पहल फाउंडेशन के सचिव गनेश प्रजापति और अन्य सदस्यों ने बच्चों के साथ खेल और गीतों के माध्यम से मनोरंजक गतिविधियां आयोजित कीं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उपहार प्रदान किए गए। विकासखंड के अन्य क्षेत्रों में भी आयोजन यह कार्यक्रम विकासखंड गोटेगांव के सभी पांचों सेक्टर में आयोजित किया गया, जहां वाचनालय और संस्कार केंद्रों का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम का संचालन और आभार गनेश प्रजापति ने व्यक्त किया। राष्ट्रगान और स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर सोमवार, 13 जनवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



### आज 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती के अवसर सामूहिक सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय कार्यक्रम

# शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना के पीछे मैदान में आयोजित किया गया

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, महापौर श्री योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह, कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन सहित शहर के गणमान्य जनों ने स्कूली छात्र – छात्राओ के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार तथा प्राणायाम किया।

# हनुमना में: जल निगम की लापरवाही से सड़कों पर बढ़ा खतरा, हादसे की आशंका

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



हनुमना नवगठित जिला मऊगंज के हनुमना के ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों में जल निगम पाइपलाइन परियोजना के तहत सिविल इंजीनियरिंग कार्य में हो रही लापरवाही से ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों के सोल्डर (किनारों) को खोदा गया, लेकिन उन्हें ठीक से पुन: भरा या सड़क के समानांतर नहीं किया गया। इससे सड़कें असमतल हो गई हैं, जिससे आए दिन हादसे होने की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों का आरोप- लापरवाही चरम पर स्थानीय लोगों का कहना है कि सिविल इंजीनियरों और ठेकेदारों द्वारा काम के दौरान सड़क के किनारों को खोदने के बाद उसे वापस ठीक नहीं किया गया। सोल्डर सड़क के स्तर से नीचे छोड़ दिए गए हैं, जिससे खासकर रात के समय वाहन चालकों के लिए यह खतरे का कारण बन गया है।

**पूर्व में सीधी में हुआ हादसा :** ग्रामीणों ने बताया कि इसी प्रकार की लापरवाही के कारण पूर्व में सीधी जिले में एक बड़ा हादसा हो चुका है, जहां सड़क के असमतल होने के कारण एक बस पलट गई थी। कई लोग उस हादसे में घायल हुए थे। जल निगम के अधिकारी बने मौन स्थानीय निवासियों द्वारा इस समस्या की शिकायत जल निगम के अधिकारियों से कई बार की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारी इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे हुए हैं। उनकी यह निष्क्रियता भविष्य में किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। ग्रामीणों की मांग ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जल निगम के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द सोल्डर को सड़क के समानांतर किया जाए और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार इंजीनियरों और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**हादसे की आशंका बनी हुई है :** अगर जल्द ही यह समस्या हल नहीं की गई, तो ग्रामीण क्षेत्रों में वाहन चालकों को जान का खतरा बना रहेगा। प्रशासन को चाहिए कि वह समय रहते इस समस्या का समाधान करे, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# जागरूकता अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही

नितिन जौहरी
दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों को दृष्टिगत रखते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संपूर्ण प्रदेश में 01-01-2025 से 31-01-2025 तक सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात नियमों के प्रति एवं दोपहिया वाहन सवार द्वारा हेलमेट धारण न करना एवं चार पहिया वाहन चालक द्वारा सीट बेल्ट धारण न करने वाले शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही एवं जागरूकता हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसका प्रमुख उद्देश्य यातायात नियमों के बारे में प्रत्येक आमजन को जागरूक करना है, जिससे हर व्यक्ति यातायात नियमों के प्रति जागरूक हों और उनका पालन करे जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके 7

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गीतेश गर्ग और नगर पुलिस अधीक्षक श्री निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी सूबेदार श्री ब्रजमोहन धाकड़ के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई निरंतर जारी है, यातायात पुलिस की विगत रात्रि कालीन वाहन चेकिंग के दौरान एक लोडिंग वाहन स्क्व70-त्न-0817 चालक नशे की हालत में वाहन चलाते प्रतीत हुए, चालक को ब्रेथ एनालाइजर से चेक करने पर अल्कोहल की 165द्वद्द/100द्वद्य मात्रा की पुष्टि पाई गई , एवं मोटरसाइकिल स्क्व04-ड्डरू-0208, चालक नशे की हालत में वाहन चलाते प्रतीत हुए, चालक को ब्रेथ एनालाइजर से चेक करने पर अल्कोहल की 286द्वद्द/100द्वद्य मात्रा की पुष्टि पाई गई उक्त वाहनों के चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 में कार्यवाही कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया 7 उपरोक्त कार्यवाही आज दिनांक को माननीय न्यायालय द्वारा रुपए एक प्रकरण में 11500/- जुर्माना किया गया 7 एवं दो दिवस में बिना परमिट चलने वाले सवारी ऑटो को भी चेक किया गया जिसमें लगभग 30 से 35 ऑटो चेक किए गए जिनमें कमी पाए जाने पर वैधानिक चलानी चालानी कार्यवाही की गई इस प्रकार दो दिवस में कुल 24 चालान बनाए गए , जिनसे समन शुल्क रुपए 35500/- वसूल गया 7 शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको की ब्रेथ एनालाइजर से वाहन चेकिंग एवं यातायात पुलिस की सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी7

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा विवेकानंद जयंती मनाई गई



नितिन जौहरी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

आज विवेकानंद जी जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की एक बैठक अध्यक्ष के कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें स्वामी विवेकानंद के विचारों को याद किया गया द्ध 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाया गया जो भारत के एक महान संत दार्शनिक ग्राहक पंचायत, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं द्ध अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला इकाई सीहोर के सभी सदस्य उपस्थित हुए द्ध कोषाध्यक्ष प्रशांत राठौर तथा मीडिया प्रभारी शरद शर्मा को सीहोर इकाई में मनोनीत किया द्ध आगामी रूपरेखा तैयार की गई द्ध इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सीहोर इकाई के अध्यक्ष शिवप्रसाद दलोद्रिया, उपाध्यक्ष मनीष राठौर, सचिव शैलेंद्र राजपूत, सहसचिव जितेंद्र परमार, कोषाध्यक्ष प्रशांत राठोर, मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, शहर मीडिया प्रभारी राहुल परमार, विधि आयाम मान सिंह सेन, महिला आयाम अध्यक्ष उमा पालीवाल, पर्यावरण आयाम कृष्णा राजपूत उपस्थित हुए द्ध

# गुढ़ थाना प्रभारी के नेतृत्व में हमराह स्टॉप ने बलात्कार के आरोपी को महज 3 घंटे में किया गिरफ्तार

### गुढ़ पुलिस की तत्परता से बलत्कार का आरोपी पहुंचा सलाखों के पीछे, पीड़िता को मिला न्याय

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**गुढ़।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अनिल सोनकर तथा उप पुलिस अधीक्षक हिमाली पाठक के निर्देशन पर थाना प्रभारी गुढ़ शैल यादव के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। पीड़ित ने 10 जनवरी को गुढ़ थाने में आकर जानकारी दी कि आरोपी रोशनलाल पाण्डेय पिता स्व. लाल बिहारी पाण्डेय उम्र 25 वर्ष. नि. बल थाना गुढ़ जिला रीवा के द्वारा (बलात्कार) करने व जान से मारने की धमकी देने आरोपी पीड़िता के घर के बगल के ही व्यक्ति ने डरा धमका कर उसके साथ कई महीनो से गलत काम कर रहा था और गलत कार्य करने के बाद मुझे जान से खत्म कर देने और मार देने जैसे धमकियां देकर चुप रहने को कहता था जिस वजह से मैं डरी सहमी रहते हुए अपने घर में कभी बताई नहीं लेकिन उसके गलत कार्य करने की वजह से मुझे कुछ माह बाद प्रॉब्लम हुई तो में फिर इसकी जानकारी अपने माता पिता को दी जहां उन्होंने डॉ को दिखाने के बाद इसकी सूचना आवेदन के माध्यम से गुढ़ पुलिस को दी जिस पर थाना प्रभारी ने तुरंत हमराह स्टाफ के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को महज 3 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया।

**ये मामला पंजीबद्ध हुआ :** आरोपी रोशनलाल पाण्डेय के ऊपर थाना गुढ़ में अपराध क्र. 06/25 धारा 127(1), 333, 64(1), 351(2) बी. एन. एस. की धारा के तहत कार्यवाही की और आरोपी को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया गया। गिरफ्तार आरोपी 1- रोशनलाल पाण्डेय पिता स्व. लाल बिहारी पाण्डेय उम्र 25 वर्ष निवासी थाना गुढ़ जिला रीवा।

इस कार्यवाही महत्वपूर्ण भूमिका रही उनि. शैल यादव थाना प्रभारी गुढ़, सउनि. रन्नू देवी, प्र. आर. राकेश वर्मा, प्र. आर. अयोध्या प्रसाद प्रजापति, प्र. आर. रामरतन वर्मा, आरक्षक मनोज निनामा, विपिन यादव, मयंक गौतम, योगेन्द्र सिंह, राजकुमार गुप्ता, महिला आरक्षक अनामिका द्विवेदी, सैनिक काशी यादव, सैनिक गौरीशंकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# राज्यमंत्री श्री लोधी ने शासकीय सीएम राइज मॉडल स्कूल जबेरा में छात्र-छात्राओं के साथ किया सूर्य नमस्कार

### कंप्यूटर लैब का किया शुभारंभ, खेलों में अपनी प्रतिभा निखारने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र किए

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह** - प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक, न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी शासकीय सीएम राइज मॉडल स्कूल जबेरा पहुंच कर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर आयोजित सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शामिल होकर छात्र-छात्राओं के साथ सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया।इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री लोधी ने युवाओं को प्रेरणा स्त्रोत देश दुनिया में भारत का नाम प्रचलित करने वाले महान प्रवक्ता स्वामी विवेकानंद जी के चरणों में पुष्प समर्पित कर उनके उच्च विचारों का व्याख्यान किया। उन्होंने कहा सनातन संस्कृति को वैश्विक पटल पर पुनर्स्थापित करने वाले महान युवा संन्यासी, युग प्रवर्तक चिंतक, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उन्हें कोटिश: नमन एवं %राष्ट्रीय युवा दिवस% की सभी को हार्दिक बधाई। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा स्वामी विवेकानंद जी मानवता के सच्चे मार्गदर्शक है, आइए हम सभी %राष्ट्रीय युवा दिवस पर उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण हेतु संकल्पित हों। इस अवसर पर राज्य मंत्री श्री लोधी के द्वारा कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया गया। लैब के माध्यम से अध्यनरत विद्यार्थी तकनीकी रूप से शिक्षित होंगे। इस दौरान उन्होंने राज्य स्तरीय, संभाग स्तरीय, जिला स्तरीय खेलों में अपनी प्रतिभा को निखारने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की भी की। छात्रों के साथ वॉलीबॉल का आनंद लिया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में बाल रंग महोत्सव मनाया गया

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




सरस्वती विद्या मंदिर डिपो सीहोर में दिनांक 11 जनवरी को बाल रंग वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी श्री भारत जी सोनी एवं अनिल जी पालीवाल उपस्थित रहे। तथा राजगढ़ विभाग के विभाग समन्वयक श्री अंकित जी शुक्ला सरस्वती ज्ञान दायिनी विद्या मंडल की अध्यक्ष श्रीमती नीति राठौर सचिव श्री संतोष जैन श्रीमती शोभा चांडक श्री राजेश जी पाठक, श्री कुलभूषण बग्गा, तरुण सिसोदिया डॉ राम प्रताप सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे। आज द्वादशी पौष शुक्ल पक्ष के दिन ही तिथि अनुसार अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी इस महोत्सव की वर्षगांठ पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात भगवान राम का भी पूजन अर्चन किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती वंदना श्रीमती अर्चना तिवारी द्वारा की गई। अतिथि परिचय एवं विद्यालय का प्रतिवेदन संस्था प्राचार्य श्री जगन्नाथ जी सोहाग पूरे द्वारा बताया गया । भैया बहनों की आकर्षक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने योग से स्वास्थ्य, महाभारत के द्वारा धर्म एवं रानी लक्ष्मी बाई के जीवन गाथा को दर्शाया। इसके साथ ही स्वच्छता ,ऐतिहासिक तथा सोशल मीडिया किस प्रकार बच्चों ? के मन मस्तिष्क को प्रभावित करता है आदि का संदेश दिया गया साथ ही अहिल्याबाई एवं सावित्रीबाई फुले जैसी महान नारियों के बारे में भी बताया गया। अधिक से अधिक संख्या में लोगों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्रा मुस्कान रायकवार द्वारा किया गया एवं अंत में आभार श्रीमती विद्या अन्वेकर द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यालय में 29 वर्षों के लंबे समय तक सेवाएं देने वाली वरिष्ठ दीदी श्रीमती रजनी दिलखुश का सेवानिवृत्ति पर शाल श्रीफल एवं पुरस्कार तथा पुष्प हार भेंट कर सम्मान किया गया।

# 1534: एक भारत,श्रेष्ठ भारत,अखंड भारत :सांसद श्री राहुल सिंह

### विजन डॉक्यूमेंट को अंतिम रूप दिया गया- विधायक श्री मलैया

### विजन डॉक्यूमेंट जीवन में खुशहाली लाने की योजना- डा. कुसमरिया

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह।** - विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में आज कलेक्टर कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सांसद दमोह राहुल सिंह, पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया,मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया,जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल,कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा मुख्यमंत्री जी ने विजन डॉक्यूमेंट बनाने के लिए कहा है, आज पूरे दमोह का एक विजन डॉक्यूमेंट्री तैयार हुआ है, जैसा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का लक्ष्य है कि 2047 का भारत विकसित भारत हो, एक भारत, श्रेष्ठ भारत, अखंड भारत की हम जो कल्पना करते हैं, उस लक्ष्य को लेकर 2047 तक का विजन तैयार हुआ है। किस प्रकार से शिक्षा के क्षेत्र में दमोह आगे काम कर सकता है, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हम दमोह के लिए क्या बेहतर ला सकते हैं, चारों विधानसभाओं को लेकर डॉक्यूमेंट तैयार हुआ है, उसको फाइनल रूप दिया गया है और आने वाले समय में इस गाइडलाइन पर सरकार काम करेगी।पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा विजन डॉक्यूमेंट को अंतिम रूप दिया गया है, अगले 4 वर्षों में अलग-अलग विभागों में कौन-कौन से कार्य होंगे, इसमें हर विभाग लिया गया है। इसी के संबंध में बैठक आयोजित की गई सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए इसका विस्तार कार्य किया जाएगा।

# प्रायोजित कैंटर लूट की घटना का सफल अनावरण

### अपने साथ घटना कराने वाला कैंटर मालिक व चालक अपने अन्य तीन साथियों सहित गिरफ्तार



कब्जे से लूटा गया कैंटर दो सौ छ्त्तीस बोरे लहसुन (वजन करीब ग्यारह टन) सहित, घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार, अवैध असलहा बरामद ।बुलन्दशहर। अरनिया पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर ईशनपुर फ्लाई ओवर के नीचे से लूट की घटना कारित करने वाले चार अभियुक्तों नईम पुत्र नाशिर निवासी हावल थाना पिलखुवा थाना हापुड और सलमान पुत्र ईशहक निवासी मादापुर थाना पिलखुवा हापुड और शहरियाब पुत्र अफसर अली निवासी मादापुर थाना पिलखुवा हापुड और असलम पुत्र हकीकत निवासी वीरमपुर थाना सिम्भावली हापुड को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूटा गया कैंटर दो सौ छ्त्तीस बोरे लहसुन (वजन करीब ग्यारह टन), घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार व अवैध असलहा बरामद किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अरनिया पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 06 जनवरी 2025 की रात्रि में थाना अरनिया क्षेत्र में ईशनपुर फ्लाईओवर पर लहसुन से भरा एक कैंटर लूटने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना अरनिया में मुकदमा पंजीकृत हैं।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी ठोकर, बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत, कई टुकड़ों में बाइक



**शहडोल।** तेज रफ्तार कार ने बाइक को ठोकर मार दी इस घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना सोहागपुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर में घटी है। बाइक सवार युवक शहडोल से जैतहरी जा रहा था, तभी रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। और युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। घटना के बाद पहुंची पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार बुढार से शहडोल की ओर आ रही तेज रफ्तार कार एमपी 18 सीए 6765 ने कंचनपुर में बाईक सवार युवक जितेंद्र कुमार जोगी (25) को ठोकर मार दी, बाईक सवार युवक शहडोल से अपने घर जैतहरी जा रहा था। आमने-सामने भिड़ंत होने से बाईक के कई टुकड़े हो गए। तेज आवाज सुनकर आसपास खड़े लोग मौके पर दौड़ पड़े और बाईक सवार युवक को अस्पताल भिजवाने के लिए उसे उठाया गया लेकिन युवक की सांस मौके पर ही रुक गई थीं। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी लगने के बाद थाना प्रभारी सोहागपुर भूपेंद्र मणि पांडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बाईक सवार युवक के शव को मौके से अस्पताल पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भिजवाया गया। थाना प्रभारी ने इस संबंध में बताया है कि बाईक पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई है। युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। कार चालक के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। युवक शहडोल में अपने भाई से मुलाकात कर अपने घर जैतहरी जा रहा था तभी कंचनपुर के पास यह घटना घटी है। घटना के बाद शहडोल बुढार हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी, थाना प्रभारी ने बताया की हमें सूचना लगी तो टीम मौके पर तत्काल पहुंचकर जाम हटवाया और सड़क के बीचो-बीच पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक को भी किनारे करवा कर शव को अस्पताल रवाना किया गया।

# अदम्य युवा सेवा समिति शहडोल के द्वारा राज्य स्तरीय फाइनल दौड़ का किया गया आयोजन

### थीम-मोबाइल खेल से मैदान खेल की ओर, उठो जागो और अपनी सक्ति पहचानो



**शहडोल।** स्वामी विवेकानंद जयंती व गणतंत्र दिवस के अवसर पर अदम्य युवा सेवा समिति शहडोल, अदम्य खेल अकादमी शहडोल के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्यस्तरीय युवा गणतंत्र दौड़ वर्ष 2025 का फाइनल दौड़ हुआ। फाइनल दौड़ को विधायक श्रीमती मनीषा सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर दौड़ प्रारंभ की गई। चयन दौड़ से चयनित बेहतर (10 धाविका एवं 16 धावक) 26 खिलाडी सम्मलित हुए। जिसमें धावक 1600 मी. में प्रथम स्थान हरिदास मरावी डिंडोरी, द्वितीय स्थान दीपू सिंह सतना, तृतीय स्थान आशीष कुमार प्रजापति अनूपपुर, धाविका 800 मी. प्रथम राधा मरकाम मंडला, द्वितीय खेमलता परस्ते डिंडोरी, तृतीय सिमरन सिंह शहडोल ने प्राप्त किया। तथा विजेता धावकों को शील्ड भी किया गया। ''मुख्य दौड़'' के विजेता प्रतिभागियों को 26 जनवरी 2025 को शहडोल जिले में गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के करकमलों से पुरुस्कृत किया जायेगा। विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कार स्वरुप धावक और धाविका को नकद राशि प्रथम 5100, द्वितीय 3100, तृतीय 1100, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जावेगा। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ.केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, सहायक संचालक खेल रईस अहमद, योग प्रशिक्षक, शिक्षक, विद्यार्थी और आमजन उपस्थित थे।

# कैंसर की बीमारी से परेशान होकर नव विवाहिता ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस



**शहडोल।** कैंसर की बीमारी से तंग होकर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना सोहागपुर थाना क्षेत्र के गोरतरा तालाब टोला में रविवार की दोपहर हूई है। नव विवाहिता का फांसी के फंदे में शव लटका देख मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी लगने के बाद डायल 100 में तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और कार्यवाही के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी दी, जिसके बाद थाना स्टाफ मौके पर पहुंच पड़ताल कर रहा है। जानकारी के अनुसार सोहागपुर थाना क्षेत्र के गोरतरा तालाब टोला में नव विवाहिता सावित्री बैगा पति सुमन बैगा (25) ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना रविवार की दोपहर हुई है, महिला की पुत्री और पति किसी काम से घर से बाहर गए थे, तभी महिला ने कमरे का दरवाजा बंद किया और घर के अंदर सीलिंग में लगे पाइप से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। पिता और पुत्री जब घर वापस लौटे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था, काफी आवाज लगाने के बाद भी सावित्री ने दरवाजा अंदर से नहीं खोला, इसके बाद सावित्री के पति को शंका हुई और उसने अपनी पुत्री को छत में लगी अल्बेस्टर सीट पर चढ़या और सीट तोड़कर अंदर देखा गया तो सावित्री फांसी के फंदे में लटकी हुई थी, इसके बाद दरवाजा खोलकर पति अंदर पहुंचा और इस घटना की जानकारी आस पड़ोस के साथ-साथ पुलिस को दी गई। जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पड़ताल शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि महिला को 6 माह पहले कैंसर जैसी घातक बीमारी हो गई थी, जिससे वह काफी परेशान रहती थी और आए दिन वह अपनी जान देने की कोशिश भी किया करती थी, इस घटना की जानकारी परिजनों ने सबसे पहले पुलिस की डायल 100 को दी थी, जानकारी लगने के बाद डायल हंड्रेड में तैनात आरक्षक मनोज व पायलट प्रदीप तिवारी मौके पर पहुंचे और मामले की खबर थाना स्टाफ को दी गई है। जिसके बाद पुलिस मामले पर मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।



# विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक किया 'सूर्य नमस्कार'

### युवा दिवस के अवसर पर किया गया सूर्य नमस्कार का आयोजन

**शहडोल।** स्वामी विवेकानंद के जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर रविवार को संभागीय मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, कलेक्टर डॉ केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी एम एल पाठक, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे, डाइट प्राचार्य आर एस गौतम, शिक्षा विभाग से अरविंद कुमार पांडे, स्कूली विद्यार्थियों सहित गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्र गान का सामूहिक गायन, स्वामी विवेकानंद की पवित्र वाणी का प्रसारण, मध्यप्रदेश गान का प्रसारण हुआ। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संदेश का भी प्रसारण किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में प्रार्थना मुंद्रा, हस्तउत्तनासन, अश्व संचालनासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन एवं अन्य मुंद्राओं का अभ्यास कराया गया।



# अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में मुंबई की टीम हुई विजयी

**शहडोल।** अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार को सुभाष स्टेडियम धनपुरी में यूनियन बैंक ऑफ़ मुंबई एवं गुवाहाटी असम के बीच का खेल प्रारंभ हुआ जिसमें मुंबई 3 गोल से असम गुवाहाटी को पराजित किया गया है। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, अध्यक्ष नगर पालिका श्रीमती रविंद्र कौर छावड़ा, सहायक संचालक खेल रईस अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पुलिस ने की 02 नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा लंबित गुमशुदगी नाबालिग बालक/बालिका के प्रकरणों की समीक्षा की गई थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरणों का आवलोकन कर थाना प्रभारियों को दस्तयाबी हेतु समुचित निर्देश दिये गए थे, जिसके तारत्म्य मे थाना जयसिंहनगर पुलिस द्वारा 02 नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी की गई है। शुक्रवार को थाना जयसिंहनगर अंतर्गत 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर थाना जयसिंहनगर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जयसिंहनगर पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई। शनिवार को नाबालिग बालिका को थाना जयसिंहनगर क्षेत्रांतर्गत से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया। इसी प्रकार शनिवार को थाना जयसिंहनगर अंतर्गत 13 वर्षीय नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर थाना जयसिंहनगर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जयसिंहनगर पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई। रविवार को नाबालिग बालिका को थाना जयसिंहनगर क्षेत्रांतर्गत से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया।

# मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना एवं सामाजिक पेंशन योजना की राशि की अंतरित



**शहडोल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कालापीपल, जिला शाजापुर में आयोजित कार्यक्रम में 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को ?1553 करोड़, 55 लाख हितग्राहियों को ?335 करोड़ की सामाजिक सुरक्षा पेंशन सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि का अंतरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली रूप से लाड़ली बहना योजना के तहत शहडोल जिले के 190233 लाड़ली बहनों के खाते में 23.26 करोड़ रूपए एवं सामााजिक सुरक्षा पेंशन के लिए 89103 हितग्राहियों हेतु 5.34 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। उक्त कार्यक्रम को कलेक्टर कार्यालय के एन. आई. सी. कक्ष में वर्चुअली रूप से प्रसारित किया गया जिसे कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास मनोज लारोकर, परियोजना अधिकारी आनंद अग्रवाल सहित लाडली बहनों ने देखा एवं सुना।

# स्वयंसेवकों ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस लगाए सूर्य-नमस्कार



केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854

**नजीराबाद–राष्ट्रीय युवा दिवस (भारत)**महान स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दामखेड़ा (नजीराबाद) द्वारा सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजारामजी नेगी रिटायर्ड डिप्टी रेंजर वन परिक्षेत्र नजीराबाद रहें।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के जिला कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख डॉ रामकरण मीणा ने कहा , भारत में स्वामी विवेकानन्द की जयंती, अर्थात 12 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णयानुसार सन् 1984 ई. को %अन्तरराष्ट्रीय युवा वर्ष% घोषित किया गया। इसके महत्त्व का विचार करते हुए भारत सरकार ने घोषणा की कि सन 1984 से 12 जनवरी यानी स्वामी विवेकानन्द जयंती (जयन्ती) का दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में देशभर में सर्वत्र मनाया जाए। इस संदर्भ (सन्दर्भ) में भारत सरकार के विचार थे कि –ऐसा अनुभव हुआ कि स्वामी जी का दर्शन एवं स्वामी जी के जीवन तथा कार्य के पश्चात निहित उनका आदर्श–यही भारतीय युवकों के लिए प्रेरणा का बहुत बड़ा स्त्रोत हो सकता है। इस दिन देश भर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में तरह-तरह के कार्यक्रम होते हैं; रैलियाँ निकाली जाती हैं; योगासन की स्पर्धा आयोजित की जाती है; पूजा-पाठ होता है; व्याख्यान होते हैं; विवेकानंद साहित्य की प्रदर्शनी लगती है।



# युवा दिवस के अवसर पर गणतंत्र दौड़ का किया गया आयोजन

**शहडोल।** स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस एवं युवा दिवस के अवसर पर संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में बालक समूह में 1600 मीटर एवं बालिका समूह में 800 मीटर की गणतंत्र दौड़ का आयोजन किया गया। गणतंत्र दौड़ के बालक समूह में प्रथम स्थान हरिदास मरावी, द्वितीय स्थान दीपू सिंह एवं तृतीय स्थान आशीष कुमार प्रजापति ने प्राप्त किया। इसी प्रकार बालिका समूह में प्रथम स्थान राधा मरकाम, द्वितीय स्थान खेमलता एवं तृतीय स्थान सिमरन सिंह ने प्राप्त किया। दौड़ में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक एवं बालिकाओं को विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी व प्रतिभागी उपस्थित थे।

# हिन्दू जीवन शैली हमें सिखाती है कि कोई हमसे मिले तो उसे अपनापन लगे-विष्णु खत्री

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854



**बैरसिया।** आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है। जिसे हम युवा दिवस के रुप में मना रहे है। स्वामी विवेकानंद जी के समय भारत गैर गणराज्य देश था। इसके बाबजूद भी उन्होंने पूरे विश्व में भारत की पहचान बनाई थी। शिखगो में अपने व्यख्यान से पूरा विश्व उनके विचारों से प्रभावित हुआ था। उन्होंने बताया था कि हिन्दू जीवन शैली हमे सिखाती है कि कोई हमसे मिले तो उसे अपनापन लगे, उसे लगे कि वह हमें वर्षों से जानता हो। यह बात बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने पीएम श्री सरोजिनी नायडू गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में युवा दिवस के मौके पर आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के दौरान कही।

उन्होंने स्कूल की छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी एक योगी पुरूष थे, आज हम उनके बातये हुए योग प्राणायाम से शरीर को स्वस्थ रख सकते है। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने रेडियो के माध्यम से सूर्य नमस्कार और प्राणायाम किया। छात्राओ के साथ विधायक विष्णु खत्री ने भी सूर्य नमस्कार और प्राणायाम किया।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**लहरपुर।** सीतापुर। थाना लहरपुर पुलिस टीम -प्र.नि.विजयेंद्र सिंह, उ.नि.मनोज कुमार गुप्ता, हे.का.सुभाष मौर्य, का.सौरभ यादव द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त वसीम पुत्र वसीर नि.सैदापुर थाना लहरपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार व एक बाल अपचारी को निगरानी में लिया गया। जिनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर प्लस बिना नंबर प्लेट बरामद हुई है। बरामद मोटरसाइकिल उसने दिनांक 8.1.25 को मोहल्ला कटरा से चोरी हुई थी जिसके संबंध में थाना लहरपुर पर मु.अ.सं. 14/25 पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

### गांवों में आवारा कुत्तों का आतंक, चलते फिरते लोग बन रहे निशाना



**इमलिया सुल्तानपुर/सीतापुर।** आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ाता नजर आ रहा है , 6,7 दिनों के अन्दर आवारा कुत्तों ने अलग-अलग गांवों में महिला,बच्चों जानवरों समेत कई लोगों को काट-काट कर घायल कर दिया। क्षेत्र में आवारा कुत्तों के आतंक का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह कबीर पुर सरकारी कोटे की दुकान पर गल्ला लेने गई देहेलिया निवासी गया प्रसाद की पत्नी को और कबीर पुर निवासी जय देवी व केशव के पौत्र को आवारा कुत्तों ने नौंच डाला।6,7 दिन पहले कोरैया गांव में भी एक आवारा कुत्ते का आतंक देखने को मिला था एक ही दिन में कई लोगों को निशाना बनाया था। सोहन, लवकुश, कृष्णा, श्रष्टि और भी कई लोगों को निशाना बनाया और कई जानवरों को भी काटा था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक फैला है और लोगों में दिलों में कुत्तों का भय सा बना रहता है।

### 2 लाख से अधिक लाड़ली बहना के खाते में आए 25 करोड़ से अधिक की राशि




**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के शाजापुर के कालापीपल में आयोजित रा'यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को रूपये 155× करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 55 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को ××5 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। 26 लाख बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग के 27 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की गई। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत सीधी जिले की 02 लाख 11 हजार 19 पात्र महिलाओं के खाते में प्रति महिला एक हजार 250 रूपये के मान से 25 करोड़ 89 लाख 67 हजार 750 रूपये की राशि अंतरित की गई। स्थानीय मानस भवन में सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक की अध्यक्षता तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में 02 लाख 11 हजार 19 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत जनपद पंचायत कुसमी में 17 हजार 5×6 महिलाओं, जनपद पंचायत मझौली में 29 हजार ×95, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 44 हजार 405, जनपद पंचायत सीधी में 54 हजार 899 तथा जनपद पंचायत सिहावल में 51 हजार 849 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ ही नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को भी लाभांवित किया गया। इसमें नगर पालिक सीधी में 6 हजार 220, नगर परिषद चुरहट में 2 हजार 447, नगर परिषद मझौली में 2 हजार 108 तथा नगर परिषद रामपुर नैकिन में 2 हजार 160 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये प्रत्येक महिला के मान से राशि अंतरित की गई।

# ब्लॉक मिश्रिख में प्रधान व सचिव ने वित्तीय धनराशि को लगाया ग्रहण

**सीतापुर( मिश्रिख )।** विकास खण्ड मिश्रिख में सचिव व प्रधान में मिलकर लाखो का घोटाला कर डाला, प्रधानो ने सचिव से मिलीभगत कर पँचम /15वे वित्त की धनराशि को अपने व अपने परिजनों के नाम भुगतान कर जारी आदेशो की धाज्जिया उड़ा दी है, जारी शाशनादेश के मुताबिक प्रधान मानदेय के अतिरिक्त कोई भी भुगतान अपने नाम नही करेगा व न ही अपने परिजनों व सगे संबंधियों के नाम किसी प्रकार का भुगतान करेगा। वही विकास खण्ड मिश्रिख में सचिव ने प्रधान व प्रधान परिजनों के नाम भुगतान कर लगातर घोटाले को अंजाम दे रहे है। बताते चले कि विकास खंड की ग्राम पंचायत इस्लाम नगर में प्रधान रामकिशोर ने पँचम /15वे वित्त की धनराशि का लाखो रूपए अपने नाम पर भुगतान करा लिया वही सचिव ने भी जारी आदेशो को दर-किनार कर प्रधान के नाम पर भुगतान कर दिया सचिव ने प्रधान के नाम पर लगभग 7 लाख रुपये का भुगतान कर सरकारी धन बंदरबाँट किया है। वही ग्राम पंचायत मोहम्मद नगर में प्रधान दशरथ ने अपने भतीजो को मालामाल कर दिया, प्रधान ने अपने दोनो भतीजो को वित्त की धनराशि से लाखों का भुगतान कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है, प्रधान ने अपने भतीजे नरेंद्र व अखिलेश को मजदुरी के नाम पर




लाखों का भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाँट कर वित्त खातों को खाली कर डाला। ग्राम पंचायत रन्नूपुर में प्रधान राजकुमारी के नाम मजदुरी का भुगतान किया गया,प्रधान ने सचिव से मिलीभगत कर वित्तीय खातों से अपने नाम पर मजदुरी का भुगतान कर फर्जीवाडा कर डाला। जब इस सम्बन्ध में सचिव प्रशांत सिंह से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो फ़ोन नही उठाया गया।

### मछरेहटा में भी प्रधान व परिजनों के नाम भुगतान जारी

जनपद की विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायतों में सचिवो ने प्रधान व प्रधान परिजनों के नाम भुगतान कर घोटाला कर रहे है, ग्राम पंचायत गोंडा में प्रधान केतकी देवी ने सचिव से मिलीभगत कर अपने परिवारीजनों के नाम भुगतान कर गोलमाल किया है प्रधान ने अपने पति के चार भाइयो के नाम जारी आदेशो को धज्जियां उड़ाते हुए लाखो का भुगतान कर दिया जिसमे चालू वित्तीय वर्ष में मेवालाल के नाम पर लगभग 24 हजार 410, विजेंद्र का नाम 49 हजार 600 का भुगतान, अनूप कुमार के नाम 13600 व ओम प्रकाश के नाम लगग 1600 का भुगतान कर दुरुपयोग कर डाला। ग्राम पंचायत लौहंगपुर में सचिव ने प्रधान जय प्रकाश सिंह के नाम पर दिनाक 04.09.2024 को 14500 गौशाला में तार मरम्मत कार्य,दिनाक 12.06.2024 को 7000 तालाब भरवाई, 24.05.2024 को 10600 आंगनबाड़ी में बर्तन क्रय, 15600 गौशाला डीजल क्रय व 14600 बूथ पर व्यय व अन्य कई भुगतान कर लाखो रुपये का वित्तीय धनराशि का बंदरबाँट किया है।

### दहेज रहित आदर्श सामूहिक विवाह समारोह

**सिधौली -सीतापुर।** तहसील मुख्यालय पर राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विवाह सेवा संस्थान सिधौली द्वारा दहेज रहित आदर्श सामूहिक विवाह समारोह व हलवाई गुप्ता समाज के द्वारा युवा सम्मान समारोह का आयोजन हरियाली मैरिज लान मे संपन्न हुआ। सम्मान समारोह के अवसर पर युवाओं को विवाह समारोह के सफल होने के आयोजन मे उनके द्वारा किये गये सहयोग एवं सामाजिक कार्यो के लिए संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया इस आयोजन मे संस्था के पदाधिकारियो ने रमेश चंद्र गुप्ता , राकेश गुप्ता ,प्रभात गुप्ता, राकेश ज्वेलर्स ,दीपक गुप्ता , अन्ना गुप्ता ,कमलेश गुप्ता , ऋषि नाथ गुप्ता , संजय गुप्ता ,संतोष गुप्ता , दिलीप गुप्ता , शिवकुमार गुप्ता , के द्वारा युवा बच्चों को सम्मानित किया गया है।

# इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र दहशत बरकार : बाघ के पग चिन्ह, फिर मिलेने से ग्रामीण भयभीत

**इमलिया सुल्तानपुर/सीतापुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघ की दहशत थमने का नाम ही नहीं ले रही है। तो कही किसी मवेसी को अपना निवाला बना रहा है कहीं उसके पगचिन्ह दिखाई पड़ रहे हैं। जिसके चलते इलाके के लोगों में बाघ का खौफ इस कदर है कि लोग अपने खेतों की तरफ जाने से भी कतराते हैं रोजाना कहीं ना कही बाघ किसी मवेशी को अपना निवाला बना रहा है और माता पिता अपने बच्चों को स्कूल भेजने में भी डर रहे हैं। हालत यह है कि बाघ के खौफ से लोग अपने घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। जबकि वन विभाग सिर्फ कांबिंग तक ही सीमित है और ढ़ोलई कला गाँव में वन विभाग द्वारा लगाया गया पिंजरा भी अभी तक नाकाम साबित हुआ है। सीतापुर रेंज के अंतर्गत विशुनपुर गाँव के दक्षिण रामकिशोर के सरसौ के खेत में ग्रामीणों को बाघ के पगचिन्ह दिखाई पड़े जिससे लोगों में बाघ का खौफ और अधिक बढ़ गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार - बीते कई दिनों से विशुनपुर गाँव में बाघ के पगचिन्ह लगातार देखने को मिल रहे हैं इसके साथ



ही कई लोगों ने बाघ देखने व उसकी आवाज सुनने का भी दावा किया है। और पूर्व में मिले पगचिन्हों के आधार पर वन विभाग भी क्षेत्र में बाघ होने की पुष्टि कर चुका है। क्षेत्र में चहलकदमी कर रहा बाघ अब तक कई मवेशियों, कुत्तों व नीलगाय को अपना निवाला बना चुका है। मवेशियों पर बार- बार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में भय इस कदर व्याप्त है कि लोग अपने खेतों के कामों को छोड़कर घरों में कैद हैं। ढ़ोलई कला गाँव में बाघ को पकड़ने के लिए हरगांव वन रेंज की तरफ से विभाग ने जो पिंजरा लगाया था वह अभी तक नाकाम रहा और बाघ पिंजरे के नजदीक तक नहीं आया। लोगों का कहना है कि पिंजरा विशुनपुर गाँव में लगना चाहिए क्योंकि अधिकतर पगचिन्ह विशुनपुर गाँव में ही मिल रहे हैं। रविवार को भी बाघ के पग चिन्ह दिखाई दिये। विशुनपुर के दक्षिण तालाब में जहाँ वन विभाग के द्वारा कैमरे लगवाए गए थे वहां से लगभग 100 मीटर की दूरी पर फिर निशान मिलने से ग्रामीणों दहशत का माहौल है।क्षेत्र में बाघों की संख्या का पता लगाने के लिए बुधवार को वन विभाग ने पगचिन्हों में पीओपी भरकर नमूने भी लिए थे। बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग के अगले कदम का ग्रामीणों को इंतजार है।क्षेत्र के विशुनपुर, ढ़ोलई कला, रोजहा, बसेती, रामविलासपुरवा, फर्रकपुर सहित आसपास के अन्य कई गाँवों में बाघ की चहलकदमी व दहशत बरकरार है।

### महिला ने खाया विषैला पदार्थ



**सिधौली-सीतापुर ।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गंधौली में शनिवार को देर सांयकाल (22 )वर्षीय महिला ने खाया विषैला पदार्थ हालत बिगड़ने पर उपचार हेतु परिजनों द्वारा लाया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लाया गया , जहां डॉक्टरों ने भारी मशक्कत कर महिला की जान बचाई । कोतवाली के गंधौली गांव निवासिनी रेखा (22 )वर्ष पत्नी शैलेंद्र ने किन्ही कारण वंश पति के घर पर न होने के चलते विषैला पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे रेखा की हालत बिगड़ी परिवारिजनों के द्वारा उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर ने भारी मशक्कत कर महिला की जान बचाई। महिला को उपचार के बाद डॉक्टर ने स्वास्थ्य हालत देख छुट्टी दे दी गई है।

# शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी गया नकदी/माल बरामद

**सिधौली सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में लूट/चोरी आदि जैसी घटनाओ को गंभीरतापूर्वक लेते हुए टीमे गठित कर घटनाओं के शीघ्रातिशीघ्र अनावरण व संलिप्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया है।उक्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 प्रवीन रंजन सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार के नेतृत्व में थाना सिधौली पुलिस टीम थाना सिधौलीङ्क उ0नि0 कौशल किशोर, आरक्षी फिरोज आलम , आरक्षी ऋषि देव द्वारा चोरी की घटना में संलिप्त प्रकाश में आये/वांछित अभियुक्त श्यामूपाल उर्फ शिवमपाल उर्फ शिवकुमार बघेल पुत्र महेश्वर दयाल पाल निवासी मो0 गांधीनगर दक्षिणी कस्बा सिधौली




थाना सिधौली जनपद सीतापुर को बिजलीघर के निकट नहर नाला पुलिया सिधौली के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। अभियुक्त के कब्जे से कुल 3000 रूपये नगद, एक अदद जियो सेटअप बॉक्स मय कनेक्टर केबिल व एक अदद रिमोर्ट व एक अदद फिंगर प्रिंट मशीन व एक अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं। अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उसके द्वारा दिनांक 6/7.12.24 की रात्रि मोहल्ला संतनगर में तथा दिनांक 6.1.25 को कस्बा सिधौली स्थित एक जनसेवा केंद्र में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। थाना सिधौली पर दोनो घटनाओं के संबंध में मु.अ.सं 330/2024 धारा 305/317(2) बीएनएस व मु.अ.सं. 005/2025 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी/नकबजनी आदि जैसे आपराधिक कृत्यों में करीब आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में थाना सिधौली पर मु.अ.सं. 13/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है।

# जिधर जवानी चलती है उधर ज़माना चलता है : अविरल



**खैराबाद सीतापुर ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में आयोजित युवा संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन नगर खैराबाद के सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया जिसमें नगर के संपर्क प्रमुख अविरल का बौधिक प्राप्त हुआ। अविरल ने बताया कि किस प्रकार स्वामी विवेकानंद जी ने संपूर्ण विश्व में हिन्दुत्व के परचम को लहराया उन्होंने ये बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के पग चिन्हों पर चलकर संपूर्ण विश्व का कल्याण कैसे हो सकता है । उन्होंने बताया कि विवेकानंद जी ने कहा था कि उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न कर लो, उन्होंने यह भी बताया कि हम सभी एक जुट होकर सम्यक दिशा में आगे बढ़कर देश और दुनिया को एक दिशा दिखाने का कार्य कर सकते है बस हमें सिर्फ एक रहकर आगे बढ़ना है। कार्यक्रम में प्रांत कार्यवाह प्रशांत , नगर संघ चालक सविनय सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

# विधायक मनीष रावत का जन्मदिन उल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया गया

**सिधौली/सीतापुर ।** विधानसभा सिधौली के यशस्वी, सहज, सरल, विनम्र, मृदुभाषी, प्रेरक, मार्गदर्शक एवं जमीनी नेता माननीय विधायक श्री मनीष रावत का जन्मदिन सिधौली गांधीनगर स्थित उनके आवास पर हजारों शुभचिंतकों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण केक कटिंग समारोह रहा, जहां सभी शुभचिंतकों ने विधायक जी को सर्कल में खड़ा कर हर्षध्वनि के साथ जन्मदिन की बधाई दी। विधायक मनीष रावत ने आत्मीयता दिखाते हुए स्वयं अपने हाथों से आए हुए सभी वरिष्ठ अतिथियों को केक खिलाया, जिससे वातावरण और भी भावुक एवं आत्मीय हो गया। इस अवसर पर कई ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं अन्य




क्षेत्रीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने विधायक जी को पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों के लिए विशेष जलपान की व्यवस्था की गई थी। विधायक श्री मनीष रावत ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, आप सभी का प्रेम और विश्वास ही मेरी ताकत है। मैं सदैव अपने क्षेत्र की सेवा में तत्पर रहूंगा और सिधौली को विकास के नए आयामों पर ले जाने के लिए प्रयास करता रहूंगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पार्टी कार्यकर्ताओं, स्थानीय युवाओं एवं शुभचिंतकों का विशेष योगदान रहा। पूरे क्षेत्र में विधायक जी के जन्मदिन को लेकर उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया।

# भूतों के साये में चंद्रसेनी का वर्षों पुराना पंचायत सचिवालय

## बैठक छोड़ दे साफसफाई तक से वंचित , लाखो खर्च हालात जस के तस

**सेवता-सीतापुर।** शासन के दिशा निर्देश है कि गाँव की जनता को एक ही छत के नीचे हर योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए सरकार करोड़ो रूपये खर्च कर लिए हर गाँवो में पंचायत सचिवालयों का निर्माण तो कराया गया। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते विकास खंड रेउसा के ग्राम पंचायत चंद्रसेनी गाँव में डेढ़ दशक पूर्व बना पंचायत सचिवालय भूतों का साया साबित हो रहा है। जिस पर किसी जिम्मेदार अधिकारियों ने खंडहर में तब्दील हो रहे पंचायत सचिवालय की किसी ने सुधि नहीं ली। गाँव के राम स्वरुप, राजीव सिंह, गजराज सिंह, शिव कुमार, नीलू भारती आदि ग्रामीणों की माने तो यह पंचायत सचिवालय में बैठकें छोड़ कर साफ-सफाई का इंतजार कर रहा।अगर बात की जाये स्वच्छता की तो अभी तक



प्रशासनिक भवन भी साफ सफाई की बाट जोह रहा है। विकास क्षेत्र रेउसा के जिम्मेदारों द्वारा इतनी सजगता से साफ-सफाई अभियान चलाया गया कि ग्राम सभा चन्द्रसेनी में बना पंचायत सचिवालय आज भी साफ सफाई का इंतजार कर रहा है। लम्बे अरसों से जर्जर के हालत में बना पड़ा पंचायत सचिवालय के अन्दर उगी घास फूस व मुख्य द्वार पर लगे कूडे के ढेर साफ सफाई की पोल खोल रहा है। यह पंचायत सचिवालय जिम्मेदारों की लापरवाही से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। जिससे आज यह चोर उच्चक्को की महफूज जगह बनी हुई है। यहां के आला अधिकारियों द्वारा कितनी सफाई की गंगा बहाई गई है। अब तस्वीर साफ है कि यहां जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कितनी सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। जबकि प्रशासनिक भवन ही रंग रोगन व साफ-सफाई से वंचित है, तो अन्य जगह की हालात कितनी बद से बदतर होगी। साफ सफाई के अलावा भवन का टूटा हुआ गेट वर्षो से रंग रोगन की राह देखती इमारत और परिसर मे खराब पडा नल सारी बातों की हकीकत बयां करता है,कि यहाँ पर कितनी विकास की गंगा बहाई जा रही है इस बारे में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्रसेनी अखिल सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि, लम्बे अरसों से ग्राम सभा सचिवालय जर्जर हालत में है। इस लिए पड़ोस के डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामुदायिक भवन चंद्रसेनी में बैठकें आदि की जाती हैं। जिसके बाद ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश सिंह बात की गई,तो उन्होंने बताया की साफ-सफाई कि लगातार साफ-सफाई कराई जाती है। जबकि ग्राम सभा सचिवालय की इमारत काफ़ी जर्जर हालात में है।

# आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए दो परिवार



**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन सीतापुर में पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र एवं काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुनकर काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान 02 जोड़े .सादिया बानो पत्नी इसरार अली नि.थानाक्षेत्र बिसवां सीतापुर ,.गोल्डी पत्नी नीरज नि.बरदहा पर्वतपुर थाना सदरपुर सीतापुर ने आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए एवं परिवार परामर्श केंद्र द्वारा 02 जोड़ो की विदाई कराई गई। काउंसलिंग के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उ.नि. मधु यादव, महिला आरक्षी गीता, म0 आरक्षी कल्पना, आरक्षी शिवा, काउंसलर विकास वर्मा, सुश्री मांडवी मिश्रा, श्रीमती सांता महावर आदि मौजूद रहे।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर सोमवार, 13 जनवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीन मेथेनॉल गैस प्रोजेक्ट की प्रस्तावित स्थापना के दृष्टिगत आज चिह्नित भूमि का स्थलीय निरीक्षण



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने तहसील टांडा अंतर्गत ग्राम माझा अवसानपुर में प्रस्तावित ग्रीन मेथेनॉल प्रोजेक्ट की स्थापना हेतु चिन्हित भूमि का मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ सदानंद गुप्ता, अधिशाषी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशाषी अभियंता बाढ़ खंड, उप जिलाधिकारी टांडा, तहसीलदार टांडा व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों और संबंधित कंपनी के डायरेक्टर के साथ भौतिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट स्थापना के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रेरणादाई नेतृत्व में प्रदेश के साथ-साथ जनपद में भी बृहद स्तर पर उद्योग स्थापित किया जा रहे हैं। उद्यमियों को उद्योग की स्थापना के लिए सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी के क्रम में लगभग 5800 करोड़ रुपए की लागत से ग्रीन मेथेनॉल गैस प्रोजेक्ट की प्रस्तावित स्थापना के दृष्टिगत आज चिह्नित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया इस परियोजना के स्थापित होने से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा।

### रेलवे ट्रेक से रेलवे के मोटर चोरी करने वाले गिरोह के तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**बुलन्दशहर।** स्वाट टीम व थाना गुलावठी पुलिस व आरपीएफ टीम द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर रेलवे ट्रेक से रेलवे के मोटर चोरी करने वाले गिरोह के तीन अभियुक्तों सुधीर उर्फ तोतला पुत्र किशन चंद निवासी ग्राम भमरा थाना गुलावठी जनपद बुलंदशहर। और फिरोज पुत्र बाबू निवासी उपरोक्त। और सलमान पुत्र फारूख निवासी उपरोक्त को ग्राम अकबरपुर रेलवे अंडरपास बाग से मोटर के पार्ट्स, दो लच्छे तांबे के तार, मोटर के कवर, चोरी करने के उपकरण आदि सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

**कब्जे से मोटर के पार्ट्स, दो लच्छे तांबे के तार, मोटर के कवर, चोरी करने के उपकरण आदि बरामद।**

गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है जिनके द्वारा रेलवे ट्रेक से छेड़छाड़ करने व सामान चोरी करने की घटनाएं कारित की गयी है जिससे रेलगाड़ी के आवागमन के दौरान, रेलगाड़ी का पटरी से उतरकर दुर्घटनाग्रस्त होने से डी-रेलमेन्ट होने की प्रबल सम्भावना थी जिसपर तत्समय त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए स्वाट टीम, थाना गुलावठी पुलिस एवं आरपीएफ़ टीम द्वारा उक्त शातिर अभियुक्तों को गिरफ़्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 02 जनवरी 2025 को थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत न्यू गुलावठी रेलवे स्टेशन से पाइंट मशीन का मोटर चोरी करने की घटना कारित की गयी थी।

# संयुक्त टीम द्वारा 03 शातिर चोरों को 02 मोटरसाइकिल व अन्य सामान सहित किया गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में पुलिस के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में अपराध नियन्त्रण एवं तलाश वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना को0 अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-746/24 धारा-305 बीएनएस में वादी मुकदमा अमर बहादुर यादव पुत्र टेकई प्रसाद यादव निवासी रग्घूपुर थाना को अकबरपुर अम्बेडकरनगर के घर हुई चोरी व मु0अ0सं0-601/24 धारा-303(2) बीएनएस मे वादी मुकदमा किशन वर्मा पुत्र राम कुमार वर्मा नि0 देईपुर थाना इब्राहिमपुर की मोटरसाइकिल चोरी के तलाश के सम्बन्ध में मोटरसाइकिल की बरामदगी व उक्त चोरी की घटना के सफल अनावरण हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में मुखबिर



की सूचना पर जमुनीपुर नहर के पास पुलिस टीम द्वारा दौराने चेकिंग 03 संदिग्ध व्यक्ति दिग्विजय वर्मा पुत्र रामकुमार वर्मा निवासी ग्राम सतरही थाना सम्मनपुर मूल पता तेंदुआ पियारेपुर थाना को0 टाण्डा, प्रियांशु कन्नौजियाच पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ग्राम सतरही थाना सम्मनपुर एवं राजन वर्मा पुत्र बेकारू राम वर्मा निवासी ग्राम बरौरा कल्याणपुर थाना सम्मनपुर को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल (वाहन संख्या-यूपी 42 ए एच3276) बरामद हुई जो मु0अ0सं0-601/24 धारा-303 (2) बीएनएस सम्बन्धित है। पुलिस टीम द्वारा कढ़ाई से पुछताछ करने पर बताया गया कि ग्राम रग्घुपुर में एक घर में घुस कर जेवरात व पैसे चोरी किये गये थे जिसे अभियुक्तों द्वारा राहगीरो में बेच दिया गया था। अभियुक्तों के पास से कुल चोरी के 8200/- रुपये बरामद हुये है जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-746/24 धारा-305 बीएनएस पंजीकृत है। उपरोक्त अभियुक्तों से एक अन्य मोटरसाइकिल (वाहन संख्या-यूपी 45ए ई 8451) बरामद हुई जिसके सम्बन्ध में थाना अलीगंज में मु0अ0सं0-9/25 धारा-303(2) बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्तों से चोरी का 01 इनवर्टर व 02 अदद बैटरी बरामद हुई है जिसके सम्बन्ध में थाना को0 टाण्डा में मु0अ0सं0-9/25 धारा-331(4)/305 बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्तगण मय माल के समय करीब 02.15 बजे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त फरार है जिसे अतिशीघ्र गिरफ्तार कर कार्यवाही की जायेगी। गिरफ्तार अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

## मानक पूरे नहीं और ट्रामा सेंटर का हो रहा संचालन

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** शहर के निमियहवा पोखरा में मेड़लाइफ हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का बोर्ड लगाकर लोगों को लुभाया जा रहा है। सुविधाएं तो छोड़िए यहां पर ट्रामा सेंटर के मानक ही पूरे नहीं हैं। पड़ताल के समय वहां कोई एंबुलेंस तक नहीं दिखी । और न ही सिटी स्कैन व ब्लड बैंक खुद का दिखा। अफसरों की लापरवाही का यह आलम है कि ट्रामा सेंटर के नाम पर चल रहे अस्पताल के मानकों की जांच तक नहीं की जाती।जिला मुख्यालय पर हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का लंबा-चौड़ा बोर्ड लगाकर चलाया जा रहा है। ऐसी स्थित में मानक तो दूर की बात है यहां पर्याप्त सुविधाएं तक नहीं है। ये हैरान करने वाली असलियत शुक्रवार को मीडिया की पड़ताल में सामने आई। जहां बड़े-बड़े अक्षरों में ट्रामा सेंटर लिखकर लोगों को लुभाया जा रहा है। इस ट्रामा सेंटर में मरीजों को अलग-अलग रखने की सुविधाएं भी ठीक से नहीं दिखीं। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों की जान बचाने के लिए ब्लड बैंक की भी व्यवस्था नहीं मिली। यदि किसी मरीज को ब्लड की आवश्यकता पड़ जाए तो भगवान भरोसे ही उसका जीवन रहेगा। सिटी स्कैन, आइसीयू, वेंटीलेटर, आक्सीजन पाइप लाइन भी अस्पताल में नहीं है। ऐसे में तो ट्रामा सेंटर के नाम पर मरीजों के साथ धोखा हो रहा है। ट्रामा सेंटर में आर्थोसर्जन के अलावा बांकी स्टाफ तो है पर न्यूरोसर्जन का अभाव है। इसके अलावा प्रशिक्षित स्टाफ के मानक का कोई आंकलन भी नहीं है। गैर प्रशिक्षित हाथों में मरीजों के उपचार की कमान होने से जान का संशय बना रहता है। संचालक ने बताया कि आवश्यता पड़ने पर अन्य चिकित्सीय स्टाफ को बाहर से बुलवा लिया जाता है। मरीजों को अच्छा-अच्छा उपचार देने का प्रयास रहता है।

**क्या हैं ट्रामा सेंटर के मानक :-**

-चार आपरेशन थियेटर होने चाहिए जिसमें न्यूरो हड्डी व पेट के लिए अलग-अलग आपरेशन थियेटर हों।

-आइसीयू की सुविधा होनी चाहिए।

-ब्लड बैंक, एमआरआइ व सीटी स्कैन की सुविधा हो।

-न्यूरो सर्जन व आर्थोपेडिक सर्जन सहित दूसरे सभी सर्जन 24 घंटे ट्रामा सेंटर में ही मौजूद रहें।

-आठ-आठ घंटे की ड्यूटी पर प्रत्येक विधा के तीन विशेषज्ञ होने चाहिए।

-ट्रामा मरीजों के लिए अलग व्यवस्था हो, यहां पर सामान्य मरीज न रखे जाएं।

### शासकीय महाविद्यालय मझौली में प्राणायाम का कार्यक्रम संपन्न

**सीधी।** शासकीय कला एवं वाणि'य महाविद्यालय मझौली में मध्य प्रदेश शासन उ'च शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुपालन में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम तथा मध्य प्रदेश गान से की गई तत्पश्चात अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्र'वलन कर किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को नई ऊर्जा एवं दिशा प्रदान करते हैं एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनने की ओर प्रेरित करते हैं। सनातन संस्कृति को वैश्विक पटल पर स्थापित कर समूचे विश्व में देश का मान बढ़ाया है। उनका जीवन युवाओं के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इसके बाद महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में सन 189× में शिकागो में विश्व धर्म संसद में हिंदू धर्म एवं भारतीय आध्यात्मिकता पर स्वामी विवेकानंद जी द्वारा दिए गए भाषण एवं माननीय मुख्यमंत्री के रिकॉर्डिंग संदेश का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

## देश-दुनिया सत्य के रूप में अयोध्या में रामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के भव्य मंदिर देख रही है : सीएम योगी

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में कहा कि राम हैं तो राष्ट्र है, राष्ट्र है तो राम हैं। दोनों को अलग करके नहीं देखा जा सकता, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक इन्हीं आराध्य देवों के कारण आज भारत है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत को आगे बढ़ाया जा रहा है। हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि उस अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि सत्य को अधिक दिनों तक धुंधला करके कोई नहीं रख सकता है। सत्य एक दिन उजागर होगा। देश-दुनिया सत्य के रूप में अयोध्या में रामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के भव्य मंदिर देख रही है। प्रभु राम के भव्य मंदिर का निर्माण दुनिया में दबी-कुचली सभ्यता व संस्कृति के लिए संदेश भी है कि लोकतांत्रिक, संविधान सम्मत तरीके से अधिकार लिए जा सकते हैं। अयोध्या में रामजन्मभूमि के लिए हुए अनगिनत बलिदान व उन सब मूल्यों के साथ अग्निपरीक्षा के दौर से बार-बार गुजरने के बाद भी धैर्य न खोना इस अभियान का हिस्सा रहा है। विश्वास है कि हम सब इस पथ के अनुगामी बनेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीरामलला के श्रीविग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम के उपरांत अपनी बातें रखीं। अंगद टीले में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि की। सीएम ने अशोक सिंहल को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शिव नायक वर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव,सुरेश कन्नौजिया,दिलीप पटेल देव,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय की उपस्थिति में जनपद के नवनियुक्त और निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष गणों का स्वागत और संगठन द्वारा चलाए जा रहे अभियानों के सम्बन्ध में बैठक किया गया। बैठक के उपरान्त भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय शिव नायक वर्मा के असामयिक निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दो मिनट का मौन रखते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने भाजपा के नव निर्वाचित एवं निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष गणों को पार्टी का पटका पहना कर स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सभी लोगों पर संविधान गौरव अभियान एवं अटल जन्म शताब्दी वर्ष,प्रधानमंत्री के मन की बात सहित भाजपा के सभी छः राष्ट्रीय पर्व को संगठन के अपेक्षानुरूप संपन्न कराने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। संगठन के सभी अभियानों और कार्यक्रमों को अपने मण्डल में निवास करने वाले ज्येष्ठ श्रेष्ठ नेताओं जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर पूरा करना चाहिए। कहा कि भाजपा संगठन संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत डॉ भीम राव अंबेडकर जी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्यक्रम चला रही है। कहा कि बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान का कांग्रेस पार्टी ने 127 बार संशोधन कर संविधान,बाबा साहब और दलित समाज का सबसे अधिक अपमान किया है।भाजपा की गठबंधन सरकार ने बाबा साहब को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देकर सम्मानित किया था।कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष में संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों एवं संविधान गौरव अभियान को शत प्रतिशत पूरा करना है।

उपरोक्त अवसर पर भाजपा के नव निर्वाचित मण्डल अध्यक्ष सर्वेश सिंह,राम आशीष, रानेश पाण्डेय, अमरजीत वर्मा, लाल बहादुर पाल, सदावृज राजभर, सूर्य कांत वर्मा, स्वदेश गौतम, विनय कुमार पाण्डेय, अरविंद उपाध्याय, वीरेंद्र सिंह, नीरज सोनी, संदीप कुमार, सरिता निषाद, विनय सिंह, प्रवीण गौड़, गौरव श्रीवास्तव सहित सभी वर्तमान एवं निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष शामिल रहे।

### हेलमेट लगाएं, सिर सलामत तो सब सलामत

## सड़क हादसों में सिर में चोट लगने से होती है अधिक मौतें : जय बहादुर यादव

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** कामकाजी जनसंख्या के बल पर ही कोई देश विश्व व्यवस्था में अग्रणी बन पाता है, लेकिन इसी आयु वर्ग के लोग हादसों का शिकार होने लग जाएं, तो चिंतित होना स्वाभाविक है.वैश्विक स्तर पर, प्रतिवर्ष सड़क हादसों में जहां 13 लाख से अधिक लोगों की जान चली जाती है, वहीं पांच करोड़ लोग घायल या अपंग हो जाते हैं.रविवार को यातायात निरीक्षक द्वारा साइन बोर्ड लगाकर लोगों को यातायात के प्रति जागरूक किया गया।सड़क पर चलने, वाहन ड्राइव करते समय मोबाइल पर बात करना एवं सीट बेल्ट बांध कर सुरक्षित यात्रा के नियमों की जानकारी दीं। यातायात निरीक्षक जय बहादुर यादव ने अपील की कि बाइक सवार हमेशा हेलमेट पहन कर बाइक चलाए। क्योंकि सिर सलामत, तो सब सलामत। ज्यादातर जानें सिर में चोट लगने से जाती हैं।यातायात नियमों का पालन करना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।इनके पालन करने से किसी का कोई नुकसान नहीं होता है, बल्कि यह जीवन दान देते है। हम अक्सर अपने जीवन को सही मार्ग पर ले जाने के लिए कुछ नियम व उद्देश्य बनाते है। इसी तरह सड़क पर सही सलामत चलने के लिए यातायात नियमों को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।आज की युवा पीढ़ी बाइक से तेज रफ्तार में निकलते नजर आते है। अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वह बच्चों को हेलमेट लगाने व यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दें। यातायात निरीक्षक ने कहा कि जिंदगी बहुत अमूल्य है, इसे संजोकर रखें। लोगों को जागरूक करने के दौरान यातायात विभाग के कर्मचारी अतुलेंद्र प्रताप सिंह ,अंकुश चौधरी, राम प्रवेश यादव, अशोक राय द्वारा वाहन चालकों को जागरूक करने का प्रयास युद्ध स्तर पर किया गया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष : जिलाध्यक्ष पद के लिए महिलाओं के नाम पर भी चर्चा

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव जिले के एकमात्र जिलाध्यक्ष पद के लिए लगभग 55 नेताओं ने अपनी दावेदारी पेश की, जिससे पार्टी में हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने संगठन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का फैसला किया है। बीजेपी महिला वोटर्स पर अपनी पकड़ कमजोर नहीं



होने देना चाहती। जहां पुरुष वर्ग से कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं । महिला दावेदार के रूप मे भाजपा नेत्री एवं जिला कार्य समिति सदस्य किरण पांडे का नाम जिलाध्यक्ष के लिए चर्चाओं में है। भाजपा नेत्री किरण पांडे ने बताया कि भाजपा महिलाओं के खिलाफ भेदभाव को दूर करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कानूनी और नीतिगत स्तर की पहल करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उनके अधिकारों और सम्मान का हनन न हो ।भाजपा का मानना है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना सच्चा मानव विकास संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा दी जाने वाली जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगी ।अब देखना है कि इन उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को चयन समिति द्वारा किस प्रकार देखा जाता है और किसके सर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष का ताज मिलता है। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि 14 जनवरी से 15 जनवरी के बीच जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

# सहायक प्रधानाध्यापक के वेतन से रिकवरी कर बाउंड्री वाल का होगा निर्माण

### कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय जाफरगंज के विद्यालय में बनी बाउंड्री वॉल 15 दिन के अंदर टूटकर हो गई थी धराशाही

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय जाफरगंज के टूटी बाउंड्रीवाल के संबंध में सहायक प्रधानाध्यापक को बार-बार नोटिस देने के बाद निर्माण कार्य शुरू न कराए जाने के मामले में सहायक प्रधानाध्यापक शिवसागर के वेतन से रिकवरी करते हुए जल्द ही बाउंड्रीवाल का निर्माण कराये जाने का आदेश दिया है।

जातिवादी मानसिकता से दूषित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह ने अभी तक विभागीय करवाई नही किया है। जबकि अपने 11 दिसंबर 2024 को जारी किए गए पत्रांक संख्या 13717-20 में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य तीन दिन के अंदर शुरू न किए जाने पर विभागीय कार्रवाई करने की बात पत्र में लिखा गया था। फिर भी कोई कार्यवाही नही की गई है। मात्र बेतन से रिकवरी कर बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य करा दिया जाएगा और उन्हें दोष मुक्त कर दिया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह ऐसी मानसिकता से ग्रषित हो चुके है। आपको बता दें कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय जाफरगंज का है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक शिवसागर के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023- 24 में कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय जाफरगंज के विद्यालय प्रबंध समिति के खाते से 120 मी. बाउंड्रीवाल के नवीन निर्माण हेतु चार लाख 42 हजार रुपया विभाग द्वारा भेजा गया था। जिसका निर्माण कार्य इंचार्ज प्रधानाध्यापक के द्वारा कराया गया था। लाखों की लागत से बनी बाउंड्री वॉल 15 दिन के अंदर ही टूट कर धराशाही हो गई थी। मामले में जिला समन्वयक निर्माण एंव खंड शिक्षा अधिकारी अकबरपुर द्वारा अपनी जांच आख्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंप दी थी। बाउंड्रीवॉल के निर्माण कार्य में घोर लापरवाही व दिए गए निर्देशों की अवहेलना करते हुए गंभीर वित्तीय अनियमितता बरतने की बात सामने निकल कर आई थी। जिसके संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा पहली बार 14 अगस्त 2024 को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए इंचार्ज प्रधानाध्यापक शिव सागर से 3 दिन के अंदर स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित मांगा गया था। तब तक बचाव किया जाता रहा मीडिया में खबर चलने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अपना बचाव करते हुए 11 दिसम्बर 2024 को दोबारा नोटिस जारी कर इंचार्ज प्रधानाध्यापक शिव सागर सिंह के द्वारा उपलब्ध कराए गए आख्या रिपोर्ट से असंतुष्टी जाहिरी कर तीन दिन के अंदर बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के साथ साक्ष्य सहित कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। साथ ही उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली के अंतर्गत नियम 1973 के अनुसार विभागीय कार्रवाई प्रचलन में लाये जाने को कहा गया था।

फिर भी एक माह बाद निर्माण कार्य नहीं शुरू किया जा चुका है। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा सहायक प्रधानाध्यापक शिवसागर सिंह के वेतन से रिकवरी करते हुए बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य कराये जाने का निर्देश दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा मात्र रिकवरी की कार्रवाई बचाव करने के समान साबित हो रहा है की अगर कोई संवैधानिक पद पर गलत करता है तो उसे मात्र रिकवरी कर उसको दोष मुक्त किया जाना जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कटघरे में खड़ा कर रहा है। जबकि ऐसे मामले में विभागीय कार्रवाई किया जाना न्यायिक होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटकों को देखते ही बाज की तरह टूट पड़ते हैं लपके, पर्यटन पुलिस ने की कार्यवाही, चार गिरफ्तार

दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो चीफ/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)

**आगरा ।** ताजमहल का दीदार करने हर दिन हजारों की संख्या में देशी और विदेशी सैलानी आते हैं। आगरा आने वाला हर सैलानी सुरक्षित रहे और अच्छी तरह ताज घूमे। आगरा और ताजमहल का इतिहास जानें, ठगी का शिकार न हो। आगरा से सैलानी सुखद यादें लेकर जाएं। टूरिस्ट गाइड्स की सुविधा और घूमने के बाद फीडबैक भी लेना शुरू किया है। जिससे ताजमहल पर सक्रिय अवैध गाइड और वेंडर्स पर अंकुश लग गया है। अब सैलानियों की ताजमहल विजिट यादगार बन रही है। यही वजह है कि सैलानी अब पर्यटन थाना पुलिस की पहल को सराह रहे हैं। वहीं शनिवार को थाना पर्यटन प्रभारी प्रीती चौधरी द्वारा ताजमहल के आसपास पर्यटकों को परेशान करने वाले अवैध गाइड लपके और होकरों पर चलाया गया अभियान पर्यटन पुलिस ताजमहल पर पर्यटकों को किसी भी प्रकार की समस्या एवं धोखाधड़ी से बचाने के लिए अभियान चला रही है।

### दो ट्रैकों के आमने-सामने टक्कर एक ट्रक चालक युवक की मौत

केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम

**पीलीभीत।** बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर रविवार तड़के सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई गांव चठिया के पास सुबह करीब 3.30 बजे दो ट्रैकों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई हादसे में बीसलपुर निवासी 25 वर्षीय साजिद हुसैन की मौत हो गई जो अपने ट्रैक में गिट्टी लेकर बीसलपुर से निगोई जा रहा था दूसरा ट्रक चालक रेहान जो मुरादाबाद थाना पखवाड़ा क्षेत्र का रहने वाला है हादसे के बाद मौके से फरार हो गया घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों छात्रिग्रस्त ट्रैकों को रास्ते से हटवाया गंभीर रूप से घायल साजिद को बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया बीसलपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार शुक्ला के अनुसार पुलिस मामले की जांच कर रही है मृतक के परिजनों को सूचना दी गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है।

### ब्रज प्रेस क्लब द्वारा आयोजित पुलिस प्रशासन पत्रकारों के क्रिकेट मैत्री मैच में

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** ब्रज प्रेस क्लब द्वारा आयोजित पुलिस प्रशासन पत्रकार एकादश के मध्य आयोजित मैत्री मैच में प्रशासन ने पत्रकारों को हराकर विजेता ट्रॉफी हासिल की। इस सद्भावना मैच में डीआईजी शैलेश कुमार पांडे 77 रन बनाकर नॉट आउट रहे। उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। पत्रकार एकादश और पुलिस प्रशासन के बीच सदभावना मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन अमर नाथ स्कूल के ग्राउंड पर सम्पन्न हुआ। इस मैच में ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं पत्रकार एकादश के कप्तान डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट एवं पुलिस प्रशासन के कप्तान डीआईजी शैलेश कुमार पांडे के मध्य टॉस उछाला गया जैसे डीआईजी श्री पांडेय ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। 15 ओवर के मैत्री मैच में पुलिस प्रशासन ने पहली पारी में खेलते हुए पत्रकार एकादश को 194 रन का बड़ा स्कोर टारगेट दिया। पत्रकार एकादश ने दूसरी पाली में मुकाबला करते हुए 77 रन पर ओवर ऑल हो गई। गौरतलब है कि रविवार को ब्रज प्रेस क्लव द्वारा आयोजित पत्रकार एकादश और पुलिस प्रशासन के बीच हुए सदभावना मैच में पुलिस प्रशासन ने शानदार जीत हासिल की। पुलिस प्रशासन की ओर से एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय और शैलेन्द्र कुमार होमगार्ड कमाडेंट ने खेल की शुरुआत करते एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने 77 रन और शैलेन्द्र कुमार 20 रन जोड़ते हुए 194 रन का लक्ष्य पत्रकार एकादश को दिया।

# ग्राम पंचायत रोमई मुस्तकिल गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे नायब तहसीलदार

## गौशाला में गोवंशों की लगनशीलता से देखरेख का करें प्रयास : नायब तहसीलदार

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान (जालौन) से सुयश पाण्डेय की रिपोर्ट

**कुठौंद जालौन!** जनपद जालौन के विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत रोमई मुस्तकिल में आज दिनांक 11/01/2025 को लगभग 1बजे दोपहर के समय नायब तहसीलदार सत्येंद्र कुमार साथ में लेखपाल अजय कुमार गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। तभी मौके पर ग्राम प्रधान विनोद कुमार राठौर गौशाला पर ही पर मौजूद मिले। गौशाला में शीत कालीन ऋतु के चलते गोवंशो के लिए छाया की व्यवस्था टीन शैट एवं अलाव व पानी के हौद तथा भूसा चारा की व्यवस्था दुरुस्त पाई



गई !इसके अलावा निरीक्षण के दौरान गौशाला में मौजूद गोवंशो की अलाव की व्यवस्था भी की गई है जिसमें गोवशों की संख्या लगभग 115 मिली जो मौके पर मौजूद पाए गए तथा सभी गौवंश स्वस्थ मिले । गौशाला के गोवंशो के लिए चारा काटने वाली मशीन तथा कटा हुआ चारा एवं हरा चारा भी मौके पर उपलब्ध मिला। भूसा घर में भूसा भी पर्याप्त मात्रा में रखा हुआ हैं । गौशाला में मौके पर गोपालक दीपक व संदीप भी अपनी जिम्मेदारी से गोवंशो की देखभाल करते हुए मौके पर मिले ! जिसे देख कर नायब तहसीलदार ने ग्राम प्रधान के द्वारा गौशाला का सुचार रूप से गोवंशो की देखरेख में अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुए संचालन किए जाने पर प्रधान की सराहना की और उन्होंने कहा इसी प्रकार से प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अपने अपने गौशाला में गोवंशों की देखरेख के दायित्वों का निर्वाहन ग्राम प्रधानों द्वारा करना चाहिए।

राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गयी स्वामी विवेकानंद की जयंती

# जिलाधिकारी ने स्वामी विवेकानंद के विचार आत्मसात करने का किया आह्वान

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाये जाने के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि 12 जनवरी को हर साल राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन युवाओं व नौजवानों के लिए समर्पित है जो देश के भविष्य को बेहतर और स्वस्थ बनाने की क्षमता रखते हैं। विवेकानंद धर्म, दर्शन, इतिहास, कला, सामाजिक विज्ञान, साहित्य के ज्ञाता थे। वह युवाओं के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं हैं। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों से स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने के लिए कहा, जिलाधिकारी द्वारा




कविता के माध्यम से छात्र- छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रभारी युवा कल्याण अधिकारी आशुतोष मिश्र सहित विभिन्न लोगों ने वक्तव्य दिए। इस मौके पर विभिन विद्यालयों से आये छात्र - छात्राओं ने कविता भाषण आदि के माध्यम से अपना प्रस्तुतिकरण दिया। बच्चों की प्रस्तुति को जिलाधिकारी सहित उपस्थित अन्य लोगों द्वारा सराहा गया। इस मौके पर उपस्थित गोपाल इण्टर कॉलेज की छात्रा शुभि भदौरिया द्वारा यह कहने पर कि उनका कोई भाई नहीं है पर जिलाधिकारी ने राखी बंधवाकर होनहार बच्ची का उत्साहवर्धन किया। बाद में प्रस्तुति करण देने वाले होनहार छात्रों को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशांत अवस्थी द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, प्रभारी युवा कल्याण अधिकारी आशुतोष मिश्रा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी वंदना, प्रधानाचार्य/प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक कमलेश पाण्डेय, एसआरजी सुभाष रंजन दुबे, सुनील दत्त राजपूत, डीसी दीपक दुबे व सौरभ गुप्ता, प्रधानाचार्य भरत गुप्ता, गीता चतुर्वेदी व कवि गोविंद द्विवेदी सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र - छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# थाना प्रभारी ने सभी दुकानों में पतंग और चाइनीज मांझे का किया आकस्मिक निरीक्षण

नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता अश्वनी वाल्मीकि

जनपद बिजनौर के पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देशन के चलते समस्त जनपद बिजनौर में पतंग के सभी दुकानों में चाइनीज मांझे का औचक निरीक्षण को लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। जिसके चलते नगीना में थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने पुलिस बल के साथ नगर को चेक करते हुए थाना अध्यक्ष तेजपाल सिंह ने नगर की पतंगकी सभी दुकानों पर चाइनीज मांझे का बारीकी से चेक किया इसके साथ ही थाना प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सिंह ने कहा की अभी शहाजहांपुर मैं एक बड़ी घटना घट चुकी है।चाइनीज मांझे ने यूपी में फिर एक जान ले ली है। इस बार शाहजहांपुर में मांझे ने एक पुलिस कांस्टेबल की गर्दन काट दी। कांस्टेबल को आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले



ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर कांस्टेबल के परिवार में कोहराम मच गया। महकमे में उनके साथी गमजदा हैं चाइनीज मांझे के प्रयोग पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। बाजारों के बाद अब खरीदारों की निगरानी शुरु की गई है। कोई चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाता मिलेगा तो उसके खिलाफ सुसंगत धारा में एफआईआर दर्ज होगी। ऐसे में आप भी यह सुनिश्चित करें कि कहीं आपका बच्चा भी तो चाइनीज मांझे से पतंग नहीं उड़ा रहा। अगर उड़ा रहा है तो उसे रोकें वरना पुलिस कार्रवाई की जद में आने से आपको कोई नहीं रोक सकेगा। चाइनीज मांझे से एक मौत के बाद हड़कंप मचा है। लगातार हो रहे हादसों का लखनऊ तक से संज्ञान लिया गया है, जिसको लेकर अफसरों के चेहरे पर परेशानी की शिकन साफ दिखाई दे रही है। हालातों को देखते हुए अफसर हरकत में आ गए हैं। उन्होंने शिकंजा कसने की शुरुआत मांझा बेचने वालों से की और सभी को नोटिस तामील किया। स्पष्ट कर दिया कि अगर उनके क्षेत्र में कहीं भी चाइनीज मांझे से कोई हादसा हुआ तो पुलिस मांझा विक्रेता को मुल्जिम बनाएगी। पुलिस के इस फरमान के बाद पतंग विक्रेताओं में खलबली मची है। बड़े कारोबारी खुद भूमिगत हो गए हैं और माल की बिक्री को फिलहाल होल्ड पर डाल दिया है। पुलिस का अगला निशाना पतंग उड़ाने वाले हैं। इनकी निगरानी शुरु करा दी गई है।

# बिकोपुर में बेघर एवं कच्चे मकान वाले ग्रामीणों का आवास योजना में नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू

केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ एस एस रिज़्वी

बिहार राज्य ग्रामीण विकास विभाग ने शुक्रवार 10 जनवरी से ही घर-घर सर्वे शुरू कर दिया है। इसी के को मद्देनजर पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित बिकोपुर मुखिया मेहरे अंग्रेज खानम के पति रियासत नवाज उर्फ छोटन खान ने विगत 10 जनवरी से ही अपने पंचायत में बेघर और कच्चे मकान में रहने वाले ग्रामीणों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया आरंभ कर दि है। मुखिया प्रतिनिधि छोटन खान स्वयं अपने कार्यकर्ताओं के साथ जनता के कार्यों में लगे हुए हैं। सर्वप्रथम उन्होंने जनता के जॉब कार्ड के लिए आवेदन एवं



आवश्यक दस्तावेज लेना शुरू कर दिया है। जिसको पूरा करने के बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के जरिए पक्का मकान की सुविधा देने की चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। मुखिया प्रतिनिधि छोटन खान ने बताया कि बिहार सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के हर गरीब परिवार के पास एक पक्का मकान हो। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए, सरकार ने योजना में कई नए प्रावधान जोड़े हैं और आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है। इससे न केवल आवेदन प्रक्रिया आसान हो गई है, बल्कि योजना का लाभ लेने में पारदर्शिता भी बढ़ी है। है। जनता की सुविधा के मध्य नजर मुख्य प्रतिनिधि छोटन खान ने अपने अथक प्रयास से बिकोपुर को मिनी ब्लॉक का रूप दिलवा दिया है।मुखिया प्रतिनिधि छोटन खान ने बताया कि बिहार राज्य ग्रामीण विकास विभाग यह सर्वेक्षण राज्य के सभी पंचायतों में करवा रही है। इसमें असिस्टेंट लेवल के कर्मी, पंचायत सेवक और पंचायत सचिवों की मदद ली जाएगी। यह सर्वे 31 मार्च को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सर्वे के दौरान कर्मी घर-घर जाकर यह देखेंगे किन परिवारों के पास पक्के मकान हैं या फिर वे झोपड़ी में रहते हैं या फिर बेघर हैं।

# चिलकाना थाना प्रभारी कपिल देव के कुशल नेतृत्व में पांच बंडल चाइनीज मांझे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरो चीफ

छेत्र मे प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की रोकथाम के लिए थाना चिलकाना प्रभारी कपिल देव ने अभियान चला कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। चाइनीज मांजे की रोकथाम के लिए थाना चिलकाना प्रभारी कपिल देव के नेतृत्व मे अहसान पुत्र नजीर निवासी मोहल्ला जाकिर हुसैन थाना चिलकाना को सुरय्या गेट कब्रिस्तान के पास से पाँच बंडल जिसका वजन चार किलोग्राम पाया गया अभियुक्त को चाइनीज मांझे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। अभियुक्त अहसान पुत्र नजीर ने पूछताछ मे बताया की वो आर्थिक रूप से कमजोर है ओर परिवार के भरण पोषण के लिए वो चाइनीज मांझे ओर पतंग को बेचकर अपना ओर अपने परिवार के पेट का भरण पोषण करता है। थाना चिलकाना प्रभारी कपिल देव ने नगर के सभी दुकानदारों से चाइनीज मांझे की बिक्री पर अविलम्ब रोक लगाने को कहा ऐसा ना करने पर थाना चिलकाना प्रभारी कपिल देव ने उन्हें कड़े शब्दो मे कहा की जो भी दुकानदार चाइनीज मांझे को बेचता पाया गया उसे सम्बन्धित धाराओं मे चालान कर जेल भेजा जाएगा। थाना चिलकाना प्रभारी कपिल देव ने बताया कि चाइनीज मांझे की बिक्री पर सरकार द्वारा रोक लगा दी गयी है इसलिए कोई दुकानदार चाइनीज मांझा ना बेचे, वहीं थाना प्रभारी कपिल देव ने मिडिया के माध्यम से भी सभी नगर वाशियों से अपील की कि वो भी अपने अपने बच्चों का ध्यान रखे कि वो चाइनीज मांझे का प्रयोग बिल्कुल ना करे क्योंकि चाइनीज माँझा किसी की जान भी ले सकता है

# सांसद औजला के माता जी पंचतत्व में विलीन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार, सुशील पदम अमृतसर पंजाब

सांसद गुरजीत सिंह औजला की माता सरदारनी गुरमीत कौर औजला आज पंचतत्व में विलीन हो गई। सांसद गुरजीत सिंह औजला ने उन्हें मुखाग्नि दी। सांसद औजला के पिता सरदार सरबजीत सिंह औजला और उनके भाई सुखजिंदर सिंह औजला ने परिवार सहित नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। गुरमीत कौर का 11 जनवरी को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। आज उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर जम्मू के पूर्व डीजीपी दिलबाग सिंह, ओम प्रकाश सोनी, सुनील दती, दिनेश बस्सी, ममता दत्ता, गुरप्रीत सिंह रंधावा, पार्षद राजकंवल प्रितपाल सिंह लक्की, जसबीर डिंपा, शिंदा पार्षद, युनुस कुमार, जुगल किशोर शर्मा,



डॉ राजकुमार वेरका, प्रधान अश्वनी कुमार पप्पू, परमजीत सिंह पम्मा, संतोख सिंह भलाईपुर, जसविंदर सिंह जग्गा, सोनू दत्ता, इंद्रबीर सिंह बुलारिया, जोगिंदर पाल ढींगरा, भगवंत पाल सिंह सच्चर, मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, सुख सरकारिया, तरसेम सिंह डीसी, श्वेत मलिक, हरमीत सिंह संधू, अशोक तलवार, इंद्रबीर सिंह निज्जर, सतीश बल्लू, रमन रम्मी, मिट्ठू मदान, सुजिंदर बिडलान, हरविंदर संधू, राजेश हनी, राजबीर छाबड़ा, सोनू जिफर, जरनैल भुल्लर, गुरप्रताप सिंह टिक्का, गगनदीप सिंह मूधल, राहुल कुमार, हरप्रताप अजनाला, सुखजिंदर रंधावा, गुरदीप सिंह रंधावा, कर्मजीत सिंह रिंटू, रमन बख्शी, जगरुप सिंह सेखवां, छवि ढिल्लों, मनदीप सिंह मन्ना, विधायक जीवनजोत कौर, एआईसीसी नैशनल ह्यूमन राइट प्रेसीडेंट वरिंदर फुल सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### आबकारी व मांट पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से पकड़ी गई अवैध विदेशी शराब

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** जिले की आबकारी टीम और मांट पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए बोलेरो मैक्स पिकअप से 25 पेटी अवैध शराब जब्त करते हुए तस्कर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर मांट पुलिस को सौंपा है। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पांडेय के आदेशानुसार अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी निरीक्षक गौरव मिश्रा ने मांट थाना प्रभारी राजीत वर्मा ने चैकिंग कर रहे थे कि इस बीच दिल्ली की ओर से आती बोलेरा मैक्स पिकअप संख्या टी1024पीबी 6924एफ को रोका, चालक ने बताया कि पूरी गाड़ी में सब्जियां है। लेकिन सब्जियों की आड़ में 25 पेटी चंड़ीगढ़ प्रांत की विदेशी शराब मिली।

# क्षेत्रपाल खेड़े महाराज की महिमा का किया गुणगान कर ग्रामवासियों ने यज्ञ में आहुति देकर पुण्य लाभ कमाया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरो

**चिलकाना।** पठेड़ बरथा कायस्थ पठेड़ मे दादा खड़े पर एक विशाल हवन,कीर्तन और भंडारे का आयोजन बड़े धूम धाम के साथ किया गया जिसमे सर्वप्रथम सुबह 7.30 बजे यज्ञाचार्य पंडित वरुण शर्मा जी ने मन्त्रोंच्चारण कर हवन यज्ञ कराया जिसमे सभी ग्रामवासियों ने यज्ञ में आहुति देकर पुण्य लाभ कमाया इसी कड़ी में हवन के बाद शाकुंभरी धाम क्षेत्र से अपनी टीम सहित पधारे प्रसिद्ध कथा प्रवक्ता, गायक श्री विपिनान्द महाराज जी ने गणेश वंदना कर अपने भजनों के जरिए संगत को निहाल कर दिया भजन गायक श्री विपिनान्द महाराज जी के क्षेत्रपाल खेड़े बाबा है शिव के अंशावतारी, ओ खेड़े बाबा नगर के राजा तेरी महिमा



अपरंपार, जिस दिन से मेरी लगन लगी खड़े बाबा के दरबार में हो गया बलिहार में खेड़े के प्यार में और जगत में डंका बाज रहा मेरे खेड़े महाराज का इत्यादि भजनों पर पूरा वातावरण भक्तिमय में हो गया, ।वही श्रोताओं के कहने पर अपनी गायकी से सभी को भाव विभोर कर देने वाली गायिका सत्या देवी जी ने भी भजन गाकर श्रोताओं को तालिया के साथ साथ नाचने को मजबूर कर दिया जिसमे सभी भजन का आनंद लेते हुए नाचने लगे।

इसके बाद दोपहर 1.00 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रभु प्रसाद ग्रहण किया

इस अवसर पर पूर्व प्रधान बालेश सैनी, वरिष्ठ समाजसेवी बालकृष्ण शर्मा, अंजनी डायग्नोस्टिक्स के डायरेक्टर चेतन शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी सोनू सैनी, संजय राणा,राजेश लाला जी, शिवकुमार शर्मा, प्रमोद धीमान, सतपाल सैनी, हरीश सैनी, अरविंद सैनी, देवेंद्र सैनी,अरुण मित्तल, सुन्दरलाल सैनी, देव शर्मा, प्रवीण रोहिला,जय भगवान अग्रवाल, अंकित रोहिला, शुभम सैनी, माए मामचंद सैनी,आशुतोष शर्मा,विपुल उपाध्याय, विशाल शर्मा, निशांत शर्मा, प्रमोद पवार, बबलू कुमार, पिंटू रोहिला, गौरव धीमान,अक्षय सैनी, गौरव सैनी,रजत सैनी,आयुष शर्मा,सोमप्रकाश रोहिला,कुसुम देवी, मंजू देवी, निर्मल, रजनी, सपना, शशि राणा,प्रियंका कपिल, मीरा,अरुणा देवी,आंचल आदि समस्त ग्रामवासी, श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जल जीवन मिशन(हर घर जल)की पंचायत स्तरीय मासिक बैठक हुई संपन्न

दिलीप तिवारी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान बाराबंकी

बाराबंकी ।बिबियापुर थाना जीवन मे जल कितना जरूरी है किसी से छिपा नही है इसी के बारे में और जानकारी देते हुए जल जीवन मिशन कर्मीयों ने ग्राम पंचायत स्तर पर महिलावों व पुरूषों की बैठक कर लोगों को जागरूक किया ।बैठक में जल संरक्षण को जरूरी बताते हुए लोगों से जिला कॉर्डिनेटर शिव मिश्रा ने बताया कि आने वाले समय मे जलापूर्ति के लिए सभी को जल संरक्षण के बारे में गंभीरता से सोचना होगा ।सभी लोगों तक स्वच्छ जल पहुँचाना जरूरी है और लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक करना भी जरूरी है ।ग्राम पंचायत बिबियापुर थाना में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की ओर से प्रयोजित बैठक जिसमें महिला व पुरुषों द्वारा प्रतिभाग किया गया शिव मिश्रा (जिला कॉर्डिनेटर) द्वारा लोगों को जागरूक किया गया जिसमें ग्राम रोजगार सेवक और ग्राम वासी रामलाल गुप्ता दिलीप तिवारी शिवकली रामकुमार रामबहादुर राजाराम आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जी की जयंती

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से विकास कुमार की रिपोर्ट अनूपपुर ब्यूरो

अनूपपुर। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिका बिजुरी के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम सम्पन्न हुआ। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी कोतमा श्री अजीत तिर्की, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिजुरी श्री पवन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न अधिकारी, आमजन एवं विभिन्न विद्यालयों की शिक्षक तथा बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्जवलन कर मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात वंदेमारतम गीत



गाया गया और स्वामी विवेकानंद जी द्वारा शिकागो में दिए गए व्याख्यान को रेडियो के माध्यम से सुनाया गया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जनता के नाम संदेश को दिखाया और सुनाया गया। भोपाल से प्रसारित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्कूली बच्चों युवाओं द्वारा सूर्य नमस्कार और प्राणायाम तीन चक्र में किया गया। इस दौरान योग के महत्व और इससे होने वाले मानव स्वास्थ्य में फायदे बताए गए। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर सोमवार, 13 जनवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



## संक्षिप्त समाचार

### हरियाली के कातिल ने काट डाले हरेभरे आम के पेड़, वन विभाग ने पकड़ा



केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

**पीलीभीत-बरखेड़ा।** लम्बे समय से चोरी करके हरियाली के कातिल ने क्षेत्र में हरे भरे पेड़ो के कटान का सिलसिला जारी था सूचना पर वनविभाग के रेंज अधिकारी ने मौके पर जाकर आम से लदी ट्रेक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया।अबैध रूप से काट रहे आम के पेड़ को सूचना पर वनविभाग का छापा मार कर ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ लिया। क्षेत्र के गाँव अर्सियाबोझ मे ग्रामीण की सूचना और आज रविबार की सुबह 9 बजे वनविभाग के रेंजर रोहित जोशी ने आम के कटी लकड़ी से भरी एक ट्राली को पकड़ लिया।पूछे जाने और रेंजर रोहित जोशी ने बताया कि आम की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर रेंज कार्यलय भेजा जा रहा है। जिसे चोरी करके ठेकेदार मथुरा प्रसाद ने कटबाया था।दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### रविंद्र चौहान को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानु के पद पर नियुक्त किया गया



नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता अश्विनी वाल्मीकि

भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद मंडल के जिला बिजनौर में तहसील नगीना ब्लॉक कोतवाली पखनपुर निवासी रविंद्र चौहान को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानु के पद पर नियुक्त किया गया है। रविंद्र चौहान आज दिनांक 10 जनवरी 2025 से भारतवर्ष के अंदर संगठन को मजबूत करने के लिए पूर्ण सहयोग करेंगे।

### चलती ट्रेन से गिरा किन्नर के भेष में युवक

केसरी हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम



पीलीभीत थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र ग्राम पंचायत जगतपुर रेलवे फाटक के पास किन्नर के वेस में एक युवक चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां मैलानी से पीलीभीत जा रही पैसेंजर ट्रेन से युवक संदिग्ध परिस्थितियों नीचे गिर गया लाइन के किनारे घायल अवस्था में पड़े युवक को देखकर ग्रामीण एकत्रित हो गए उसके बाद तुरंत डायल 112 पर कॉल किया मौके पर पहुंची112 पुलिस ना देरी करते हुए घायल को कुर्रेया सीएजसी ले गए जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर होने पर 108 एंबुलेंस द्वारा पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया थाना सेहरामऊ उत्तरी थाना अध्यक्ष संजय कुमार के अनुसार पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना की जांच कर रही है फिलहाल घायल युवक की पहचान और घटना के पीछे के कारण का पता लगाया जा रहा है।

# बिना हथकड़ी पेशी पर घूम रहे हैं क्राइम किंग ललित कौशिक और कमल वीर

## व्यापारियों और निर्यातकों से दोनों खूंखार अपराधी कर रहे हैं अवैध वसूली की कोशिश : सूत्र

**गैंग के आतंक से त्रस्त निर्यातक की महानगर से पलायन की खबर**

**मुरादाबाद।** जब पुलिस किसी आरोपी को अदालत लाती है और उसे वापस थाने या जेल ले जाती है, या फिर उसे गिरफ्तार करने के बाद लंबी दूरी तय करती है,तो उसे हथकड़ी लगा देती है। या हाथ पैर में जंजीर बाँध दी जाती हैज। ऐसा अक्सर होता भी है और सभी ने इसे देखा भी होगाज। लेकिन महानगर के स्पोर्ट्स कारोबारी कुशांक गुप्ता, नामचीन चार्टर्ड अकाउंटेंट श्वेताभ तिवारी, भाजपा नेता अनुज चौधरी सहित महिलाओं से दुष्कर्म जैसे अन्य गंभीर आरोपों में जेल में बंद जघन्य अपराधी ललित कौशिक और उसके मास्टरमाइंड साथी कमलवीर के मामले में ऐसा नहीं हो रहा है। मुरादाबाद कोर्ट में पेशी के दौरान दोनों हार्डकोर अपराधी आराम से पुलिस वालों के साथ बिना हथकड़ी के घूमते देखे जा रहे हैं। इस बारे में कोई भी जवाब देने को अभी तैयार नहीं है। दरअसल घटना 20 दिसंबर को उस समय चर्चा का विषय बनी, जब पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अपराध से दहलाने वाले क्राइम किंग ललित कौशिक और उसके साथी कमल वीर को पेशी के दौरान बिना हथकड़ी के पुलिस वालों से बतियाते और उनके साथ घूमते देखा गया। सूत्रों के मुताबिक यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। और जांच के दौरान सच्चाई निकल कर सामने आ जाएगी। प्रश्न यह है कि इतने दुर्दांत हत्यारे जिनसे समाज को खतरा है, किस वजह से बिना हथकड़ी के पेशी पर अदालत में लाए, ले लाए जा रहे हैं। जबकि मुरादाबाद सत्र न्यायालय में कैदियों द्वारा भागे जाने की तमाम घटनाएं



बीते समय में हो चुकी हैं। सूत्रों के मुताबिक बीते माह 20 दिसंबर को ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक और उसके मास्टरमाइंड साथी कमलवीर को मुरादाबाद के कोर्ट परिसर में उन पर चले रहे विभिन्न संगीन मुकदमों की पेशी के चलते लाया गया था। दोनों खूंखार अपराधियों को बिना हथकड़ी के पुलिस वालों से काफी दोस्ताना तरीके से बातचीत करते और उनके साथ टहलते देखा गया। जो पूरी कचहरी में चर्चा का विषय रहा।

कौशिक गैंग से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक अपने कारनामों से मुरादाबाद को दहलाने वाले इन खूंखार बदमाशों के तेवरों में सलाखों के पीछे बंद होने के बाद भी रत्ती भर कमी नहीं आई है। इस गैंग की अच्छी खासी जानकारी रखने वाले सूत्रों का दावा है, कि 3 जनवरी को भी इन दोनों को पेशी पर मुरादाबाद लाया गया था। अदालत में पेश होने से पहले इन दोनों खूंखार अपराधियों द्वारा कुछ निर्यातकों से संपर्क कर उनसे मोटी रकम की मांग की गई अन्यथा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। इसके बाद निर्यातक लॉबी में हड़कंप मच गया। सूत्रों का दावा है कि इस गैंग के आतंक से परेशान होकर कुछ निर्यातक तो मुरादाबाद से अपना कारोबार समेट नोएडा जाने की योजना बना चुके हैं। एक निर्यातक के संबंध में सूत्रों का कहना है कि वह तो अपने परिवार सहित फिलहाल मुरादाबाद में ही नहीं है। सूत्रों का कहना है, कि 3 जनवरी को इन दोनों दुर्दांत अपराधियों द्वारा किस तरह से निर्यातको से संपर्क कर उनको पैसे देने के लिए डराया धमकाया गया, इसकी उच्च स्तरीय जांच अत्यंत आवश्यक है। क्या इन दुर्दांत अपराधियों को अन्य जिलों से मुरादाबाद पेशी पर लेकर आने वाली पुलिस टीम भी जांच के दायरे में है?

बहरहाल, इस गैंग के दोबारा सिर उठाने के प्रयासों की चर्चाओं के चलते इस गैंग द्वारा सताए गए तमाम पीड़ित उलझन के साथ डर का शिकार हैं। हालांकि मुरादाबाद के तेज तर्रार पुलिस अधिकारियों पर जनता अपना भरोसा कायम रखे हुए है। इन्हीं जांबाज अधिकारियों के चलते ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक और कमल वीर जैसे अपराधी जेल की सलाखों के पीछे हैं।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर पंडित सुरेंद्र शर्मा का संदेश



केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर, पंडित सुरेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, मैथिल ब्राह्मण कल्याण महासभा ने सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा, 26 जनवरी का दिन हमारे लिए गर्व और सम्मान का दिन है। इस दिन हम अपने संविधान की ताकत को पहचानते हैं और अपने गणतंत्र की एकता और अखंडता का जश्न मनाते हैं। पंडित शर्मा ने आगे कहा, इस गणतंत्र दिवस पर, हमें अपने देश की विविधता को सम्मानित करने और एकजुटता के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। हम सभी को मिलकर एक ऐसा भारत बनाना है, जहाँ हर नागरिक को समान अधिकार और अवसर मिलें। उन्होंने सभी समुदायों से अपील की कि वे समाज के उत्थान में सहयोग करें और एक ऐसा वातावरण बनाएं जहाँ भाईचारे और सहयोग की भावना हो। हमारी ताकत हमारी एकता में है। हमें अपने मतभेदों को भुलाकर एक मजबूत और समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए, उन्होंने कहा। पंडित सुरेंद्र शर्मा ने अंत में सभी से अनुरोध किया कि वे इस गणतंत्र दिवस पर अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लें और समाज की सेवा में आगे आएँ।

# स्कूल की दीवार तोड़कर अज्ञात चोरों ने टेंट की दुकान में चोरी की वारदात को दिया अंजाम



केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद के सकरौली थाना क्षेत्र के इसौली इसौली प्राथमिक विद्यालय के समीप स्कूल की दीवार तोड़कर अज्ञात चोरों ने टेंट की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।दोपहर में जब दुकान मालिक गणेश अपनी टेंट की दुकान पर पहुंचा तो उसने वहां शामियाने का सामान बिखरा देखा तो वह हैरत में पड़ गया ।अज्ञात चोरों ने स्कूल की दीवार तोड़कर टेंट का सामान चोरी कर लिया है ।दुकान मालिक गणेश ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध सकरौली थाना पुलिस को लिखित तहरीर है।पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चोरों की तलाश जारी कर दी है ।वहीं चोरी हुए सामान का आंकलन किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार टेंट मालिक आज अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसने टेंट का सामान बिखरा देखा तो उसे शक हुआ वही मौके से अल्टीनेटर और सिल्वर के दर्जन भर भगौना मौके से गायब थे।अज्ञात चोरों ने स्कूल की दीवार तोड़कर टेंट का महंगा सामान चोरी कर लिया है। मामले पर थाना प्रभारी सकरौली संजय राघव ने जानकारी देते हुए बताया कि इसौली गांव में टेंट की दुकान से चोरी की वारदात को अज्ञात चोरों द्वारा अंजाम दिया गया है।दुकान मालिक गणेश द्वारा तहरीर प्राप्त हो चुकी है।चोरों की तलाश की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा।

### महिला से की दबंगो ने मारपीट 3 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

**पीलीभीत-बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव मचवाखेड़ा निवासी महिला सुनीता देवी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बता है कि दिनाक 9 जनवरी को मैं रोड पर बने मकान से गांव के अंदर पुराने मकान पर लगभग 8 बजे जा रही थी तभी रास्ते मे मेरे मकान से पहले गांव के राजेश कुमार, अनिल कुमार पुत्रगण जंगबहादुर व जंगबहादुर पुत्र लौकिराम मिले और गन्दी गन्दी गालियां देने लगे जब मैंने बिरोध किया तभी उक्त लोगो ने किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया तथा मेरे साथ मारपीट की जिससे प्रार्थनी के खुली व गुम चोटें आई है प्रार्थनी कि सिर में चोट लगी है तथा जान से मारने की धमकी देते हुए उक्त लोग भाग गए पुलिस ने महिला की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग का मिला शव, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद में मारहरा थाना क्षेत्र के सिरसा बदन गांव में मथुरा बरेली हाइवे के समीप 50 वर्षीय बुजुर्ग का शव सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला है ।परिजन बुजुर्ग को लेकर कासगंज स्थित अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया है।सूचना मारहरा थाना पुलिस को दी है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।वृद्ध की मौत की वजह हार्ट अटैक बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार बुजुर्ग की भैंस का बच्चा खुलकर कही चला गया देर रात बुजुर्ग जयप्रकाश पुत्र जीयाराम उम्र



50 वर्ष निवासी ग्राम सिरसा बदन तलाश में घर से रात 1ः00 बजे निकला था सुबह तक वह घर वापस नहीं पहुंचा जब गांव बालों की नजर सड़क किनारे पड़े बुजुर्ग पर पड़ी तो पहचान कर परिजनों को सूचना दी।सूचना मिलते ही परिजन दौड़े दौड़े पहुंचे और आनन फानन में परिजन बुजुर्ग को कासगंज स्थित अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया है।परिजन मृत शव को वापस ले कर पहुंचे हैं।और सूचना पुलिस को दी है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की प्रक्रिया पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मामले पर थाना प्रभारी मारहरा के के लोधी से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया घटना देर रात की है भैंस का बच्चा खुल कर कही चला गया था जिसकी तलाश में बुजुर्ग घर से बाहर निकला था वापस नहीं लौटा गांव के पास ही पड़ा मिला परिजन डॉक्टरों के पास ले गए जहां मृत घोषित कर दिया गया है।मृत्यु का कारण जानने के लिए पी एम कराया जा रहा है।

# नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष को उपजिलाधिकारी ने दिलाई शपथ ऐतिहासिक कार्यक्रम

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता

**बांदा।** जनपद के बबेरू नगर में बीते दिनों नगर पंचायत अध्यक्ष पद का उपचुनाव कराया गया था, जिसमें भाजपा प्रत्याशी नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ विवेकानंद गुप्ता भारी मतों से विजई हुए थे, और आज बबेरु उप जिलाधिकारी नमन मेहता के द्वारा नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष को शपथ ग्रहण कराया गया है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप



गुप्ता, विशिष्ट अतिथि तिंदवारी विधायक रामकेश निषाद जल शक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी विकास गुप्ता विधायक शाह अयाह समाज सेवी राजू चौरसिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष जन उद्योग व्यापार संगठन अनिल कुमार गुप्ता अरविंद गुप्ता उर्फ बाबा प्रधान सहित जनपद के भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ नेताओं सहित कई हजारों की संख्या पर कार्यकर्ता व बबेरू नगर मुसींवा पछौंहा कमासिन के लोग मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह सहित जगह-जगह पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। यह शपथ एक ऐतिहासिक बन कभी भी इतनी संख्या लोग किसी भी शपथ ग्रहण समारोह किया गया और सबसे पहले आदित्यनाथ योगी जी मुख्यमंत्री उत्तर से आशीर्वाद प्राप्त किया ।

# समाजसेवी के सहयोग से गोड़ीबाबा गाँव में बाँदा रोटी बैंक टीम के द्वारा गरम कपड़ों और कम्बल का किया गया वृहद वितरण

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता

आज दिनाँक 12/01/2025 दिन रविवार को जनाब शेख़ सादी जमा साहब के संरक्षण में, श्री चंद्रमौलि भारद्वाज सह संरक्षक के संरक्षण में सुनील सक्सेना संगठन मंत्री बाँदा रोटी बैंक की अध्यक्षता में रिज़्वान अली अध्यक्ष बाँदा रोटी बैंक के संचालन में मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी बाँदा रोटी बैंक के नेतृत्व में पूर्व ग्राम प्रधान ग्राम गोड़ीबाबा श्री मूलचन्द निषाद जी की उपस्थिति में जनाब फ़रहत खान संचालक होटल कम्फर्ट इन के द्वारा दिये गए लगभग 20 कम्बल और शहर के जागरूक लोगों के द्वारा दिये गए गरम कपड़ों का वितरण ग्राम गोड़ीबाबा ब्लॉक बड़ोखर बाँदा के ग्रामीणों



को किया गया।तथा साथ ही बाँदा रोटी बैंक टीम के द्वारा गोड़ीबाबा के ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।इस सर्दी के मौसम में गरम कपड़े और कम्बल पाकर ग्रामीणों में खुशी दिखाई दी।उक्त सामान पाकर ग्रामीणों ने बाँदा रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद और दुआओं से नवाज़ा।इस कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारियों, सदस्यों तथा समाजसेवियों ने अपना सहयोग एवं सेवा प्रदान की। इरफ़ान खान कोषाध्यक्ष, मोहम्मद हामिद शाखा प्रमुख गूलर नाका, इरफ़ान खान चाँद शाखा प्रमुख खाईपार, अलीमुददीन, नेमकुमार रज्जू समाजसेवी, राकेश निषाद क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम गोड़ीबाबा आदि।

# अशोक लाट में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि मनाई गई

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता

बांदा के ऐतिहासिक अशोक लाट परिसर में आज भारत के दूसरे प्रधानमंत्री और सादगी के प्रतीक स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की प्रमुख नेत्री और प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने शास्त्री जी के आदर्शों और उनके योगदान को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। और सरकार से आग्रह किया कि भारत के दूसरे प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के पद चिन्हों पर चलने की जरूरत है खाना पड़ेगा आपको किसानों के लिए सरकार को देश की जनता खुशहाल इस मौके पर जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष नीरज सिंह, नरैनी ब्लॉक अध्यक्ष लालू



सिंह, और प्रमुख समाजसेवियों में नवीन वर्मा, विष्णु वर्मा, भैया राम, जितेंद्र सिंह खंगार, बलराम यादव, राहुल द्विवेदी, और रजनी द्विवेदी समेत दो दर्जन से अधिक जेडीयू कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित रहे। शालिनी सिंह पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा देकर देश को एक नई दिशा दी। उन्होंने अपने जीवन में सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की। उनका जीवन हर नागरिक के लिए प्रेरणादायक है। जिला उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा, आज हमें शास्त्री जी की नीतियों और उनके आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने जिस तरह से देश की सेवा की, वह हर भारतीय के लिए एक प्रेरणा है। इस अवसर पर उपस्थित अन्य समाजसेवियों ने भी स्वर्गीय शास्त्री जी को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन शास्त्री जी के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक किस्सों और राष्ट्रहित में उनके योगदान को याद करते हुए हुआ। सभी ने एक स्वर में कहा कि देश की प्रगति और एकता के लिए शास्त्री जी के बताए गए मार्ग को अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता अभियान भी और वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया देश के सभी जनता को वृक्षारोपण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

# गांव का ही व्यक्ति अपने पड़ोसी का उजाड़ा घर, पत्नी महिला होने का उठा रही नाजायज फायदा

लाल बहादुर सिंह

मामला मध्य प्रदेश सिंगरौली जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम सुकहर से है, जहां गांव का ही व्यक्ति अपने पड़ोसी का घर उजाड़ने एवं पत्नी अपने नाजायज दोस्तों के सलाह पर महिला होने का नाजायज फायदा उठाते हुए पति को प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है, प्राप्त जानकारी अनुसार पीड़ित ने बताया कि, मेरी पत्नी अमरकली भारती महिला होने का नाजायज फायदा उठाते हुए गांव के ही जीतलाल साकेत के साथ प्रेम प्रसंग सहित नाजायज संबंध बनाती है, और अपने नाजायज दोस्तों के सलाह पर मेरे ऊपर कई बार झूठा रिपोर्ट भी दर्ज कर चुकी है। गत वर्ष 15 जून 2024 को समय दोपहर लगभग 2.00 बजे गांव के ही जीतलाल साकेत के साथ सुनें घर में दोनों आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े भी गए थे, लेकिन मैंने बड़े बुजुर्गों






की समझाइए एवं लोक लज्जा और अपनी प्रतिष्ठा के चलते कहीं रिपोर्ट नहीं किया।

इसके बाद मेरी पत्नी अमरकली भारती घर में किसी से बताएं बिना अपने मायके भाग गई, जिसके बाद अपने नाजायज दोस्तों के सलाह पर महिला होने का नाजायज फायदा उठाते हुए स्वयं अपने बदन का कपड़ा फाड़ कर मेरे ऊपर मारपीट प्रताड़ना सहित लज्जा भंग करने का झूठा आरोप लगाते हुए रिपोर्ट की थी। जिसके झूठा रिपोर्ट में तत्कालीन थाना प्रभारी कार्यवाही करते हुए मेरे ऊपर धारा 151 कायम कर न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया, जमानत होने के बाद मेरी पत्नी अमरकली भारती लगातार महिला होने का नाजायज फायदा उठाते हुए मुझे जान से खत्म करा देने की धमकी दे रही है, मुझे पूरा विश्वास है कि मेरी पत्नी अपने नाजायज दोस्तों से मेरी हत्या कर देगी अभी हाल में ही चितरंगी थाने के कसदा गांव में इस तरह की घटना सामने आई थी जिस बात को लेकर मैं बहुत ठरा सहमा हूं। पीड़ित ने बताया कि, मेरी पत्नी अमरकली भारती मुझे लगातार महिला होने का नाजायज फायदा उठाते हुए मेरे ऊपर झूठा रिपोर्ट दर्ज कर आर्थिक नुकसान पहुंचते हुए शारीरिक मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है पुलिस भी महिलाओं की ही सुनती है।

इस संबंध में मेरे द्वारा दिनांक 10 जनवरी 2025 को चितरंगी थाने में लिखित शिकायत की गई लेकिन आज दिनांक तक मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई, सवाल यह है कि क्या कानून सिर्फ महिलाओं के लिए है। अब देखना यह होगा कि, खबर चलने के बाद चितरंगी पुलिस द्वारा कोई एक्शन लिया जाता है, या फिर बड़ी घटना के इंतजार में अपराधियों को खुला छोड़ दिया जाता है।

**इनका कहना है :-**

थाना प्रभारी सुरेन्द्र यादव के मोबाइल नंबर 9340259166पर फोन कर इस सम्बंध में जानकारी चाही गई तो श्री यादव ने बताया कि जांच की जा रही है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**सुरेन्द्र यादव थाना प्रभारी चितरंगी**